


■ दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किए आसान-12



■ सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला-12



■ सिनेमा में असाधारण योगदान के लिए अमोल पालेकर को मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-13



■ टी-20 विश्वकप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई-14

आज का मौसम
$32.0^0$ अधिकतम तापमान
$19.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.28
सूर्यास्त 06.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी 04:19 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 11 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 14, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# ईरान बोला- नहीं रोकेंगे युद्ध, ट्रंप की धमकी होर्मुज स्ट्रेट बंद किया तो करेंगे बड़े हमले

## इजराइल और खाड़ी देशों पर ईरान ने बरसायीं मिसाइलें, कहा-होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरने देंगे टैंकर

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह देश का एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा, साथ ही कहा, जो भी देश इजराइल-अमेरिका के राजदूतों बाहर निकालेगा उनके जहाजों को वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देगा। ईरान ने कहा कि वह युद्धविराम नहीं चाहता, बल्कि हमलावरों को कड़ा जवाब देगा। ईरान के इस आक्रामक रुख का जवाब देते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान तेल के प्रवाह को रोकने के लिए यदि कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका पहले से 20 गुना तेज हमले करेगा।

अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाएगा जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ईरान के लिए दोबारा देश को खड़ा करना लगभग असंभव हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ऐसी स्थिति में मौत और तबाही देखने को मिलेगी, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी नौबत न आए।

ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया जिसमें 29 वर्षीय एक महिला मारी गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन को नष्ट कर दिया, जबकि कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बाद में सुबह के समय, यरूशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इस बीच, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा हम अभी संघर्षविराम के पक्ष में नहीं हैं।


तेहरान में तेल के कुएं में विस्फोट के बाद धधकती आग।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बात की ईरान और यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा हुई



**मॉस्को।** राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों के कारण वैश्विक ऊर्जा व्यवधान उत्पन्न हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत। चर्चा ईरान संघर्ष और यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से मॉस्को, वाशिंगटन और कीव के बीच चल रही त्रिपक्षीय वार्ता पर केंद्रित थी। राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान में जारी संघर्ष को लेकर भी अपने विचार साझा किए और ट्रंप को खाड़ी देशों के नेताओं और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ पिछले सप्ताह हुई अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति द्वारा ऊर्जा अधिकारियों की एक शीर्ष बैठक बुलाने और यह घोषणा करने के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने पुतिन को फोन किया कि मॉस्को अपने मित्र देशों (भारत और चीन) के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है और यदि यूरोपीय संघ प्रतिबंध हटाने को तैयार है तो रूस दीर्घकालिक आधार पर आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक तेल और गैस प्रवाह में गंभीर रूप से बाधा उत्पन्न होने का खतरा है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद होने से।

### ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने ट्रंप को दी धमकी- कहीं आपका सफाया न हो जाए

**दुबई।** ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दी है। लारिजानी ने लिखा, ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए। अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। बता दें कि ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर बीस गुना अधिक भीषण हमला करेंगे।

**बिरला के खिलाफ 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, रीजीजू बोले- उन्होंने पक्षपात नहीं किया**

# विपक्ष ने बिरला को हटाने के लिए लोकसभा में संकल्प किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए एक संकल्प मंगलवार को सदन में पेश किया। जिसके समर्थन में 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इस संकल्प को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। संकल्प पेश किए जाने से पहले एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ओम बिरला ने जगदंबिका पाल की नियुक्ति की है, ऐसे में पाल पीठासीन सभापति की भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकते।

कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने ओवैसी की बात का वस्तुतः समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है। पाल ने कहा कि अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं है और ऐसे में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जाना चाहिए। कहा कि अध्यक्ष बिरला ने कभी किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। कहा, विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं, हम मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं।



### रीजीजू का राहुल पर तंज, प्रियंका नेता प्रतिपक्ष होती तो अच्छा होता

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया और तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो परफॉरमेंस शायद थोड़ा अच्छा होता।

### एसआईआर के मुद्दे पर रास में विपक्ष का हंगामा नड्डा ने कहा- विपक्ष का आचरण निंदनीय

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूचियों के एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए, जिसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है और उसका यह आचरण निंदनीय है। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद जब शून्यकाल शुरू करने के लिए कहा, तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। आसन की अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग सदस्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल सदन के नेता ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा हुई थी। लेकिन एसआईआर पर चर्चा की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

**न्यूज ब्रीफ**

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं ताकि कंपनी को मजबूत किया जा सके।

### दिल्ली में हर 2 घंटे में छीना जाता है एक मोबाइल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनवरी, 2024 से इस साल 15 फरवरी के बीच 9,460 मोबाइल फोन छीने गए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को यह आंकड़ा प्रस्तुत किया। आंकड़ों से पता चलता है कि 776 दिनों में हर दो घंटे में एक फोन छीने जाने की सूचना मिली। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, जैसा कि दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट किया गया है, जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2026 की अवधि के दौरान, फोन छीनने के कुल मामले और दर्ज की गई प्राथमिकी क्रमशः 9,460 और 9,436 हैं।

# बजट सत्र के दूसरे दिन सड़क से सदन तक हंगामा, कई अहम विधेयक पेश

● सदन में चर्चा को लेकर विपक्षी सदस्य वेल तक पहुंचे

प्रमुख संवाददाता, भराड़ीसैंण

**अमृत विचारः** भराड़ीसैंण विधानसभा में बजट सत्र का दूसरे दिन हंगामे के नाम रहा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की विधानसभा कूच के दौरान पुलिस से तीखी झड़प हुई तो सदन के अंदर चर्चा को लेकर कांग्रेसी सदस्य विरोध में वेल में पहुंच गए और नारेबाजी की। काफी अपील के बाद भी हंगामा जारी रहने पर विस अध्यक्ष सत्र को कुछ देर के लिए स्थगित कर वहां से चली गईं। हालांकि इससे पूर्व ही एक दर्जन से ज्यादा अहम विधेयक सदन में पेश कर दिए गए।

सत्र के दूसरे दिन नेता सदन पुष्कर सिंह धामी सहित भाजपा और विपक्षी सदस्यों ने दिवंगत विधायक दिवाकर भट्ट, राजेश जुवांठा और बलवीर सिंह नेगी को भावनात्मक रूप से स्मरण कर अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद प्रश्न काल चला। कामकाज के बीच यूसीसी उत्तराखंड (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड माल और सेवाकर (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड कारागार व सुधारात्मक सेवाएं (संशोधन) विधेयक, जन विश्वास उपबंधों पर (संशोधन) विधेयक, दुकान व स्थापन (रोजगार विनियमन और सेवा शर्त) संशोधन विधेयक, उत्तराखंड उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, भाषा संस्थान (संशोधन) विधेयक, देवभूमि परिवार विधेयक, अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, निजी विवि (संशोधन) विधेयक, सार्वजनिक द्यूत रोकथाम विधेयक को सदन में पेश किया गया। उधर, सदन में हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि, यह बड़ी चिंताजनक बात है कि विपक्ष के विधायकों द्वारा दी गई सूचनाओं को भी ग्राह्य रूप में स्वीकार नहीं किया जा रहा है। जब विपक्ष के विधायकों द्वारा नियमों के तहत सूचनाएं दी जाती हैं, तो उनका उद्देश्य यही होता है कि प्रदेश के महत्वपूर्ण विषयों पर सदन में चर्चा हो सके लेकिन यदि उन सूचनाओं को ही स्वीकार नहीं किया जाएगा, तो फिर विपक्ष अपनी भूमिका किस प्रकार निभाएगा। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने आरोपों को गलत बताया। सदन की कार्यवाही देर शाम तक चली और बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया गया।


बजट सत्र के दौरान वेल में आकर हंगामा करते विपक्ष के सदस्य।

# एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी को प्राथमिकता

● निर्बाध आपूर्ति के लिए सरकार ने गैस आवंटन में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है। इसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को मिलने वाली गैस प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। होर्मुज से टैंकर की आवाजाही रुकने से पश्चिम एशिया से आने वाली छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। बची हुई एलएनजी को नए सिरे से प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया गया है ताकि मांग का 100%, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की 80% और उर्वरक इकाइयों की 70 प्रतिशत जरूरत पूरी की जा सके।

## प्रधानमंत्री ने उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने के लिए मंत्रियों को समन्वय का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की और यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने को कहा कि उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमत पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर न झेलना पड़े। सूत्रों ने बताया कि मोदी सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों का सीधा असर न भुगतना पड़े, क्योंकि भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयातक है।

# केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की बढ़ाई अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बैठक के दौरान छह बड़े फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फैसलों में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का फैसला लिया गया। साथ ही चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियम सरल किए हैं।

इसके अतिरिक्त मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना, पश्चिम बंगाल में संतरागाछी से खड़गपुर तक चौथी रेलवे लाइन बनाना, सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन, मध्य प्रदेश में बदनावर-थांदला-टिमरवानी हाईवे को चार लेन का बनाना और जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद की तरफ से जोड़ना शामिल है। वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इस परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के सभी घरों में नल के माध्यम से साफ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

(संबंधित समाचार करोबार पेज पर)

**मंत्रिमंडल के अहम फैसले**



● चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियमों को सरल बनाया

### जेवर एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर की हाई स्पीड कनेक्टिविटी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में जल्द शुरू होने वाले जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सड़क संपर्क विकसित करने को 3,630.77 करोड़ रुपये की कुल संशोधित पूंजीगत लागत को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 31.42 किलोमीटर लंबी यह प्रस्तावित परियोजना और इसका गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से हवाई अड्डे तक सीधा और तीव्रगामी संपर्क प्रदान करेगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आर्थिक विकास और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

# केंद्र सरकार से उत्तराखंड को 264.50 करोड़ की विशेष सहायता स्वीकृत

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य को शहरी भूमि एवं नियोजन सुधारों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2025-26 के अंतर्गत उत्तराखंड को 264.50 करोड़ रुपये की विशेष सहायता (ऋण) स्वीकृत की गई है।

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अनुशंसा के आधार पर यह राशि राज्य सरकार को प्रदान की गई है। उत्तराखंड सरकार ने इस प्रोत्साहन राशि के लिए पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसे स्वीकार करते हुए सक्षम प्राधिकारी ने राज्य को यह सहायता उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी है। यह राशि राज्य में प्रस्तावित विभिन्न पूंजीगत परियोजनाओं के लिए प्रदान की गई है, जिससे शहरी विकास, भूमि प्रबंधन और नियोजन सुधारों को गति मिलेगी। केंद्र सरकार द्वारा यह पूरी राशि एकमुश्त किस्त में राज्य को जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्यों के बुनियादी ढांचे के विकास को निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है। यह वित्तीय सहायता उत्तराखंड में योजनाबद्ध शहरी विकास, आधुनिक भूमि प्रबंधन प्रणाली और मजबूत आधारभूत ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में बेहतर नियोजन, सुव्यवस्थित विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



● मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार

**अहम सुनवाई** — शरिया कानून के प्रावधानों को रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया, सरकार फैसला करे

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को एक बहुत अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा? न्यायमूर्ति बागची ने कहा, भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है? सीजेआई ने कहा, इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता। न्यायमूर्ति बागची ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। इस अदालत ने बार-बार विधायिका से यह सिफारिश की है कि वह समान नागरिक संहिता लागू करे।



**पीठ की टिप्पणी**

आप कुछ तैयारी करें तथा कुछ और संदर्भ एवं वैकल्पिक उपाय के साथ आएं। यदि कुछ असंतुष्ट मुस्लिम महिलाएं सामने आती हैं, जो 1937 के अधिनियम से बाहर निकलना चाहती हैं, तो न्यायिक हस्तक्षेप उचित होगा।

● कहा- कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की आशंका

स्टेट ब्रीफ

### परिवहन एमडी को अवमानना नोटिस

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने राज्य परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पक्ष में दिए गए पूर्व के आदेश का अनुपालन न करने पर कड़ा रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की पीठ ने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए आगामी 4 मई की तिथि निर्धारित की गई है। मामले में सेवानिवृत्त कर्मचारी समेत अन्य ने अवमानना याचिका दायर कर कहा कि हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है और उनके देयकों का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

### एचएमटी मामले में सुनवाई टली

**नैनीताल :** हाईकोर्ट में हिंदुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी) कामगार संघ की ओर से दायर 37 अपीलों पर मंगलवार को सुनवाई नहीं हो पायी। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में इन अपीलों पर सुनवाई होनी थी। एचएमटी कामगार संघ की ओर से एकलपीठ के आदेश को इन अपीलों के माध्यम से चुनौती दी गई है। केंद्र सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद पेश हुईं और उन्होंने अदालत से समय की मांग की। अदालत ने उनकी मांग को स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई हेतु 25 मार्च की तिथि नियत कर दी।

### 1296 ने वन्यजीवों के हमलों में जान गंवाई

**गैरसैंण :** करीब ढाई दशक पहले उत्तराखंड बनने के बाद से इस साल जनवरी के आखिर तक प्रदेश में जंगली जानवरों के हमले में करीब 1,296 लोगों की मौत हुई है। सदन में भाजपा विधायक ब्रज भूषण गैरोला के सवाल के जवाब में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि 25 साल की इस अवधि में 6,624 अन्य लोग जख्मी हुए। सरकार मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जिनमें वन प्रभाग स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया दल का गठन, विभागीय कर्मचारियों की लगातार गश्त, पिंजरे और 'ट्रैंकुलाइजर' के जरिए जानवरों को पकड़ना, लोगों को जागरूक करना, गांवों के आसपास झाडियां काटा जाना, 'बायो फेंसिंग' और वन्यजीवों के ठिकानों के संरक्षण के प्रयास करना शामिल हैं।

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भराड़ीसैंण में अग्निवीर कैडेट्स के साथ किया संवाद, सहजता से दिए जवाब, बोले- सेना हो रही लगातार आधुनिक**

# अग्निवीरों के भविष्य की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता, भराड़ीसैंण


भराड़ीसैंण में अग्निवीरों के साथ संवाद करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को भराड़ीसैंण में अग्निवीर सैनिकों के रूप में भर्ती होने वाले कैडेट्स के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान कैडेट्स ने मुख्यमंत्री से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका मुख्यमंत्री ने सहजता से उत्तर दिया।

इस अवसर पर अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सैनिक सीमांत और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में कठिन परिस्थितियों में देश की सेवा करते हैं। देवभूमि उत्तराखंड की विशेषता है कि यहां लगभग हर परिवार से कोई न कोई सदस्य सेना या अर्द्धसैन्य बलों में सेवाएं दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना तेजी से आत्मनिर्भर बन रही है। रक्षा क्षेत्र में भारत का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है और भारतीय सेना वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और सक्षम सेना के रूप में स्थापित हुई है। सेना में निरंतर आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सैनिकों और पूर्व सैनिकों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

## सीएम धामी से संवाद के अंश

**प्रश्न-सैनिक पुत्र होने के कारण आपने सैनिकों के जीवन और गतिविधियों को नजदीक से देखा है, क्या आपका मन सेना में जाने का नहीं हुआ? -शंकर सिंह राणा**

**सीएम**-सेना में जाना अन्य सेवाओं की अपेक्षा अत्यंत सम्माननीय माना जाता है। मैं अपने जीवन को भी एक सैनिक के जीवन की तरह अनुशासित और समर्पित मानकर कार्य करता हूं। अपने पिताजी के साथ रहते हुए मैंने सेना के अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को करीब से देखा है। जिस प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ हमारे सैनिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, उसी भावना से मैं प्रदेश के मुख्य सेवक के रूप में उत्तराखंड की देवतुल्य जनता की सेवा करने का प्रयास करता हूं।

**प्रश्न- प्रदेश के मुखिया होने के नाते आप अपने परिवार को कैसे समय दे पाते हैं? -हिमांशु रौतेला**

**सीएम**-जब कोई व्यक्ति राजनीतिक और सामाजिक जीवन में सक्रिय होता है तो उसकी जिम्मेदारियां बहुत बढ़ जाती हैं। प्रदेश के मुख्य सेवक के रूप में प्रदेश के सभी लोग उनका परिवार हैं और सभी गांव उनके अपने गांव हैं।

**प्रश्न-जब हम अग्निवीर के रूप में अपनी सेवा पूरी कर वापस आएंगे, उसके बाद सरकार हमारे रोजगार के लिए क्या व्यवस्था कर रही है?- ओपी कंडारी**

**सीएम**-राज्य सरकार ने वर्दीधारी पदों पर अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार द्वारा भी अनेक क्षेत्रों में अग्निवीरों को अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। हर अग्निवीर के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

**प्रश्न : आपकी पहचान धाकड़ ''धामी'' के रूप में क्यों बनी? -रितेश पंवार**

**सीएम**- एक जनप्रतिनिधि का व्यवहार जनता के साथ सदैव सौम्य होना चाहिए। हालांकि राज्यहित और जनहित में कई बार कठोर और साहसिक निर्णय लेने पड़ते हैं। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है तथा दंगा रोधी कानून भी लागू किया गया है। पिछले चार वर्षों में राज्य सरकार ने जन अपेक्षाओं और प्रदेशहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

**प्रश्न-आपके चेहरे पर हमेशा मुस्कान का क्या राज है? - अमन सेमवाल**

**सीएम**-मुझे कार्य करने की ऊर्जा और प्रेरणा प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से मिलती है। सरकार जन अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आज अनेक क्षेत्रों में उत्तराखंड देश में अग्रणी स्थान पर है।

# देवभूमि परिवार की आईडी में परिवार की वरिष्ठतम महिला सदस्य मुखिया

**भराड़ीसैंण विधानसभा में पेश किया गया देवभूमि परिवार विधेयक-2026**

प्रमुख संवाददाता, भराड़ीसैंण

- **कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा, पारदर्शिता से मिलेगी सहायता**




'देवभूमि परिवार विधेयक-2026' सुशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और उत्तराखंड के नागरिकों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा।
**- पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

**अमृत विचार:** कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक पारदर्शी तरीके से सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने मंगलवार को 'देवभूमि परिवार विधेयक-2026' को सदन के पटल पर प्रस्तुत किया।

इस विधेयक के कानून बन जाने पर प्रदेश में एकीकृत और सत्यापित परिवार-आधारित डेटाबेस 'देवभूमि परिवार' की स्थापना हो सकेगी। विधेयक का उद्देश्य विभिन्न विभागों में बिखरे लाभार्थी डेटा को एक मंच पर लाकर योजनाओं के संचालन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समन्वित बनाना है। देवभूमि परिवार आईडी में मुखिया के तौर पर परिवार की 18 वर्ष से अधिक आयु की वरिष्ठतम महिला सदस्य का नाम दर्ज होगा। वर्तमान में राज्य के अलग-अलग विभाग अपनी-अपनी योजनाओं के लिए अलग लाभार्थी डेटाबेस का उपयोग करते हैं। इसके कारण कई बार लाभार्थी आंकड़ों का दोहराव, पुनः सत्यापन की जटिल प्रक्रियाएं और विभागों के बीच समन्वय की कमी जैसी समस्याएं सामने आती हैं। इससे न केवल प्रशासनिक संसाधनों पर अतिरिक्त भार पड़ता है, बल्कि योजनाओं के आकलन और प्रभावी क्रियान्वयन में भी बाधाएं उत्पन्न होती हैं।

अब इस विधेयक के माध्यम से राज्य में एक एकीकृत परिवार-स्तरीय डेटा भंडार स्थापित किया जाएगा, जो विभिन्न विभागों और एजेंसियों के लिए लाभार्थी संबंधी सूचनाओं का एक विश्वसनीय स्रोत (सिंगल सोर्स ऑफ ट्रूथ) के रूप में कार्य करेगा। इससे योजनाओं का बेहतर लक्ष्योन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा और जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी सहायता अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगी। इस डेटा प्रणाली के प्रभावी प्रबंधन, संरक्षण और संरचनात्मक सुधारों के लिए एक उपयुक्त संस्थागत तंत्र का भी गठन होगा। प्रस्तावित व्यवस्था के अंतर्गत विभागों के बीच सुरक्षित और विनियमित डेटा आदान-प्रदान की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी, जिससे योजनाओं के बेहतर लक्षित वितरण और समन्वय को मजबूती मिलेगी। यह पूरी व्यवस्था डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 (DPDP Act 2023) के प्रावधानों के अनुरूप संचालित की जाएगी, ताकि नागरिकों के डेटा का उपयोग सहमति, पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ सुनिश्चित किया जा सके।

# भाजपा सरकार ने बनाए 4 साल में 800 से ज्यादा पंचायत भवन

मुख्य संवाददाता, गैरसैंण




- **7000 किमी से अधिक सड़कें हुईं गड्ढा मुक्त प्रदेश में, विभागीय मंत्री सतपाल महाराज ने दी सदन में जानकारी**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूसरे कार्यकाल के बीते चार साल में प्रदेश में 819 पंचायत भवनों का निर्माण-पुनर्निर्माण किया गया है।

प्रदेश में पंचायत भवनों की संख्या 5867 है। इसमें से 1134 पंचायत भवन लंबे समय से जीर्णशीर्ण चल रहे थे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायती राज विभाग को अभियान चलाकर जीर्ण- शीर्ण भवनों का पुनर्निर्माण करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद गत चार वर्ष में विभाग ने 819 पंचायत भवनों का निर्माण-पुनर्निर्माण कर लिया है। शेष भवनों पर भी कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को विभागीय मंत्री सतपाल महाराज ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी सदन के सामने रखी।

इसके साथ ही, प्रदेश में लोकनिर्माण विभाग नवंबर के प्रथम सप्ताह तक सात हजार से अधिक किमी सडकों को गड्ढा मुक्त कर चुका है।

सदन में विभाग की ओर से प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त निर्देशों के क्रम में विभाग ने वर्ष 2025-26 में मानसून काल से पूर्व 3134 किमी लंबी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जबकि मानसून के बाद 10 नवंबर 2025 तक 4149.17 किमी लंबी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया। इस दौरान अकेले हरिद्वार जनपद में 313 किमी से अधिक लंबी सड़कों को गड्ढामुक्त किया गया।

### रोपवे परियोजनाओं पर काम तेज

प्रदेश में विभिन्न तीर्थ स्थलों को रोपवे से जोड़ने की प्रक्रिया गतिमान है। पर्यटन मंत्री ने विधानसभा में बताया कि विभाग ने कद्दूखाल से सुरकंडा देवी मंदिर के लिए पीपीपी मोड़ में रोपवे का संचालन शुरु कर दिया है। इसके अलावा, जनपद चम्पावत में ठुलीगाड़ से पूर्णागिरी रोपवे भी पीपीपी मोड में निर्माणाधीन है। साथ ही, जनपद उत्तरकाशी में जानकी चट्टी से यमुनोत्री मंदिर तक के लिए भी रोपवे पीपीपी मोड में विकसित किया जा रहा है। साथ ही साथ, गौरीकुंड से केदारनाथ धाम, गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब के लिए भी रोपवे निर्माण की प्रक्रिया गतिमान है।

# 1 साल में खरीदा 5 करोड़ का पिरूल

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**10** लाख का सामूहिक बीमा, फायर वाचर्स को सुरक्षा कवच

**30** हजार की प्रोत्साहन राशि प्रधानों की अध्यक्षता में कमेटी

**अमृत विचार:** प्रदेश में वनाग्नि को रोकने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिन गंभीर प्रयासों को शुरू किया गया है, उनसे सार्थक परिणामों की उम्मीदें बढ़ रही हैं। सरकार ने वन विभाग के माध्यम से एक वर्ष के भीतर ग्रामीणों से पांच करोड़ 42 लाख रुपए का पिरूल खरीदा है। बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने सदन में यह जानकारी साझा की।

चीड़ के जंगलों में आग लगने के मूल कारण को खत्म करने के लिए ग्रामीणों से वर्ष 2025 में 5532 टन पिरूल खरीदा गया है। इस लक्ष्य को अब बढ़ाकर 8555 टन कर दिया गया है। सरकार की ये ही मंशा है कि पिरुल एकत्रित कर आग की आशंका को न्यूनतम स्तर पर पहुंचा दिया जाए।

वनाग्नि को रोकने के लिए धामी सरकार के प्रयासों में जनजागरूकता पर भी फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 1239 जागरूकता कैंप लगाए गए हैं। सबसे अहम काम सरकार ने यह किया है कि ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में फॉरेस्ट फायर मैनेजमेंट कमेटी गठित की है, जो विभाग के साथ मिलकर जंगल बचाने में जुट रही हैं। इसके लिए संबंधित ग्राम पंचायत को 30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।

### फायर वाचर्स की धामी सरकार ने की चिंता

वनाग्नि के दौरान फायर वाचर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए धामी सरकार ने पहली बार बीमे का सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया है। फायर वाचर्स का दस लाख रुपए का सामूहिक बीमा किया गया है। 5600 फायर वाचर्स ने पिछले वर्ष वनाग्नि रोकने में अपना योगदान दिया था।

### पूर्व उपनल कर्मियों को 289.98 करोड़ की व्यवस्था

**देहरादून :** उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में पूर्व उपनल कर्मियों को 'समान कार्य के लिए समान वेतन' उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजट में इस मद के लिए 289 करोड़ 98 लाख 29 हजार रुपये की राशि का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों और श्रमिकों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। पूर्व उपनल कर्मियों ने विभिन्न विभागों में लंबे समय तक महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं और उनके हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ राज्य सरकार ने समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था को लागू करने हेतु बजट में पर्याप्त धनराशि सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय सरकार की समावेशी और संवेदनशील शासन व्यवस्था का प्रतीक है। सरकार लगातार कर्मचारियों के कल्याण, प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्रदेश में पारदर्शी व उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि

मुख्य संवाददाता, भराड़ीसैंण



- **नेता सदन पुष्कर सिंह धामी सहित सत्ता-विपक्ष के सदस्यों ने साझा किए विचार**

**अमृत विचार:** भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में बजट सत्र के दूसरे दिन दिवंगत विधायक दिवाकर भट्ट, राजेश जुवांठा और बलवीर सिंह नेगी को भावनात्मक रूप से स्मरण किया गया।

इन तीनों के प्रति भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य दलों के विधायकों के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने अपने अनुभव साझा किए। नेता सदन पुष्कर सिंह धामी ने देवप्रयाग के पूर्व विधायक दिवंगत दिवाकर भट्ट को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका संघर्षशील व्यक्तित्व और निर्भीक नेतृत्व उत्तराखंड की जन राजनीति की सशक्त पहचान रहा है। साधारण परिवार में जन्म लेने के बावजूद भट्ट ने अपने विचारों, संघर्ष और नेतृत्व से प्रदेश की राजनीति में विशिष्ट स्थान बनाया। उत्तराखंड की राजनीति में उन्हें 'फील्ड मार्शल' के नाम से जाना जाता था, जो उनके दृढ़ और संघर्षशील नेतृत्व का परिचायक था। वर्ष 1995 का श्रीयंत्र टापू आंदोलन और खैट पर्वत पर किया गया उनका अनशन राज्य आंदोलन के इतिहास में आज भी याद किया जाता है। पुरोला के पूर्व विधायक दिवंगत राजेश जुवांठा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेता सदन ने राज्य के राजनीतिक और सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि जुवांठा एक युवा, ऊर्जावान और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि थे। उन्होंने टिहरी के पूर्व विधायक दिवंगत बलवीर सिंह नेगी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को राजनीति और सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। नेगी का पूरा जीवन जनसेवा, सादगी और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा।

### सीएम योगी की माता पर अभद्र टिप्पणी, तहरीर

**देहरादून :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ की माता के खिलाफ सोशल मीडिया/सार्वजनिक मंच पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर आक्रोश बढ़ रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को यमकेश्वर, स्वर्गाश्रम निवासी डॉ. सुनीता बौड़ाई विद्यार्थी ने थाना अध्यक्ष, लक्ष्मण झूला को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, तथाकथित मौलाना अब्दुल्ला सलीम नामक व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री योगी की वृद्ध माता के विरुद्ध बेहद आपत्तिजनक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। पुलिस-प्रशासन से असामाजिक तत्वों की तुरंत गिरफ्तारी और ऐसे तत्वों पर रोक लगाने की मांग की गई।


विधानसभा कूच के दौरान बेरिकैड पर चढ़कर धरना देते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता।

# कांग्रेस ने किया विस कूच बैरियर पर चढ़कर धरना

संवाददाता, गैरसैंण


**अमृत विचार:** कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा और स्थायी राजधानी गैरसैंण के मुद्दे को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भराड़ीसैंण विधानसभा को घेरने के लिए कूच किया।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, हरक सिंह रावत, ज्योति रौतेला सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस बल को वाटर कैनन का प्रयोग करना पड़ा।

जंगलचट्टी और दुपतोलासैंण बैरियर को गिराकर प्रदर्शनकारी मुख्य बैरियर दिवालीखाल पर पहुंच गए, जहां भी प्रदर्शनकारियों और पुलिस बल के बीच धक्कामुक्की और झड़प हुई। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं के साथ ही कार्यकर्ता बैरीकेड पर ही चढ़कर वहीं धरने पर बैठ गए। इस दौरान, पूर्व सीएम हरीश रावत ने इस दौरान भाजपा सरकार पर हमला बोला।

# बदरी-केदार में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक का प्रस्ताव पारित

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



- **बीकेटीसी की बैठक में 121 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट हुआ मंजूर**

**अमृत विचार:** श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की मंगलवार को राजधानी में आयोजित बजट बैठक में आगामी यात्रा सत्र 2026-27 को दृष्टिगत रखते हुए 121 करोड़ 7 लाख रुपये से अधिक का अनुमानित बजट पारित किया गया।

इसके साथ ही श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मंदिर में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाने सहित कई अहम प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट बैठक में श्री बदरीनाथ धाम के लिए 57 करोड़ तथा श्री केदारनाथ धाम के लिए 63 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया गया है। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि चारधाम यात्रा का अप्रैल माह में शुभारंभ हो रहा है आगामी यात्रा काल को ध्यान में रखकर बीकेटीसी ने बजट प्रावधान किये है। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल तथा श्री केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुल रहे है जबकि श्री गंगोत्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को खुलेंगे। बैठक का संचालन मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने किया।

### रूप छड़ी गायब होने के आरोप निराधार: रावल

सोशल मीडिया पर भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम की रूप छड़ी और मुकुट के गायब होने का भ्रम मंगलवार को धाम के रावल भीमाशंकर लिंग के स्पष्टीकरण के बाद समाप्त हो गया, जबकि इससे पहले सदन में धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने प्रकरण की जांच का आश्वासन दिया। रावल ने स्पष्टीकरण में कहा कि केदार पीठ ऊखीमठ वैराग्य पीठ है, जो चार युगों से चली आ रही परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। परंपरा के अनुसार धर्म प्रचार के लिए रावल को रूप छड़ी, मुकुट और अन्य धार्मिक सामग्री अपने साथ ले जाने का अधिकार है। इस वर्ष 5-12 फरवरी तक नांदेड़ में आयोजित शिव कथा और विश्व शांति यज्ञ कार्यक्रम में वे इन धार्मिक प्रतीकों के साथ सम्मिलित हुए थे। फरवरी माह में रूप छड़ी की विधिवत साधना के बाद इसे नियमानुसार जमा कर दिया गया है इसलिए सोशल मीडिया में रूप छड़ी के गायब होने की बातें पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं।

### वन्य जीवों से नुकसान पर मुआवजे का दायरा बढ़ा

**भराड़ीसैंण :** वन्य जीवों से होने वाले कई तरह के नुकसान पर अभी तक मुआवजे की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन धामी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेकर लोगों को राहत प्रदान की है। राहत देने के लिए सरकार के प्रयास अभी थमे नहीं हैं। अब सरकार भालुओं से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान को भी मुआवजे के दायरे में लाने की कोशिश में जुटी है। भालुओं से मकान-भवनों को होने वाले नुकसान पर धामी सरकार पहले ही मुआवजे की व्यवस्था कर चुकी है। सरकार ने अपने चार साल के कार्यकाल में वन्य जीवों से लोगों के नुकसान पर मुआवजे को लेकर गंभीरता दिखाई है। वन्य जीवों के हमले से मौत पर मिलने वाले मुआवजे को छह लाख रुपए करना बेहद अहम फैसला रहा है। पहले ऐसे मामलों में चार लाख मुआवजा दिया जा रहा था। इसी तरह, ततैया, मधुमक्खी के हमले में भी मुआवजे की सरकार ने व्यवस्था की है। बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि भालुओं के व्यवहार में आए परिवर्तन और इससे हो रहे नुकसान पर भी सरकार की निगाह है। इसलिए, भारतीय वन्य जीव संस्थान को इस विषय पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार जरूरी कदम उठाएगी।

# रामपुर तिराहा कांड से जुड़े मामले में निर्णय सुरक्षित

विधि संवाददाता, नैनीताल

- **उत्तराखंड हाईकोर्ट की एकलपीठ ने की अंतिम सुनवाई**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड राज्य की अस्मिता से जुड़े बहुचर्चित रामपुर तिराहा कांड (मुजफ्फरनगर कांड) के लंबित वादों की शीघ्र सुनवाई करने को लेकर दायर याचिका पर अंतिम सुनवाई के बाद मंगलवार को पुनः निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

राज्य आंदोलनकारी अधिवक्ता रमन शाह की याचिका पर न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में सुनवाई हुई। इससे पहले पीठ ने इसी मामले में पिछले साल 09 सितंबर, 2025 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था लेकिन 12 दिसंबर, 2025 को अदालत ने इसे आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया था।

इसी क्रम में मंगलवार को याचिकाकर्ता, सीबीआई और राज्य सरकार की ओर से अंतिम रूप से अपना पक्ष रखा गया। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता रमन साह ने बताया कि सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने निर्णय सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई में एकलपीठ ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार से मुजफ्फरनगर कांड से जुड़े सीबीआई कोर्ट में लंबित वादों की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा था। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुजफ्फरनगर कांड से जुड़े छह वाद देहरादून से मुजफ्फरनगर की सीबीआई अदालत को स्थानांतरित कर दिए गए हैं। दो मुकदमे विचाराधीन हैं जबकि दो वाद आरोपियों की मृत्यु के चलते शून्य हो गए हैं। दो मुकदमों से संबंधित फाइलें गायब हैं। इनमें मुजफ्फरनगर कांड के मुख्य आरोपी मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी अनंत कुमार सिंह से जुड़ा मामला भी शामिल है।

## सिटी ब्रीफ

### राशनिंग के जरिए बहाल की जाए होटलों को गैस आपूर्ति

**नैनीताल :** नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष का कहना है कि गैस सिलेंडर आपूर्ति बाधित होना बड़ा संकट है। होटलों में पर्यटकों के साथ बड़ी संख्या में स्टाफ भी होता है। उनके खाना बनाने के लिए गैस जरूरी है। यदि गैस की शॉर्टेज होती है तो राशनिंग से होटलों को गैस आपूर्ति कर समस्या को कुछ हद हल किया जा सकता है। बाकी विद्युत इंडक्सन और अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरणों से कुकिंग की जाएगी। कहा कि एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि होटलों को गैस आपूर्ति की जाएगी।

### कंप्यूटर विज्ञान में 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**रामनगर :** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाओं में आज इंटरमीडिएट में सैन्य विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान की परीक्षाएं संपन्न हुई। सैन्य विज्ञान में दो परीक्षार्थी, कंप्यूटर विज्ञान में 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राज्य में इंटर सैनिक विज्ञान में कुल 191 परीक्षा की पंजीकृत थे जिसमें से 189 ने परीक्षा दी। इसी प्रकार कंप्यूटर विज्ञान में राज्य में 510 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 497 परीक्षार्थी मौजूद रहे।

### वार्ड 37 में खोले गए निशुल्क बैंक खाते

**हल्द्वानी :** वार्ड नंबर 37 चौफला, दमुवाढूंगा में भाजपा नेता हृदयेश कुमार और उनकी माता पार्षद विद्या देवी जी सहयोग से यूसीसी विवाह पंजीकरण शिविर कैंप लगाया गया। कई लोगों के विवाह पंजीकरण कराए गए इसके अलावा आईडीबीआई बैंक की ओर से निशुल्क जीरो बैलेंस का बैंक खाता भी खोला गया। क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बताया कि आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### बीडीसी बैठक आज

**भीमताल :** भीमताल क्षेत्र पंचायत की बैठक आज बुधवार सवेरे 11 बजे विकासखंड सभागार में आयोजित होगी। इस बात की जानकारी देते हुए ब्लाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण जानकारी के साथ और जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की समस्याओं के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने एक तस्कर को 32.13 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के मुताबिक, पुलिस टीम ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान रिजवान अंसारी उर्फ मंत्री (35 वर्ष) निवासी इंद्रानगर, कोतवाली बनभूलपुरा को गोसिया मस्जिद के पीछे गली इंद्रानगर से दबोचा गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी व जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

## डीएम ने दी सख्त हिदायत- गैस एजेंसी करें नियमों का पालन, अधिकारी रोकें कालाबाजारी, घरेलू गैस भी तत्काल मिलना मुश्किल, प्रशासन सतर्क

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने का संज्ञान लेते हुए इसकी कालाबाजारी रोकने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबधित अफसरों को हिदायत दी कि इस तरह की आ रहीं शिकायतों पर कार्रवाई करें और उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस उपलब्ध करने के लिए गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाएं।

जिलाधिकारी ने इस बाबत एडीएम विवेक राय, नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी हल्द्वानी और सभी उप जिला अधिकारियों सहित जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये हैं। एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए लगातार छापे मारने के लिए कहा है। निर्देश हैं कि गैस एजेंसियां गोदाम में स्टॉक की स्थिति, एलपीजी सिलेंडर वितरण की स्थिति, सिलेंडरों के वितरण व्यवस्था में नियमों का पालन करेंगी। साथही एक और दूसरे सिलेंडर की डिलीवरी में दिनों का अंतराल होना भी आवश्यक है। एलपीजी सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से शहर का रेस्टोरेंट और होटल कारोबार बुरी तरह प्रभावित होगा। होटल-रेस्टोरेंट के साथ ही फास्ट फूड और अन्य प्रतिष्ठान चलाने वाले कारोबारियों के सामने प्रतिष्ठान बंद करने की स्थिति आ गई है। कई प्रतिष्ठानों के कारोबारियों ने मंगलवार को गैस कॉमर्शियल सिलेंडर की डिमांड की, लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाया। समस्या को लेकर प्रभावितों से अमृत विचार ने बातचीत की, तो उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी।



रसोई गैस संकट के बीच हल्द्वानी में लकड़ी जलाकर अण्डे उबालता एक दुकानदार।

### प्लांट से ही कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद

हल्द्वानी क्षेत्र में सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता कंपनी इंडेन को प्लांट से ही कॉमर्शियल सिलेंडर मिलना बंद हो गया है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव होटल-रेस्टोरेंट व्यवसायियों पर पड़ेगा। दरअसल, बोर्ड परीक्षाओं के बाद ही पर्यटन सीजन शुरू हो जाता है। पूरे साल होटल-रेस्टोरेंट कारोबारी इसका इंतजार करते हैं। होटल कारोबारियों का कहना है कि उनके पास कुछ ही दिन के सिलेंडर बचे हैं और अगर यही हाल रहे तो जल्द ही होटल और रेस्टोरेंट बंद होना शुरू हो जाएंगे। पूर्ति विभाग के निरीक्षक राहुल डांगी ने भी कॉमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत होने की पुष्टि करते हुए बताया कि फिलहाल सप्लाई रोकी गई है। स्थिति कब बहाल होगी अभी नहीं कहा जा सकता। उधर, भारत गैस एजेंसी का भी यही हाल है।

"कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कार्रवाई प्रभावित हो गई है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सिलेंडरों की अवैध कालाबाजारी करने वालों पर नजर रखी जाएगी। **-मनोज बर्मन**, जिला पूर्ति अधिकारी, नैनीताल

### घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के दिन बढ़ाए

केंद्र से ही घरेलू गैस सिलेंडर की तिथि को बढ़ा दिया गया है। पहले यह तिथि 15 दिनों की थी जो बढ़ाकर 21 और बाद में 25 दिन हो गई है। घरेलू गैस सिलेंडर तो जैसे-तैसे मिल रहे हैं लेकिन दिक्कत कर्मशियल गैस सिलेंडरों की है।

### कारोबारियों से बातचीत



"दो सिलेंडर की डिमांड की थी, लेकिन नहीं मिल सका। काम आधा कर दिया है। समस्या बढ़ते जा रही है। बचे हुए सिलेंडर से काम चलाना पड़ेगा। बुधवार से दुकान बंद करने की स्थिति है। **- कुंदन रावत**, फास्ट फूड कारोबारी



"सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से बुधवार से काम बंद करने के हालात हो गए हैं। शहर में होटल- रेस्टोरेंट व अन्य दुकानें बंद हो रही हैं। जिससे सभी का रोजगार प्रभावित होगा। **-राहुल गोस्वामी**, कारोबारी



"भोजनालय के लिए एक सिलेंडर की डिमांड की थी, लेकिन आपूर्ति कर्ता ने मना कर दिया। बुधवार के लिए दुकान में सिलेंडर नहीं है। रोजगार करना मुश्किल हो गया है। **- नीलेश भारद्वाज**, कारोबारी



"होटल में सात से आठ सिलेंडर खाली पड़े हैं। डिलीवरी बॉय ने अपने नंबर बंद कर दिया है। यदि ऐसा ही रहा तो होटल बंद करना पड़ेगा। जिसका फर्क उनके साथ ही होटल में काम करने वाले अन्य लोगों पर भी पड़ेगा। **- विकास पांडे**, होटल व्यवसायी



"गैस सिलेंडर की कमी के कारण कई प्रतिष्ठानों के सामने अपने संचालन को सुचारू रूप से चलाना मुश्किल हो सकता है, जिससे व्यवसायियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। संबंधित विभाग और गैस आपूर्ति से जुड़े अधिकारी कमर्शियल गैस सिलेंडरों की नियमित एवं पर्याप्त आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित करे ताकि होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय प्रभावित न हो और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। **-अखिलेश सेमवाल**, व्यापारी नेता व सह प्रभारी कुमाऊं मंडल

# रसोई गैस सिलेंडर की कीमत अधिक लेने पर भड़के लोग

संवाददाता, धानाचूली

- एचपी गैस एजेंसी ओखलकांडा के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** धानाचूली, धारी और पदमपुरी क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडरों की कीमत को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आरोप है कि गैस विक्रेता द्वारा निर्धारित दर से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार हाल ही में गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की वृद्धि हुई है, लेकिन क्षेत्र में गैस विक्रेता उपभोक्ताओं से 90 रुपये तक अतिरिक्त वसूली कर रहा है। इस प्रकार प्रति सिलेंडर लगभग 30 रुपये अधिक लिए जा रहे हैं। इससे लोगों में खासा आक्रोश है।

बताया जा रहा है कि रेट बढ़ने से पहले गैस सिलेंडर 873 रुपये में दिया जा रहा था, जबकि आज धानाचूली क्षेत्र में उपभोक्ताओं को वही सिलेंडर 1010 रुपये में भरवाना पड़ा। इससे उपभोक्ताओं में गैस एजेंसी के खिलाफ नाराजगी बढ़ गई है। मामले की जानकारी मिलने पर पूर्ति निरीक्षक दर्शन रावत ने उपभोक्ताओं से टेलीफोन पर बातचीत कर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गैस सिलेंडर पर 60 रुपये की ही वृद्धि हुई है। गैस एजेंसी के लोग अधिक धनराशि नही ले सकते हैं।

पूर्ति निरीक्षक रावत ने कहा कि उपभोक्ता से बातचीत में अधिक पैसे लेने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि देवभूमि एचपी गैस एजेंसी ओखलकांडा के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नैनीताल में पर्यटन कारोबारियों की बढ़ी चिंता

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** शहर में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अचानक कम हो जाने से होटल और रेस्टोरेंट कारोबार प्रभावित होने लगा है। प्रशासन की ओर से जारी आदेश के बाद फिलहाल होटलों को गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह से रोक दी गई है, जिससे होटल कारोबारियों में चिंता का माहौल है।

नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि आमतौर पर शहर में प्रतिदिन करीब 480 व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति होती है। इन सिलेंडरों के माध्यम से शहर के होटल, रेस्टोरेंट और अन्य खान-पान से जुड़े प्रतिष्ठान अपना कामकाज चलाते हैं। फिलहाल आपूर्ति रोक देने से पर्यटन कारोबार पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि नैनीताल जैसे पर्यटन शहर में होटल व्यवसाय पूरी तरह से पर्यटकों पर निर्भर करता है। यहां आने वाले पर्यटकों को भोजन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए होटल पूरी तरह गैस आपूर्ति पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में यदि व्यावसायिक गैस की आपूर्ति लंबे समय तक बंद रहती है तो होटल संचालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि होटलों में केवल पर्यटक ही नहीं बल्कि होटल का पूरा स्टाफ भी वहीं निवास करता है। ऐसे में गैस आपूर्ति रुकने से भोजन व्यवस्था प्रभावित होगी, जिससे होटल संचालकों और कर्मचारियों दोनों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द इस समस्या का समाधान निकालने की मांग की है ताकि पर्यटन कारोबार प्रभावित न हो।

### कई आवासीय स्कूलों पर भी गहरा सकता है संकट

देश में तेजी से गहरा रहे गैस संकट का असर नैनीताल के आवासीय स्कूलों पर थी दिख सकता है। शहर में करीब आधा दर्जन के आसपास आवासीय स्कूल है जिसमें करीब एक हजार बच्चे रहते होंगे। अगर समय रहते गैस किल्लत के हालात नहीं सोते तो इन स्कूलों पर भी गैस आपूर्ति का खतरा मंडरा सकता है। नैनीताल के आवासीय विद्यालयों और अन्य आवश्यक संस्थानों के लिए गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्राथमिकता के आधार पर इन संस्थानों को गैस उपलब्ध कराई जाएगी ताकि छात्रों और अन्य आवश्यक सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए।

# गैस की कालाबाजारी रोकने को अभियान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने पूर्ति निरीक्षक रवि डालाकोटी के साथ नैनीताल क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और रिफिलिंग रोकने के लिए अभियान चलाया।

इस दौरान टीम ने मैसर्स पर्वत गैस सर्विस नैनीताल के नारायण नगर स्थित गैस गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गोदाम में विस्फोटक लाइसेंस वैध पाया गया और कई सिलेंडरों की तौल करने पर उनमें मानक के अनुसार गैस मिली। हालांकि गोदाम में 13 डिफेक्टिव सिलेंडर पाए गए, जिन्हें कंपनी को वापस भेजकर उनके स्थान पर सही सिलेंडर मंगाने के निर्देश दिए गए।

टीम ने सूखाताल स्थित पर्वत फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप का भी निरीक्षण किया। वहां पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य पाई गई। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने बताया कि गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग रोकने के लिए विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति या व्यापारी इसमें लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति फिलहाल सामान्य बनी हुई है।

### चिंता न करें उपभोक्ता: खाद्य आयुक्त

**हल्द्वानी :** आयुक्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, उत्तराखंड की ओर से जानकारी दी गई है कि राज्य में गैस आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस संबंध में खाद्य विभाग और ऑयल कंपनियों के साथ राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है। आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में घरेलू गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है, इसलिए उपभोक्ताओं को घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। गैस की किल्लत नहीं होने दी जाएगी।

### फूड डिलीवरी कारोबार पर असर

**हल्द्वानी :** कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत होने पर केवल होटल-रेस्टोरेंट कारोबारियों को नुकसान नहीं हो रहा है बल्कि फूड डिलीवरी कंपनी और उन पर निर्भर उपभोक्ताओं को भी परेशानी होगी। स्विगी, जोमैटो आदि कई कंपनियां होटल-रेस्टोरेंट से खाने के सामान की डिलीवरी घर-घर करती हैं। जब होटल-रेस्टोरेंट ही बंद होने के कगार पर आ गए हैं तो इनके ऊपर भी बेरोजगारी का संकट है। इसी तरह नौकरी और पढ़ाई करने वाले कई लोग इस तरह की फूड डिलीवरी का काफी इस्तेमाल करते हैं। उनको भी परेशानी होना शुरू हो सकती है।

### घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं: एडीएम



**हल्द्वानी :** घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायतों पर मंगलवार को तहसील परिसर एनआईसी कक्ष में एडीएम विवेक राय ने बैठक की। उन्होंने ने बताया कि एलपीजी गैस की वर्तमान में जिले में किसी भी प्रकार की कोई भी किल्लत नहीं है। पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। मांग के अनुरूप गैस कंपनियों को गैस की आपूर्ति की जा रही है। गैस की कालाबारी रोकने के सम्बन्ध में जनपद के सभी गैस वितरकों आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल और एरिया प्रबंधकों सहित नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी सहित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को अपने अपने क्षेत्र में लगातार चैकिंग अभियान चलाते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि मांग के अनुरूप गैस कंपनियां पर्याप्त संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही है लोग परेशान न हों। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी एपी बाजपेई, महाप्रबंधक केएमवीएन विजय नाथ शुक्ल, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन रहे।



मंदिर से निकल कर भागते चोर का पीछा करती पुलिस।

# चोरी की बाइक से पहुंचा युवक, पुलिस ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पॉलीशीट के शिव मंदिर में तड़के तीन बजे वारदात की कोशिश
- नशेड़ियों की बढ़ती गतिविधियों पर जनप्रतिनिधियों ने जताई चिंता

**अमृत विचार :** पॉलीशीट क्षेत्र स्थित शिव मंदिर में चोरी की नीयत से पहुंचे एक युवक को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया। युवक चोरी की बाइक से मंदिर तक पहुंचा था और तड़के करीब तीन बजे वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहा था। हालांकि मंदिर में पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं होने के कारण पुलिस पहले से सतर्क थी, जिससे आरोपी ज्यादा देर तक बच नहीं सका।

जानकारी के अनुसार पॉलीशीट वार्ड-5 में सोमवार की तड़के सुबह एक युवक बाइक से मंदिर के पास पहुंचा और अंदर घुसने की कोशिश करने लगा। इसी बीच गश्त कर रही पुलिस टीम को इसकी भनक लग गई। कुछ ही देर में दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि जिस बाइक से युवक मंदिर तक पहुंचा था, वह भी चोरी की थी। यह बाइक हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र से चोरी की गई थी। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मंदिर में पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। चोर दानपात्र से नकदी और मंदिर की मूर्तियां तक चोरी कर चुके हैं, जिससे क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं।

इस बीच भाजपा नेता विक्रम अधिकारी ने आरोप लगाया कि मंदिर के पास खाली पड़े प्लॉट पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगने लगा है। उनके अनुसार इलाके में देर रात तक नशेड़ियों की आवाजाही रहती है, जिससे आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मंदिर में चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस पहले से सतर्क थी। सोमवार की सुबह संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और आरोपी को पकड़ लिया।

# पहाड़ों में तैनात तमाम सरकारी डॉक्टर नदारद

संवाददाता, हल्द्वानी

- राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने भेजे नोटिस
- 49 एमबीबीएस और 21 विशेषज्ञ डॉक्टर हुए गायब

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सरकारी मदद के लिए बॉन्ड के आधार पर 80 विद्यार्थियों ने पहले मेडिकल शिक्षा ली और बाद में नियमों के तहत उनकी नियुक्ति सरकारी अस्पतालों में की गई। इनमें ज्यादातर पहाड़ों में नियुक्त किए गए। अब ये डॉक्टर नौकरी करने के बजाय गायब हो गए हैं। उन पर कार्रवाई करने से पहले मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने उनके नाम से नोटिस जारी कर दिया है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी ने एक नोटिस प्रकाशित करवाया जिसमें लिखा कि मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से बॉन्डधारी एमडी, एमएस और एमबीबीएस चिकित्सकों की तैनाती चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक ने की थी। 80 डॉक्टर लगातार अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित चल रहे हैं और इन डॉक्टरों ने अपनी नौकरी में अभी तक योगदान नहीं दिया है। नियम के तहत बॉन्डधारी डॉक्टर को शिक्षा शुल्क में सरकार की ओर से छूट दी जाती है और बदले में उन्हें अनिवार्य तौर पर करीब पांच साल की सेवा सरकारी अस्पतालों में देने होती है लेकिन साल 2011 बैच के डॉक्टर तक ऐसे हैं जो नियुक्ति मिलने के बाद नौकरी करने के लिए पहुंचे ही नहीं। इनमें 49 डॉक्टर एमबीबीएस हैं। इनको ज्यादातर पहाड़ों के स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्ति मिली थी। इसके अलावा 21 पीजी डॉक्टर हैं। इनमें भी ज्यादातर की नियुक्ति पहाड़ों में ही हुई थी। अगर ये 80 डॉक्टर अपनी बॉन्ड शर्तों को निभाते तो पहाड़ों में स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार आता। बड़ी विडंबना है कि सरकारी मदद से मेडिकल शिक्षा लेने के बाद भी ये डॉक्टर अपने दायित्व को निभाने की बजाए गायब हो गए। गायब चल रहे इन डॉक्टरों में 2004 बैच से लेकर 2027 बैच तक के डॉक्टर हैं। इनमें पहले नंबर पर नैनीताल जिले के 17 और चमोली जिले के 14 डॉक्टर हैं। अब मेडिकल कॉलेज प्रबंधन इनसे खर्च की रकम वसूली तक की तैयारी कर रहा है।





"बॉन्डधारी डॉक्टर जो स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियुक्ति देने के बाद भी अनुपस्थित चल रहे हैं उनको नोटिस भेजा गया है और साथ ही कहा गया है कि एक सप्ताह के भीतर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित हों। अगर वह आदेश को नहीं मानते हैं तो उन्हें बॉन्ड के तहत मेडिकल कॉलेज की ओर से खर्च की गई धनराशि को वापस खाते में जमा करना होगा। **-डॉ. जीएस तितियाल, प्राचार्य**, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

# नाले के कहर से निपटने को चाहिए 1.88 करोड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पहले चरण में 96.24 लाख रुपये हुए हैं स्वीकृत

**अमृत विचार :** दमुआढूंगा स्थित वनचौकी से बरसाती नाले के डायवर्जन के शेष कार्य को शुरू करने के लिए जिला खनिज न्यास निधि से बजट की उपलब्धता की सभी औपचारिकता पूर्ण कर ली गई हैं और शीघ्र ही स्वीकृति आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

प्रभारी जिला खान अधिकारी नवीन सिंह ने गैरवैशाली क्षेत्र के जलभराव से प्रभावितों को यह आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि उक्त बरसाती नाले से गैरवैशाली क्षेत्र की 16 कॉलोनियों में बरसात के दिनों में जलभराव से उत्पन्न भयावह स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर नाले के डायवर्जन हेतु वृहद कार्ययोजना बनाई गई। इसके लिए प्रथम चरण में 96.24 लाख रुपये स्वीकृत हुए। मंगलवार को देवकी विहार विकास समिति अध्यक्ष रमेश चन्द्र पांडे ने जिला खनिज न्यास के सदस्य सचिव, प्रभारी खान अधिकारी से भेंट की और उनसे बरसात से पूर्व नाले के डायवर्जन के शेष कार्य को पूर्ण कराये जाने के लिए बजट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। समिति अध्यक्ष पांडे के अनुसार योजना के लिए अभी 1.88 करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

## टीबी अस्पताल में 48 बेड की आईपीडी शुरू

**हल्द्वानी:** मेडिकल कॉलेज के अधीन टीबी और चेस्ट अस्पताल में 60 बेड की आईपीडी बनाई गई है। राहत की बात है कि इसमें से 48 बेड की आईपीडी शुरू हो गई है।

टीबी और चेस्ट के मरीजों की बढ़ रही संख्या को देखते हुए इस अस्पताल का निर्माण किया गया था। नया अस्पताल बनाया गया और साथ ही अब 48 बेड पर मरीज भर्ती किए जाना शुरू भी हो गए हैं। यहां पर जरूरी मशीनें भी इंस्टॉल कर दी गई हैं। अब केवल 12 बेड के लिए मशीनों को इंस्टॉल करना रह गया है। इसके बाद यहां भी मरीज भर्ती होने लगेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. आरजी नौटियाल ने बताया कि इस नए अस्पताल से मरीजों को काफी राहत मिलेगी। यहां पूरे कुमाऊं के अलावा उत्तर प्रदेश से भी मरीज आते हैं।

# गर्मी का असर बरकरार, कुछ दिन बाद मिल सकती है राहत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक से लेकर काफी अधिक दर्ज किया गया, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक बना रहा।

मौसम विभाग के अनुसार देहरादून में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से क्रमशः 5 और 9 डिग्री अधिक है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री और न्यूनतम 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 22.9 डिग्री और न्यूनतम 9.8 डिग्री तथा नई टिहरी में अधिकतम 21.6 डिग्री और न्यूनतम 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों तक राज्य में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो-तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीं मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश, गरज के साथ बिजली चमकने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है।

# विस में सुमित ने उठाए हल्द्वानी के मुद्दे

- पूछा, शहर में आईएसबीटी और जू कहां बना है

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी में आईएसबीटी का मुद्दा विधायक सुमित हृदयेश ने फिर से विधानसभा सत्र के दौरान उठाया है। इसको लेकर उन्होंने तख्ती के साथ विधानसभा के बाहर प्रदर्शन भी किया।

कहा कि राजनीतिक वजहों से भाजपा ने हल्द्वानी में आईएसबीटी का काम रुकवा दिया जबकि हल्द्वानी के साथ ही पूरे कुमाऊं की यह जरूरत है। इसके अलावा गौलापार में बनाया जा रहा जू का काम भी रोक दिया गया। अगर यह बनता तो यहां पर्यटन के अवसर बढ़ते। अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं करवाए जा रहे हैं।

कहा कि जनता को इन सब पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा विधायक सुमित ने सत्र के दौरान संबंधित मंत्री से पूछा कि नंदा देवी राज जात यात्रा और आगामी आयोजित होने वाले अर्ध कुंभ को लेकर सरकार की क्या तैयारियां हैं। साथ ही उन्होंने सरकार से यह जानकारी मांगी कि इन दोनों महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अब तक कितनी विज्ञापन/प्रचार सामग्री जारी की गई। सुमित ने सदन पटल पर नियम 310 के अंतर्गत दी जाने वाली सूचनाओं को स्वीकार नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया।





हल्द्वानी के मुद्दों के साथ गैरसैंण में विधायक सुमित हृदयेश।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# गांव में टस्कर हाथी का आतंक, मां-बेटे को दौड़ाया

## दोनों ने घर में घुसकर बचाई जान, गुस्से में हाथी ने आंगन में खड़ा आम का पेड़ तोड़ा, फसल भी रौंदी

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज क्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गुलजारपुरबंकी के छोरा जाली गांव में मंगलवार तड़के एक टस्कर हाथी ने गेहूं के खेत में पहुंचे मां-बेटे को दौड़ा लिया। दोनों ने किसी तरह घर में घुसकर अपनी जान बचाई। गुस्साए हाथी ने घर के आंगन में लगे आम के पेड़ को तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार कालाढूंगी रेंज के चकलुवा बीट के जंगल से सटे गुलजारपुरबंकी गांव में पिछले करीब छह माह से एक टस्कर हाथी का आतंक बना हुआ है। पहले यह रात में खेतों में आता था, लेकिन अब दिन में भी खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार सुबह तड़के हाथी नरेश कुमार के गेहूं के खेत में घुस गया।


गुलजारपुरबंकी में टस्कर हाथी द्वारा एक घर पर तोड़ी गई आम के पेड़ की टहनी।

हलचल होने पर नरेश कुमार और उनकी मां हेमंती देवी खेत की ओर पहुंचे। हाथी को देखकर उन्होंने शोर मचाया और कनस्तर बजाकर भगाने का प्रयास किया, लेकिन हाथी अचानक उनकी ओर दौड़ पड़ा। इससे घबराकर हेमंती देवी घर के अंदर भाग गईं, जबकि नरेश कुमार घर के पीछे छिप गए।

हाथी ने गुस्से में घर के आंगन में लगे आम के पेड़ को तोड़ दिया। बाद में परिजनों और ग्रामीणों ने आग की मशाल बनाकर हाथी को खेतों से खदेड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद सुबह दस बजे तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ नरेश कुमार के घर पर जुट गई। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही टस्कर हाथी आबादी क्षेत्र में पहुंच


गुलजारपुरबंकी में टस्कर हाथी द्वारा रौंदी गई फसल। ● अमृत विचार

जाता है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

डिप्टी रेंजर भूपेंद्र बिष्ट ने बताया कि रात में पतलिया-कोटाबाग क्षेत्र में हाथियों के झुंड को खदेड़ने के लिए टीम गई हुई थी, इसलिए समय पर टीम नहीं पहुंच पाई। अब टीम गठित कर हाथी पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने तथा हाथियो की सूचना विभाग को देने की अपील की है।

वहीं सामाजिक कार्यकर्ता व जिला पंचायत सदस्य पति अरविंद कुमार ने कहा कि हाथियों से हो रहे नुकसान को रोकने के लिए कई बार वन विभाग और शासन को पत्र दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने टस्कर हाथी को जीपीएस कॉलर लगाने की मांग की है, ताकि लोगों और फसलों को नुकसान से बचाया जा सके।

# हाथी की सूंड में प्लास्टिक की बोतल, जांच हुई शुरू

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** तराई पश्चिम वन प्रभाग के फाटो पर्यटन जोन में एक हाथी द्वारा प्लास्टिक बोतल खाने की कोशिश का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। इस घटना को लेकर वन्यजीव प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो फाटो पर्यटन जोन के ग्रीन वॉटर होल क्षेत्र का है। वीडियो में जंगल के भीतर एक हाथी जमीन पर पड़ी प्लास्टिक की बोतल को सूंड से उठाकर मुंह में डालने की कोशिश करता नजर आ रहा है। पहले वह बोतल को पैरों से उछालता है और फिर उसे खाने का प्रयास करता दिखाई देता है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि प्लास्टिक का सेवन किसी भी वन्यजीव के लिए बेहद घातक हो सकता है और इससे उनकी जान


सूंड में प्लास्टिक की बोतल उठाया हाथी।

को खतरा हो सकता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश नैनवाल ने कहा कि यदि यह वीडियो फोटो पर्यटन जोन का है तो यह बेहद गंभीर मामला है और इससे वन विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े होते हैं।

डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में मामला सही पाए जाने पर संबंधित जिप्सी चालक, गाइड और दोषी पर्यटकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नाराज व्यापारियों ने कोतवाली घेरी

- दुकानें रात 11 बजे बंद करने के आदेश पर जताया आक्रोश
- धरना-प्रदर्शन के बाद पुलिस ने रियायत देने का दिया आश्वासन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल में रात 11 बजे के बाद दुकानें बंद कराने के आदेश के विरोध में मंगलवार को व्यापारियों ने मल्लीताल कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदेश को वापस लेने की मांग की।

मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन नेगी के नेतृत्व में तल्लीताल व्यापार मंडल, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन और अन्य व्यापारी कोतवाली पहुंचे। व्यापारियों का कहना था कि पर्यटन नगरी नैनीताल में अधिकांश



नैनीताल में कोतवाली का घेराव करते व्यापारी। ● अमृत विचार

गतिविधियां रात में होती हैं और पर्यटक भी देर रात तक घूमते हैं। ऐसे में 11 बजे दुकानें बंद कराने से व्यापारियों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है।

प्रदर्शन के बाद सीओ रविकांत सेमवाल ने व्यापारियों से वार्ता की और उच्चाधिकारियों से बात कर दुकान बंदी के समय में रियायत देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद व्यापारी शांत हुए।

इस दौरान होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, व्यापार मंडल सचिव अमनदीप सिंह, चंदन सिंह, राजेश वर्मा, सोनू बिष्ट, अहमद अली, रईस अहमद, ममता जोशी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# युवा आकांक्षा कार्यक्रम आज, रावत होंगे वक्ता

**रामनगर :** ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने बताया कि बुधवार को प्रगतिशील सांस्कृतिक परिषद, पैठ पड़ाव रामनगर में युवा आकांक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य राजनीति में रुचि रखने वाले युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना और उनके साथ विचार-विमर्श करना है। इस मंच पर युवा अपनी राय और सुझाव भी रख सकेंगे। संजय नेगी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अपने युवा दौर की राजनीति के अनुभव साझा करते हुए युवाओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रसंघ पदाधिकारी, पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी, छात्र नेता रहेंगे।

# अवैध खनन में चार डंपर पकड़े

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने कोसी नदी क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान चार डंपर और एक फील्डर की बाइक को पकड़ा गया।

एसडीओ किरण शाह ने बताया कि रेंजर सुरक्षा बल के नेतृत्व में वन सुरक्षा बल और रामनगर रेंज की टीम ने अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान लंबी घाट क्षेत्र से एक डंपर को अवैध खनन करते पकड़ा गया। वहीं राजकीय वाहन की रेकी कर रहे एक फील्डर की बाइक भी टीम ने कब्जे में ले ली।

इसके अलावा बंजारी बंद क्षेत्र से दो डंपर अवैध खनन करते हुए पकड़े गए। इनमें से एक डंपर


पकड़े गए डंपर के साथ वन कर्मियों की टीम। ● अमृत विचार

और एक बाइक को गुलजारपुर चौकी परिसर में, जबकि दो डंपरों को कटिया पुल चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया। कालू सिद्ध क्षेत्र से भी एक डंपर को अवैध खनन करते हुए पकड़ा गया, जिसे पापड़ी चौकी में खड़ा कराया गया।

वन विभाग की टीम को देखकर अवैध खनन में लगे चार ट्रॉलियों के चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। टीम ने उनके टायर नष्ट कर दिए। एसडीओ ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा ्वैध खनन में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी। टीम में वीरेंद्र परिहार, अजमत खान, मनमोहन सिंह, अजय कुमार, तेजपाल, गंगा सिंह, आमिर खान, मनोज तिवारी और सुंदर आदि मौजूद रहे।


पेड़ से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार। ● अमृत विचार

# पीरूमदारा के पास पेड़ से भिड़ी कार, चालक घायल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रामनगर–काशीपुर नेशनल हाईवे-309 पर पीरूमदारा के पास देर रात एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सिर्फ चालक सवार था, जो इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारू कराया। चिकित्सकों के अनुसार युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# तकमील-ए-कुरान का जश्न मनाया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मोहल्ला खताड़ी स्थित दरगाह अब्दुल्लाह शाह बाबा में तकमीले-ए-कुरान का जश्न श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दो हाफिज मोहम्मद फैज और मोहम्मद रिहान ने दस-दस दिन तक कुरआन पाक की तिलावत की। इस प्रकार पूरे 20 दिनों तक तरावीह की नमाज अदा की गई।

बताया गया कि तकमीले-ए-कुरान का जश्न उस समय मनाया जाता है, जब कोई व्यक्ति, विशेषकर बच्चे, पूरा कुरआन पढ़ने या उसे याद करने (हिफ्ज) की उपलब्धि हासिल करते हैं। यह अवसर अल्लाह का शुक्र अदा करने, उस्तादों को आखिरी सबक सुनाने, दुआ मांगने और विद्यार्थियों को सम्मानित करने का होता है। कार्यक्रम के दौरान शहर काजी गुलाम मुस्तफा नईमी ने देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारा, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के सदर बाबर खान,


जरूरतमंदों के लिए खाद्य सामग्री पैक करते लोग। ● अमृत विचार

## 200 जरूरतमंदों को बांटी खाद्य सामग्री

**रामनगर :** ग्राम शक्तिनगर पुछड़ी में ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी की ओर से रमजान मुबारक के पवित्र महीने में 200 से अधिक गरीब और जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री किट वितरित की गई। प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने बताया कि वे पिछले दस वर्षों से रमजान के पाक महीने में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत और इंसानियत का संदेश देता है, इसलिए इस दौरान सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की सामाजिक सेवा जारी रखी जाएगी। खाद्य सामग्री पाकर गरीब और जरूरतमंद लोगों ने ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी का आभार व्यक्त किया।

सचिव शमीम अहमद, शाहिदुल खान, सामाजिक कार्यकर्ता आफताब आलम, शीतल जल सेवा के संस्थापक यूसुफ, सभासद सलमान सलमानी, मोहम्मद कय्यूम, मेहताब अली मौजूद रहे।

# जिले में आपदा मॉक ड्रिल का आयोजन 16–17 को

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जनपद में संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए 16 और 17 मार्च को आपदा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि भूकंप, बादल फटना, वनाग्नि, भूस्खलन, बाढ़, बांध टूटने और सड़क दुर्घटनाओं जैसी संभावित आपदाओं को ध्यान में रखते हुए यह अभ्यास कराया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि 16 मार्च को टेबल टॉप एक्सरसाइज के तहत जिला मुख्यालय और तहसील स्तर पर अधिकारियों की बैठक कर आपदा प्रबंधन की रणनीति पर अभ्यास किया जाएगा। वहीं 17 मार्च को कैंचीधाम, खनस्यूं, कालाढूंगी, हल्द्वानी और नैनीताल तहसीलों में मॉक ड्रिल आयोजित होगी। इस दौरान चिन्हित स्थानों पर स्टेजिंग एरिया, इंसिडेंट कमांड सेंटर, राहत शिविर और चिकित्सा शिविर स्थापित कर राहत-बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी संबंधित विभाग निर्धारित तिथियों पर समय से प्रतिभाग सुनिश्चित करें।


नैनीताल में नवनियुक्त डीएसए महासचिव का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

आयोजन | 'महिला आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत नैनीताल में आयोजित हुई जनसुनवाई

# महिला आयोग ने सुनीं समस्याएं, आठ मामले निस्तारित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** 'महिला आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राज्य अतिथि गृह नैनीताल के सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की विभिन्न समस्याओं की सुनवाई कर उनके निस्तारण की प्रक्रिया शुरू की गई।

जनसुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष कुल आठ प्रकरण प्रस्तुत हुए। इनमें घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रताड़ना और पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले शामिल थे। महिला आयोग की उपाध्यक्ष सायरा बानो ने कहा कि महिला आयोग महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर



नैनीताल में 'महिला आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम में मौजूद आयोग के पदाधिकारी व अन्य महिलाएं।

है और पीड़ित महिलाओं को हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी मामले पुलिस विभाग से संबंधित हैं, जिन्हें त्वरित जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस को भेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जिन मामलों में दोनों पक्ष शामिल हैं, उनमें दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष सुनवाई करते हुए कार्रवाई की जाएगी। साथ ही महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की घटना या समस्या की जानकारी तुरंत निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें तथा गौरा शक्ति ऐप डाउनलोड कर भी शिकायत दर्ज कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग द्वारा 13 मार्च 2026 तक प्रदेश के सभी 13 जिलों में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य उर्मिला जोशी, कंचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्रा, अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, उप जिला अधिकारी नवाजिश खालिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलेखा बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, महिला आयोग के प्रतिनिधि और शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएसए महासचिव बने मनोज जोशी का स्वागत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** डीएसए नैनीताल के महासचिव पद पर निर्वाचित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनोज जोशी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

नवनियुक्त महासचिव मनोज जोशी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा नैनीताल में खेल गतिविधियों को बढ़ाया जाए जिससे खिलाड़ियों को फायदा मिले। कहा सभी के सहयोग से डीएसए की खेल प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन पहले की तरह निरंतर किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया ने किया, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने की। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, गोपाल रावत, भूपेन्द्र बिष्ट, मंडल मंत्री प्रदीप कुमार, सभासद मनोज जगाती, सभासद पूरन बिष्ट, सभासद भगवत रावत, कार्यालय मंत्री भारत मेहरा, वरिष्ठ कार्यकर्ता शैलेंद्र बर्गली, छात्रसंघ अध्यक्ष करन सती, महिला मोर्चा की कविता गंगोला, अमिता साह, दीपिका बिनवाल, मयंक पंत, रितुल, निखिल बिष्ट, युवराज, विकास जोशी, प्रेम सागर, रोहित भाटिया, मनोज कुमार, के.के. शर्मा, गौरव हारपर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### डीएसबी परिसर में खुलेगा एआई सेंटर

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण देने के लिए जल्द ही अत्याधुनिक एआई सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सेतु आयोग और विश्वविद्यालय के बीच शीघ्र ही एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने बताया कि इस केंद्र में डेटा आधारित कृषि, वर्टिकल फार्मिंग, ड्रिप सिंचाई और हाइड्रोपोनिक्स जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### डॉ. अंकिता हेल्थ केयर में आज विशेष कैंप

**हल्द्वानी :** मुखानी, आदर्श नगर गली नंबर-1 स्थित डॉ. अंकिता हेल्थ केयर सेंटर में आज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक घुटना एवं कूल्हा रोग परामर्श शिविर लगाया जाएगा। कैंप में वरिष्ठ हड्डी जोड़ रोग डॉ. ध्रुव गोयल, डॉ. अंकिता चांदना सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट और डाइटिशियन ऋतु चांदना भी कैंप में मौजूद रहेंगी। केंद्र की निदेशक डॉ. अंकिता चांदना ने कहा कि, कैंप में 50 रुपए मात्र फीस रखी गई है। कैंप में सभी तरह के हड्डी जोड़ रोग संबंधी परेशानियों का निरीक्षण किया जाएगा, नसों से संबंधित दिक्कत की जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा।

### यूओयू व चौधरी चरण सिंह विवि में एमओयू

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बीच उच्च शिक्षा, रिसर्च और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय शोध, शैक्षणिक गतिविधियों, संयुक्त परियोजनाओं और ज्ञान-संसाधनों के आदान-प्रदान में मिलकर कार्य करेंगे। इस मौके पर कुलपति नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि इस सहयोग से शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

### विधायक कैड़ा ने सदन में उठाए क्षेत्रीय मुद्दे

**धानाचूली :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने गैरसैंण में बजट सत्र के दौरान सदन में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उठाया। उन्होंने ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ और भीमताल क्षेत्र में बाघ और गुलदार के बढ़ते आतंक पर चिंता जताते हुए वन्यजीव हमलों से मृतकों के परिजनों को नौकरी देने और ठोस नीति बनाने की मांग की। विधायक ने क्षेत्र की खराब सड़कों के डामरीकरण, लंबित मोटर मार्गों की स्वीकृति तथा पर्यटन स्थलों के विकास का मुद्दा भी उठाया।

# डग्गामारी के खिलाफ गरजे रोडवेज कार्मिक, 26 मार्च तक का अल्टीमेटम

## रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में आरटीओ और एसपी सिटी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी



आरटीओ कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर में बढ़ती डग्गामारी के खिलाफ रोडवेज कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में मंगलवार को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में एकत्र हुए और परिवहन विभाग व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बसों और टैक्सियों के अवैध संचालन पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान संयुक्त परिषद, रोडवेज कर्मचारी यूनियन, एम्पलाइज यूनियन, भारतीय मजदूर संघ और एससी-एसटी श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने आरटीओ और सीओ के माध्यम से प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाई। कर्मचारियों ने आरटीओ परिसर में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना है कि हल्द्वानी बस अड्डे के आसपास डग्गामारी तेजी से बढ़ रही है, जिससे न केवल परिवहन निगम को आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने प्रशासन से कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि शहर में अवैध रूप से संचालित ऑनलाइन अंतर्राज्यीय बसों को तत्काल बंद किया जाए, जो सड़क किनारे यात्रियों को बैठाकर नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। इसके साथ ही टैक्सियों का संचालन केवल भोटिया पड़ाव स्टैंड से किया जाए और बस अड्डे के आसपास उनके अवैध जमावड़े पर रोक लगाई जाए।

कर्मचारियों ने यह भी मांग की कि बस अड्डे के सामने सड़क पर खड़े होकर सवारियां ढोने वाले प्राइवेट वाहनों के संचालन को पूरी तरह बंद किया जाए, ताकि ट्रैफिक सुचारू रह सके और रोडवेज को हो रहे नुकसान पर रोक लगे। कर्मचारियों के विरोध को देखते हुए आरटीओ और एसपी सिटी ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि डग्गामारी और अनियमित संचालन पर शीघ्र ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 26 मार्च तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कुमाऊं क्षेत्र के सभी संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी आरटीओ कार्यालय के सामने उग्र धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

इस दौरान आनसिंह जीना, मुकेश वर्मा, कौशल जोशी, राजीव भट्ट, मोहन बोरा, रमेश कपिल, जीवन आर्य, महेश दफौटी, कमल पपनै, शंकर सिंह, जगदीश कांडपाल, आनंद बिष्ट, नवनीत कपिल, पूरन राम, जगमोहन, ललित पांडे, मनिंदर सिंह, जीवन चंद, तारा जोशी, प्रमोद बरगली, मोहसिन, मनोज मनराल मौजूद रहे।

## स्टेडियम रोड पर भारी वाहनों पर लगी रोक

**हल्द्वानी :** इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स गौलापार में लीजेंड्स लीग क्रिकेट टी-20 के आयोजन के दौरान यातायात डायवर्ट रहेगा। पुलिस के मुताबिक, यह डायवर्जन प्लान 11 से 14 मार्च तक प्रभावी रहेगा।

तीनपानी से गोलापार रोड होते हुए काठगोदाम की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के भारी माल वाहक वाहन गोलापुल कुंवरपुर कट से डायवर्ट होकर कुंवरपुर तिराहा से खेड़ा चौराहा होते हुए महाकाली जनरल स्टोर तिराहा से काठगोदाम की ओर जायेंगे। काठगोदाम क्षेत्र से गौलापार रोड होते हुए तीनपानी की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के भारी माल वाहक वाहन महाकाली जनरल स्टोर तिराहा से डायवर्ट होकर खेड़ा चौराहा से कुंवरपुर तिराहा होते हुए गौलापुल कुंवरपुर कट से गोलापुल होते हुए तीनपानी की ओर जाएंगे।

वीआईपी के लिए गौलापार स्टेडियम मुख्य द्वार के पास पार्किंग व्यवस्था रहेगी। आयोजनकर्ता, पुलिस, प्रशासन के अधिकारी और खिलाड़ियों को लाने-ले जाने वाली बसों के लिए स्टेडियम गेट नम्बर एक के अन्दर दाहिनी ओर पार्किंग व्यवस्था रहेगी। क्रिकेट मैच देखने के लिए आने वाले दर्शकों के वाहनों के लिए स्टेडियम गेट नम्बर दो के बांई ओर पार्किंग व्यवस्था रहेगी।

# गौलापार में लेजेंड्स लीग क्रिकेट टी-20 आज से



गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में की जा रहीं तैयारियां। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

- सुरेश रैना, श्रीसंत और अन्य क्रिकेट सितारे मैदान में उतरेंगे

**अमृत विचार:** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आज शाम 7 बजे से लेजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टी-20 के मैचों का आयोजन शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया भर के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर अपने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन करते नजर आएंगे। इस लीग में कुल चार टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें मुंबई स्पार्टन्स, इंडिया कैप्टन्स, रॉयल राइडर्स पंजाब और इंडिया टाइगर्स शामिल हैं।

स्टेडियम में पिच और मैदान तैयार किया जा रहा है, वहीं लाइव प्रसारण के लिए कैमरे व खिलाड़ियों के पोस्टर भी स्टेडियम में प्रकाशित किए गए हैं। आज, कल और 14 फरवरी को गौलापार स्टेडियम में तीन हाई-प्रोफाइल मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों में सुरेश रैना, एस श्रीसंत, इरफान पठान, कार्लोस ब्रैथवेट, थिसारा परेरा और असगर अफगान जैसे पूर्व खिलाड़ी मैदान में दिखेंगे। आयोजकों के मुताबिक, लीग में 11 देशों के क्रिकेट लेजेंड्स हिस्सा लेंगे। शुरुआती चरण के बाद देश के चार अन्य शहरों में भी मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

इस टूर्नामेंट का प्रसारण दुनिया के 100 से अधिक देशों में किया जाएगा, जबकि भारत में 13 चैनलों पर 11 भाषाओं में लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

# शिवांगी ने नेशनल पैरा बैडमिंटन में जीता गोल्ड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इंस्पिरेशन स्कूल की पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी शिवांगी पांडे ने 7वीं राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 6-10 मार्च तक हैदराबाद स्थित हार्टफुलनेस गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में हुई।



मेडल के साथ शिवांगी।

शिवांगी ने फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को सीधे दो सेटों में हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रसिद्ध बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने उन्हें गोल्ड मेडल प्रदान किया। शिवांगी इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं, जिनमें युगांडा इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन में गोल्ड, एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई में ब्रॉन्ज, युवा राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में गोल्ड और खेलो इंडिया पैरा गेम्स में ब्रॉन्ज शामिल हैं। इस मौके पर उत्तराखंड पैरा गेम्स के सचिव प्रेम कुमार, बैडमिंटन एसोसिएशन उत्तराखंड के सचिव बीएस मनकोटी सहित अनेक खेल अधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, चेयरपर्सन गीतिका बलूटिया सहित स्कूल के सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

## स्टेम लैब में विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को साइंस और तकनीक के क्षेत्र में स्किल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथमेटिक्स) लैब की स्थापना की गई है।

यह लैब विज्ञानशाला और उत्तराखंड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूकॉस्ट) के सहयोग से चलाई जा रही है। इसे लेकर कॉलेज में मंगलवार को विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्षों और प्राध्यापकों की बैठक की गई। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि यह लैब में बीएससी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को स्टेम क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी और प्रयोगात्मक कार्यों की ट्रेनिंग दी जाएगी। कॅरियर काउंसलिंग सेल के संयोजक डॉ. नवल किशोर लोहनी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए मंगलवार से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# निजीकरण के विरोध में किया कार्य बहिष्कार

संवाददाता, हल्द्वानी



नैनीताल रोड स्थित हाईडिल में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ऊर्जा निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभाग के निजीकरण का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से लाए जा रहे विद्युत संशोधन विधेयक 2025 का विरोध किया।

अधिकारियों और कर्मचारियों का कहना था कि किसान, इंजीनियर, कर्मचारी और उपभोक्ताओं की आपत्तियों के बावजूद विधेयक को लागू करने की कोशिश की जा रही है, जिससे बिजली विभाग के निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के नेतृत्व में ऊर्जा के तीनों निगमों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहली पाली में कार्य बहिष्कार किया और मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना दिया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह विधेयक जनविरोधी कदम है और सभी पक्षकारों द्वारा दी गई आपत्तियों की अनदेखी कर इसे लागू करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने जैसा है। धरना प्रदर्शन में यह भी कहा गया कि इलेक्टसिटी अमेंडमेंट बिल 2025 और नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निजीकरण को तेज करेंगे, जिससे सार्वजनिक बिजली व्यवस्था कमजोर होगी और कर्मचारियों व उपभोक्ताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। धरने के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया गया। धरना समाप्त होने के बाद मुख्य अभियंता के माध्यम से शासन को मांगपत्र भी भेजा गया। इस अवसर पर संयोजक प्रदीप बिष्ट, सचिव मनोज पंत, दीपक बिष्ट, गिरीश जोशी, मनोज पांडे, उज्जवल भास्कर, रोहिताषु पांडे, शुभा जोशी, रवि बिष्ट, रोहित मिश्रा, दीपक बिष्ट, उर्वशी बोहरा, विनोद डोडियाल, ललित भट्ट, गिरीश चंद्र पांडे और चेतन जोशी, प्रताप अधिकारी मौजूद थे।



रामपुर रोड पर पाइप लाइन फटने से बीच सड़क पर उठता पानी का फव्वारा।

### शिकायत मिलते ही हो कार्रवाई : मेयर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम में आने वाली जन शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। मंगलवार को नगर निगम के सभी अनुभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक में मेयर ने कहा कि किसी भी विभागीय पटल पर शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई कर उसका समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इस दौरान मेयर ने स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों पर चिंता जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए तय समय सीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में नगर आयुक्त परितोष वर्मा सहित नगर निगम के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी रहे।

## बच्चों को कराई नंधौर अभयारण्य की सैर

**टनकपुर :** हल्द्वानी वन प्रभाग के डीएफओ के निर्देश और उप प्रभागीय वनाधिकारी शारदा रेंज के नेतृत्व में शारदा वन क्षेत्र के अंतर्गत टनकपुर क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों को नंधौर अभयारण्य की जंगल सफारी कराई गई।

ककराली गेट से सफारी शुरू की गई, जिसमें राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तिया के 25 तथा राधे हरि राजकीय इंटर कालेज के 25 विद्यार्थी शामिल रहे। इस दौरान शारदा वन क्षेत्राधिकारी सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को जंगल के प्राकृतिक वातावरण, जैव विविधता तथा वन्यजीवों के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को वन क्षेत्र में संचालित वानिकी कार्यों, पौधारोपण, वन संरक्षण, मृदा एवं जल संरक्षण के महत्व के बारे में भी अवगत कराया गया।

# जीएनजी ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

संवाददाता, हल्द्वानी



ट्रॉफी के साथ विजेता क्रिकेट टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का मंगलवार को फाइनल मुकाबला जीएनजी और एचसीसी के बीच जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। एचसीसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

जीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 376 रनों का स्कोर बनाया। टीम के लिए लक्ष्य राय चंदानी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 136 गेंदों में 8 छक्कों और 22 चौकों की मदद से 193, कुशाग्र कोरंगा ने 60 गेंदों में 74 और प्रतीक तिवारी ने 30 रनों का योगदान दिया। एच सी के गेंदबाज विशाल खाती ने 2, गौरव, उज्जवल और दीक्षांशु ने 1-1 विकेट लिया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीसी की पूरी टीम 44वें ओवर में 290 रन बनाकर आल आउट हो गयी और जीएनजी ने 86 रनों से मैच जीत लिया। सौरभ रावत ने शानदार 146, परितोष राणा ने 47 और दीक्षांशु नेगी ने 36 रनों का योगदान दिया। जीएनजी के गेंदबाज पृथ्वी गैरा ने 4, आदित्य रावत ने 2, आकाश, मयंक, लक्ष्य राय और पीयूष ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीएनजी के बल्लेबाज लक्ष्य राय चंदानी को दिया गया। अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और हिमांशु चतुर्वेदी जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई।

# तिब्बती जन आंदोलन दिवस पर नैनीताल में निकला जुलूस

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** तिब्बत के 67वें जन आंदोलन दिवस के अवसर पर मंगलवार को नैनीताल में तिब्बती युवा कांग्रेस के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोगों ने तिब्बत की आजादी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। विरोध के चलते मल्लीताल स्थित तिब्बती मार्केट भी बंद रही।

तिब्बती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुप्तेन ने बताया कि इसी दिन तिब्बत की राजधानी ल्हासा की जनता ने पहली बार चीनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाई थी। उस ऐतिहासिक घटना को आज 67 वर्ष पूरे हो गए हैं और इस दिन को तिब्बती राष्ट्रीय विरोध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मल्लीताल स्थित तिब्बती मार्केट से जुलूस निकाला गया, जो बड़ा बाजार होते हुए माल रोड से तल्लीताल डाट तक गया।इसके बाद जुलूस माल रोड होते हुए वापस तिब्बती मार्केट पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में तिब्बती समुदाय के करीब 40 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के अध्यक्ष तेनजिन जिगमे, उपाध्यक्ष टाशी तोपग्याल, कुंगा छौडोन, तिब्बती समुदाय के वरिष्ठ सदस्य पेमा छौफेल, तिब्बती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुप्तेन, तिब्बती संघर्ष समिति के सचिव तेनजिन धोनयोए, तेनजिन छिरींग आदि शामिल रहे।

**अच्छी खबर** — महिलाओं को 10 अंकों का एक अस्थायी मोबाइल नंबर दिया जाएगा, जो उनके असली नंबर से जुड़ा रहेगा

# बीएसएनएल ने महिला सुरक्षा के लिए शुरू की कवच नंबर सेवा

- महिलाओं की सुरक्षा और प्राइवेसी के लिए उठाया है कदम
- असली नंबर के साथ ही अस्थाई नंबर का कर सकेंगी उपयोग

संवाददाता, हल्द्वानी




**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने महिलाओं की सुरक्षा और प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए कवच नंबर नाम की नई सेवा शुरू की है। इस सेवा के तहत महिलाओं को 10 अंकों का एक अस्थायी मोबाइल नंबर दिया जाएगा, जो उनके असली मोबाइल नंबर से जुड़ा रहेगा।

इसका उद्देश्य यह है कि महिलाएं जहां अपना असली मोबाइल नंबर साझा करने में असहज महसूस करती हैं, वहां इस अस्थायी नंबर का इस्तेमाल कर सकें। इससे उनका असली नंबर गोपनीय और सुरक्षित रहेगा। कवच नंबर एक अतिरिक्त सुरक्षा परत की तरह काम करेगा। अगर कोई व्यक्ति इस अस्थायी नंबर पर मोबाइल रिचार्ज करवाता है, तो वह रिचार्ज सीधे महिला के असली मोबाइल नंबर पर जुड़ जाएगा। हालांकि इस नंबर पर कॉल या मैसेज नहीं किया जा सकेगा। यानी कोई भी व्यक्ति इस नंबर के जरिए महिला से संपर्क नहीं कर पाएगा। इससे उपयोगकर्ता की पहचान और निजी जानकारी सुरक्षित रहेगी। इस सेवा को फिलहाल बीएसएनएल के ऐप या वेबसाइट के जरिए शुरू नहीं किया जा सकता।

इसके लिए महिलाओं को अपने बीएसएनएल नंबर से कस्टमर केयर 1800-180-1503 पर कॉल करना होगा। कस्टमर केयर से बात करने के बाद उपयोगकर्ता को अपने क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। इसके बाद बीएसएनएल की ओर से एसएमएस के जरिए कवच नंबर भेज दिया जाएगा, जिसे जरूरत पड़ने पर साझा किया जा सकता है। यह नई सुविधा खास तौर पर उन महिलाओं के लिए मददगार मानी जा रही है, जो रिचार्ज या अन्य कामों के दौरान अनजान लोगों के साथ अपना असली मोबाइल नंबर साझा नहीं करना चाहतीं। बीएसएनएल के मंडल अभियंता मोबाइल के गोविंद सिंह कार्की ने बताया कि कवच नंबर सेवा महिलाओं की प्राइवेसी और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं अपने मोबाइल नंबर को सुरक्षित रखकर डिजिटल सेवाओं का लाभ ले सकें। इस अस्थायी नंबर का इस्तेमाल रिचार्ज और अन्य सेवाओं के लिए किया जा सकता है, लेकिन कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर कॉल या संदेश नहीं भेज पाएगा।

# हल्द्वानी आया गुजरात का प्रतिनिधिमंडल




गुजरात से हल्द्वानी पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गुजरात में आयोजित सहकारी सम्मेलन में सराहना मिलने के बाद गुजरात के पंचमहल जिला सहकारी बैंक लिमिटेड का एक प्रतिनिधिमंडल 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना' का अध्ययन करने हल्द्वानी पहुंचा। मंगलवार को बैंक के उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह उदे सिंह बारिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्यालय पहुंचा। प्रबंध निदेशक प्रदीप मेहरोत्रा ने प्रतिनिधि मंडल को बैंक की कार्यप्रणाली व उपलब्धियों की जानकारी दी। बताया कि योजना के तहत किसानों को एक लाख रुपये तक का अल्पकालीन और तीन लाख रुपये तक का मध्यकालीन ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज पर दिया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने इसे किसान हित में प्रभावी योजना बताते हुए इसकी सराहना की। भ्रमण के दौरान दल ने नैनीताल जिला सहकारी बैंक, हल्द्वानी का भी दौरा कर प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

ब्रीफ न्यूज

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत


समीर (फाइल)।

**खटीमा :** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मंगलवार को पीलीभीत से खटीमा की ओर आ रही ट्रेन की चपेट में आने से चारुबेटा निवासी समीर पुत्र सद्दीक की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी है। इस घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के अन्य तीन भाई हैं। पिता मृतक के पिता सदीक मजदूरी कर गुजर बसर करते हैं। मृतक युवक समीर दिहाड़ी मजदूरी करता था।

### लाठी-डंडे से युवक पर हमला, गंभीर रूप से घायल

**सितारगंज :** बाइक से घर लौट रहे युवक पर लाठी-डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घायल के परिजनों ने उसी के गांव निवासी युवक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सरकड़ा निवासी कमलेश देवी ने बताया कि उनका बेटा लालता प्रसाद शटरिंग का काम करता है। 9 मार्च को शटरिंग के काम के लिए वह दो मजदूरों को लेकर गांव महोलिया, पीलीभीत (यूपी) गया था। मजदूरों को छोड़कर घर लौटते समय उसी गांव निवासी धर्मेंद्र कश्यप ने उसे हल्दुआ स्थित टेंट की दुकान पर रोक लिया। धर्मेंद्र कश्यप ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर लालता पर लाठी-डंडे से हमला किया, जिसमें उसके हाथ, कमर, छाती, पेट और सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल का इलाज सितारगंज के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों ने आरोप लगाया कि धर्मेंद्र झगड़ालू और दबंग किस्म का व्यक्ति है और पहले भी कई बार उनके बेटे के साथ बदतमीजी कर चुका है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### आबकारी ने चलाया अभियान 11800 लीटर लहन नष्ट

**रुद्रपुर :** जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र बिष्ट ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से आबकारी विभाग की टीम ने जिले भर में कच्ची शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ी है। जिसके चलते पांच भट्टियां ध्वस्त की और 170 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इसके अलावा 11800 किलो लहन नष्ट किया है। बन्नाखेड़ा बाजपुर व सितारगंज में तीन भट्टियां ध्वस्त, आठ हजार लीटर लहन नष्ट, 80 लीटर शराब बरामद, खटीमा में 3800 लीटर लहन नष्ट किया गया।

# मंगलवार को पाबंदी के बाद भी बेचा जा रहा था नॉनवेज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर में मंगलवार को मांस की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने अब सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। त्रिशूल चौक क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर नॉनवेज परोस रहे एक ढाबे पर निगम की टीम ने अचानक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके पर मांसाहार की बिक्री की पुष्टि होने पर टीम ने नॉनवेज और पतीला जब्त कर लिया।

मंगलवार को नगर निगम की टीम ने सूचना पर त्रिशूल चौक स्थित अली ख्वाजा बिरयानी नामक प्रतिष्ठान पर पाबंदी के बावजूद नॉनवेज बेचा और खिलाया जा रहा है। इसका संज्ञान लेते हुए महापौर विकास शर्मा ने टीम को तत्काल मौके पर जाकर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर के आदेश मिलते ही निगम की टीम ने छापेमार कार्रवाई की। निगम की टीम जब दुकान पहुंची तो वहां नॉनवेज परोसे जाने की पुष्टि हुई। अचानक हुई इस कार्रवाई से दुकानदार और ग्राहकों के बीच हड़कंप मच गया। टीम ने मौके पर मौजूद नॉनवेज के साथ ही संबंधित पतीला और अन्य सामग्री को कब्जे में ले ली। निगम अधिकारियों ने दुकान स्वामी को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर दुकान को सील कर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। निगम की टीम ने इस दौरान क्षेत्र के अन्य होटल और ढाबा संचालकों को भी सख्त हिदायत दी। यहां जेई शुभम कुमार, मनोज गहतोड़ी, शुभम पाल, सुमित सहित नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

## महापौर ने किया सम्मानित, बोले-हाउस ऑफ हिमालयाज की तर्ज पर कुमाऊं का होगा अपना एक विशिष्ट ब्रांड विकसित

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्ति को किया सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर


महापौर के साथ सम्मानित नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर निगम परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में महापौर विकास शर्मा ने नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कई महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों और स्वरोजगार के क्षेत्र में मिसाल पेश करने के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान महापौर ने घोषणा की कि नगर निगम जल्द ही निजी कंपनियों के सहयोग से स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए एक नया ब्रांड तैयार करेगा।

मंगलवार को महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर की बहनों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों ने अपनी गुणवत्ता के दम पर राष्ट्रपति भवन तक अपनी धमक दिखाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की तर्ज पर कुमाऊं का अपना एक विशिष्ट ब्रांड विकसित किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री से वार्ता कर सहमति प्राप्त कर ली गई है। इस नई पहल के तहत महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रोफेशनल पैकेजिंग की जाएगी और निजी कंपनियों के सहयोग से उन्हें बड़े बाजारों में उतारा जाएगा। इससे न केवल महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि स्वरोजगार के नए द्वार भी खुलेंगे।

इस दौरान नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रेनू शर्मा, सचिव मधुलिका वर्मा और कोषाध्यक्ष पुष्पा बजेठा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं को उनके समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली प्रमुख महिलाओं में हीरा पांडे, गीता देवी, शोभा देवी, नीलू बिष्ट, ममता आर्या, अनिता रानी, अनीता देवी, संगीता रावत, नीमा बिष्ट, प्रियंका आर्य, गीता उप्रेती, सुनीता देवी, प्रिया आर्या, रंजना सक्सेना, दीपा पहाड़ी, ममता नेगी, तारा जोशी, मनीषा, विनीता लखेड़ा, सपना रावत, माया देवी, पुष्पा कोहली, पार्वती भंडारी, स्नेहलता, अर्चना, अंजू, नीलम और कल्पना रावत आदि शामिल रही। इस अवसर पर बिट्टू शर्मा, पार्षद पवन राणा, विजय तोमर, सिटी मिशन मैनेजर मनोज कुमार सहित नगर निगम के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# पार्षद के बेटों पर मुकदमा दर्ज नहीं होने पर चढ़ा पूर्व विधायक का पारा

## पीड़ित परिवार के साथ पहुंचे एसएसपी कार्यालय, एसएसपी से मिले पूर्व विधायक ठुकराल

संवाददाता, रुद्रपुर


पीड़ित परिवार के साथ पुलिस कार्यालय पर विरोध जताते पूर्व विधायक ठुकराल।

**अमृत विचार:** भाजपा पार्षद के बेटों पर लगे छेड़छाड़, हाथापाई व धारदार हथियार से हमला प्रकरण में मुकदमा दर्ज नहीं होने से नाराज पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का पारा चढ़ गया। पूर्व विधायक ठुकराल पीड़ित परिवार के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसएसपी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सत्ताधारी नेता व पुलिस के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। साथ ही ऐलान किया कि यदि जल्द किशोरी को इंसाफ नहीं मिला तो आमरण अनशन होगा।

यहां बता दें कि 4 मार्च यानी होली के दिन कोतवाली इलाके की रहने वाली एक किशोरी जिला अस्पताल पहुंची। अपना मेडिकल करवाते हुए बताया कि दोपहर का वक्त था और वार्ड के भाजपा पार्षद के दोनों बेटे नशे की हालत में आये और उसके साथ जबरन छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथापाई शुरू की और हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास किया। पार्षद के बेटे ने ब्लेड से प्रहार कर दिया। वहीं परिवार ने बीच बचाव का प्रयास किया तो परिवार से भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को 4 मार्च को सौंप दी थी। कई बार कोतवाली-चौकी के चक्कर काटने के बाद भी इंसाफ नहीं मिला तो मंगलवार को पूर्व विधायक पीड़िता के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसएसपी अजय गणपति कुंभार को शिकायती पत्र देते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए। जिस पर एसएसपी ने प्रकरण का संज्ञान लिया और आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### सहमी पीड़िता पल-पल भावुक होती रही

**रुद्रपुर** : पुलिस कार्यालय में किशोरी सहमी व भावुक नजर आई। आंखों में आंसू लिए पीड़िता का कहना था कि 4 मार्च को वह घर पर नहाने जा रही थी। उसी वक्त भाजपा पार्षद के दोनों बेटे आए और छेड़छाड़ शुरू कर दी। वह हाथ जोड़कर विनती करती रही लेकिन पार्षद पुत्र अपनी दबंगई दिखाते रहे। पीड़िता ने दर्द बया करते हुए कहा कि पुलिस समाज की रक्षक होती है, लेकिन पुलिस की कार्यशैली वास्तव में दुखदायी है।

### एक दिन का कोतवाल बना दो सबके दिमाग ठीक कर दूंगा

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि किशोरी प्रकरण में खुद एक जनप्रतिनिधि ने कोतवाल-चौकी प्रभारी को फोन कर मामला रफा-दफा करने का दबाव बनाया। पुलिस सत्ताधारी नेताओं के दबाव में काम कर रही है। ठुकराल ने ऐलान किया कि मुझे एक दिन का कोतवाल बना दो। सबके दिमाग ठीक कर दूंगा। पुलिस को डंडा हमेशा मजबूत रखना चाहिए। किशोरी की आबरु लूटने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो अन्न त्याग कर कोतवाली में अनशन करूंगा।

### तहरीर तीन बार हुई है रिसीव

**रुद्रपुर :** पीड़िता का कहना था कि 4 मार्च को मेडिकल कराने के बाद कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने रिसीविंग नहीं दी। 7 मार्च को रंपुरा चौकी पुलिस को तहरीर देकर रिसीव कराया। फिर पुलिस कार्यालय जाकर शिकायती पत्र सौंपा। मंगलवार को चौथी बार पूर्व विधायक के साथ एसएसपी से मुलाकात की और शिकायती पत्र दिया तो रिसीव किया गया। पीड़िता का कहना था कि क्या यही इंसाफ है।

### गुरुद्वारा में चोरी का चार घंटे में खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर:** गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर में हुई चोरी की घटना का कोतवाली पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है।

गुरुद्वारा सिंह सभा के सेक्रेटरी अवतार सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी टांडा रतीभान, थाना केलाखेड़ा ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर बताया कि 9 मार्च 2026 की रात अज्ञात चोर गुरुद्वारा परिसर से डेनिम कंपनी का एक स्टेबलाइजर और कैमरून कंपनी की दो पत्थर काटने की मशीन चोरी कर ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह को सौंपी। पुलिस टीम ने क्षेत्र के करीब 25 से 30 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुलविंदर सिंह उर्फ विक्की पुत्र सुरेंद्र सिंह और रंजीत सिंह पुत्र राम सिंह निवासी केशवनगर, थाना बाजपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। मामले में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। टीम में उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह, मो. इरफान व हरीश जोशी रहे।

# उत्कृष्ट लेन-देन करने वाले किसानों को किया सम्मानित


अधिवेशन के दौरान काश्तकारों को संबोधित करते चेयरमैन। ● अमृत विचार

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** किसान सेवा सहकारी समिति शक्तिफार्म के वार्षिक अधिवेशन में समिति से उत्कृष्ट लेनदेन करने वाले प्रत्येक गांव के, दो-दो काश्तकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान घाटे पर चल रही समिति का बकाया वसूली समेत एवं कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुआ।

बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति शक्तिफार्म के वार्षिक अधिवेशन में निचले जमीनों में बेमौसमी (चाइना) धान लगाने की अनुमति दिए जाने, गेहूं क्रय समिति द्वारा किए जाने, लगभग 2 करोड़ बकाया धनराशि घर-घर जाकर वसूली किए जाने, काश्तकारों को डीएपी, यूरिया एवं पेस्टिसाइड की कमी न होने देने, काश्तकारों को बैठने को टीन शेड, बाथरुम एवं शौचालय निर्माण किए जाने, बोर्ड बैठक रूम, जर्जर हो चुकी चेयरमैन कार्यालय को दुरुस्त किए जाने समेत तमाम विषयों पर काश्तकारों द्वारा दिए गए सुझावों के उपरांत प्रस्ताव पारित किया गया। समिति के चेयरमैन कृष्ण पद मंडल ने कहा कि घाटे पर चल रही समिति को पुनः लाभ की स्थिति में लाना एवं किसान हित उनके लिए सर्वोपरि है। किसान सेवा सहकारी समिति के चेयरमैन कृष्ण पद मंडल, अधिवेशन में मुख्य अतिथि मंडी समिति चेयरमैन अमरजीत कटवाल, नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल, योगेंद्र सिंह रावत, गोविंद तालुकदार, मयंक अग्रवाल, मनोज सरकार, संजय बाछाड़, शंकर गोलदार, कमल मंडल, दिलीप मिस्त्री, प्रभाकर राय, प्रकाश राय, बाबूराम मंडल रहे।

# 15.20 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** स्मैक तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस की टीम ने बाइक सवार नशा तस्कर को डेढ़ लाख रुपए कीमत की स्मैक के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की बाइक को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया और उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी एवं प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू के दिशा-निर्देशन में गठित टीम ने बाइक सवार नशा तस्कर को दबोच लिया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पवन जोशी की अगुवाई में पुलिस टीम ने ग्राम दरऊ पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मिलक मार्ग स्थित दरगाह के पास बाइक सवार संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 15.20 ग्राम अवैध स्मैक, 1700 रुपए नगदी और ओप्पो कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शावेज़ खान उर्फ समीर, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम दरऊ, थाना किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर बताया। प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह ने बताया कि शावेज़ खान उर्फ समीर का नाम पहले भी मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा रहा है।

### रोडवेज बस में आग से यात्रियों में हड़कंप

**किच्छा:** हल्द्वानी से बरेली जा रही रोडवेज की बस संख्या यूपी 27 टी 9696 हल्द्वानी से बरेली के लिए रवाना हुई थी। बरेली मार्ग स्थित सूरजमल यूनिवर्सिटी के सामने अचानक बस में आग लग गई। बस चालक की सतर्कता के कारण आनन-फानन में सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों ने बाल्टियों और फायर उपकरण का उपयोग कर आग बुझाई। दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में फायरमैन भवान सिंह, फायरमैन प्रमोद सोन और संविदा कर्मी धीरज राणा मौके पर पहुंची। दमकल टीम के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। घटना में बस की पूरी वायरिंग जलकर नष्ट हो गई। बस खराब होने के कारण सभी यात्रियों को दूसरी बस में बरेली रवाना किया गया।

# 16 से 18 मार्च को जिले में मॉक ड्रिल के निर्देश

- चिह्नित पांच स्थानों पर की गयी चर्चा, दैवीय आपदा संबंधी घटनाएं को लेकर हुई बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर


रुद्रपुर मे आपदा प्रबंधन समन्वय समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सचिव आपदा प्रबंधन पुनर्वास विभाग उत्तराखंड शासन के निर्देशों के क्रम में दैवीय आपदा संबंधी घटनाएं के निवारण न्यून करने के लिए आपदा प्रबंधन समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया किए जाने के लिए 16 से 18 मार्च को जनपद में मॉक अभ्यास के निर्देश दिए गए। चिह्नित पांच स्थानों को लेकर चर्चा की।

मंगलवार को आपदा प्रबंधन समन्वय समिति की बैठक में बताया गया कि आगामी 18 मार्च को 5 स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित किए जाएंगे। जिसमें तहसील काशीपुर के तहत औद्योगिक आस्थान इंडिया ग्लाइकोल्स काशीपुर, तहसील बाजपुर एग्रीकल्चर पेस्ट, तहसील गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भूकंप के कारण शॉर्ट सर्किट और आंशिक रूप से चिकित्सालय का क्षतिग्रस्त होना, तहसील खटीमा लोहिया हेड बैराज का गेट का टूट जाने से डाउनलोड स्ट्रीम में पानी भर जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या, तहसील रुद्रपुर के तहत मानव वन्य जीव संघर्ष विषय मॉक अभ्यास चिन्ह किए गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी ने मॉक अभ्यास के परिदृश्य को जनपद स्तरीय रेखीय विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआएफ, पुलिस एवं विभिन्न स्थानों से उपस्थित सेफ्टी हेड्स को विस्तार से समझाया। 16 मार्च को प्रस्तावित टेबल टॉक में विभाग द्वारा की गई तैयारी की रिपोर्ट आपदा प्रबंधन कार्यालय को उपलब्ध कराने के साथ बैठक में उपस्थित होने को कहा। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट सुनील कुमार, फायर सर्विस ऑफीसर महेश चंद्र, एसडीआएफ के इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह और अन्य विभागीय अधिकारी वेब लिंक के माध्यम से जुड़े थे।

### प्रेमी की शादी की भनक लगी तो कोतवाली पहुंची प्रेमिका

**रुद्रपुर:** विगत देर रात कोतवाली में एक युवती ने आशिक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया। आदर्श कॉलोनी निवासी रोहित की मंगलवार को शादी होनी थी। घर पर शादी का टेंट भी लगाया गया था। यह बात जब युवती को पता चली, तो उसने सोमवार दोपहर को कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया। रात होते-होते युवती अपने परिवार के साथ आदर्श कॉलोनी पहुंची और हंगामा करने लगी। स्थिति बिगड़ने पर चौकी पुलिस ने रोहित को देर रात बुलाया और सीओ सदर की मौजूदगी में बातचीत शुरू की। काफी प्रयासों के बाद भी युवती नहीं मानी, तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

चिंता

## मेयर के बयान के बाद उठने लगे सवाल, महापौर बोले-नहीं दे सकते काबिज भूमि

# ईद की नमाज को लेकर असमंजस में मुस्लिम समुदाय

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एक ओर जहां ईद की नमाज को लेकर सुन्नी जामा मस्जिद कमेटी ने डीएम से मुलाकात कर ईदगाह पर नमाज पढ़ने की स्वीकृति मांगी थी। वहीं सोशल मीडिया पर महापौर विकास शर्मा ने ईदगाह की काबिज पर नमाज नहीं पढ़ने देने का संदेश दिया। कैसी होगी ईद की नमाज। जिसको लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग असमंजस में है।

बताते चलें कि 7 दिसंबर 2025 को प्रशासन और नगर निगम की टीम ने खेड़ा बस्ती स्थित ईदगाह की 11 एकड़ भूमि की पैमाइश कराकर 2.53 एकड़ मदरसा सोसायटी के नाम दर्ज भूमि को छोड़कर आठ एकड़ भूमि को बलपूर्वक कब्जा कर लिया। जिसके बाद से लगातार मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति बनाकर भूमि का मुद्दा उठाते आ रहे हैं। सोमवार को सुन्नी जामा मस्जिद कमेटी का शिष्टमंडल डीएम से मिला था और रमजान की नमाज का मुद्दा उठाया और काबिज भूमि पर ईद की नमाज पढ़ने की अनुमति देने का मुद्दा उठाया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर महापौर विकास शर्मा का बयान आता है। उनका कहना था कि ईदगाह की भूमि हो या फिर मंदिर प्रागण से छुड़ाई भूमि का मामला हो। नगर निगम किसी को भी नमाज या फिर धार्मिक कार्य की अनुमति नहीं देगा। इससे अराजकता की स्थिति पैदा हो सकती है। महापौर के बयान के बाद मुस्लिम समुदाय एक बार फिर खुद को असहज सा महसूस कर रहे है और ईद की नमाज कैसे होगी। इसको लेकर असमंजस की स्थिति में है।



"नमाज पढ़ने की स्वीकृति देना असंभव है। कारण किसी समुदाय को अनुमति देते हैं तो दूसरे धर्म के लोग भी स्वीकृति का मुद्दा उठाएंगे। भूमि पर कब्जा सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कब्जा हुआ था। मुस्लिम समुदाय को वैकल्पिक व्यवस्था या फिर शिफ्ट के तौर पर ईद की नमाज पढ़ी जा सकती है। वो भी अस्थाई तौर पर स्वीकृति प्रदान होगी, लेकिन हमेशा के लिए नमाज पढ़ने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। मुस्लिम समुदाय के लोग अपने अपने वार्ड में मौजूद मस्जिद में नमाज पढ़ सकते हैं। -**विकास शर्मा**, महापौर, नगर निगम



"एक शिष्टमंडल डीएम से मिला था। सवाल यह उठता है कि शुक्रवार की नमाज मस्जिद में हो सकती है। संख्या बल के हिसाब से मस्जिद में नमाज पढ़ना असंभव है और समुदाय सड़क पर आकर नमाज नहीं पढ़ सकता है। देश भर में ईदगाह स्थल है और महज उत्तराखंड में लैंड जिहाद के नाम पर अनुमति नहीं देना न्याय संगत नहीं है। भाजपा-कांग्रेस नेता भी नमाज पढ़ने गये। मेयर व डीएम से लगातार अनुरोध किया जा रहा है और प्रशासन भी जल्द निर्णय सुनाए। सौहार्द का रास्ता निकाला जा सके। -**मौलाना जाहिद रजा रिजवी**, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री, वक्फ बोर्ड

### दुष्कर्म का केस वापस लेने का दबाव बनाया

**सितारगंज :** शक्तिफार्म के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि 21 मार्च 2025 को वह मामा विपिन गाईन के साथ नैनीताल गई थी। वहां रात को एक होटल में मामा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद 10 सितंबर को दोबारा दुष्कर्म किया। वहीं, मामले को लेकर युवती ने आरोपी मामा के खिलाफ कोतवाली सितारगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि 8 मार्च की रात करीब दस बजे उसके मामा विपिन गाईन और नाना पतित पावन गाईन कुछ अन्य लोगों के साथ उसके घर आए। दोनों ने समझौता करने व पुलिस केस वापस लेने का दबाव बनाया। युवती के मना करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में सीओ विभव सैनी को तहरीर सौंपते भीम आर्मी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि 8 मार्च 2026 को ग्राम बरहैनी निवासी एक व्यक्ति ने अपने फेसबुक आईडी से वीडियो के माध्यम से भीम आर्मी के संस्थापक एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा नगिना (उत्तर प्रदेश) से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। आरोप है कि इस तरह की टिप्पणी से पूरे बहुजन समाज का अपमान हुआ है और समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की बयानबाजी से क्षेत्र में अशांति फैलने की आशंका भी बनी हुई है। प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान जिला सचिव आसपा प्रशांत कुमार, एडवोकेट यतिन सागर, राहुल, अमित कुमार, चमन, अंशु, दीपक, रवि कुमार, शिवा, मन्नू, अंकित कुमार, हैदर, प्रभात, रंजीत और शंकर रहे।

## सिटी ब्रीफ

### महापौर बाली ने बजट को बताया जनहितकारी

**काशीपुर** : महापौर दीपक बाली ने प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट को बेहद ही जनहितकारी बताया है। कहा कि यह बजट विकास आत्मनिर्भरता और भविष्य की योजनाओं का मजबूत दस्तावेज है। इसमें आंकड़े नहीं जमीनी हकीकत झलकती है। यह बजट प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला और उत्तराखंड को देश में अग्रणीय बनाने का रोड मैप है, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। इस बजट में देवभूमि की मातृ शक्ति को सशक्त बनाने के पूरे प्रयास किए गए हैं। प्रदेश के युवाओं, किसानों और व्यापारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रखा गया बजट प्रदेश को उन्नति, खुशहाली एवं विकास के नए चरमोत्कर्ष पर पहुंचाने में लाभकारी सिद्ध होगा।

### युवक से लूटे पांच हजार रुपये, एक गिरफ्तार

**काशीपुर** : रामनगर से काशीपुर लौट रहे एक युवक से तीन युवकों ने पांच हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित ने साहस दिखाते हुए लोगों की मदद से एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। रविवार शाम मानपुर रोड स्थित बिजलीघर के पास निवासी जतिन पुत्र मनोज कुमार रामनगर से ट्रेन से काशीपुर आया था। ट्रेन से उतरने के बाद वह माल गोदाम की ओर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जेब में रखे पांच हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया। घटना के दौरान जतिन ने शोर मचाया और लोगों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसके साथियों की तलाश भी की जा रही है।

### जसपुर में आज होगी रामलीला कमेटी की बैठक

**जसपुर** : रामलीला मंचन की रूपरेखा तैयार करने को लेकर मोहल्ला जटवारा की रामलीला कमेटी आज यानी बुधवार को एक बैठक करेगी। कमेटी ने नगर में मुनादी कर आमजन को सूचना जारी कर दी है। बैठक ठाकुर मंदिर प्रांगण में आयोजित की जाएगी।

### रमजान में पूरी शिद्दत से रोजा करने की अपील

**बाजपुर** : रमजान मुबारक के 20वें रोजे के साथ ही मगफिरत (क्षमा) का दूसरा अशरा पूरा हो गया है। अब 11 मार्च से 21वें रोजे के साथ रमजान का तीसरा और अंतिम अशरा शुरू होगा, जिसे अशरा-ए-नजात कहा जाता है। मदरसा जामिया हनफिया रजा उल उलूम, चकरपुर रोड बाजपुर के प्रबंधक मौलाना इरशाद रजा नूरी ने बताया कि रमजान में तीन अशरे होते हैं। पहला अशरा रहमत (कृपा) का, दूसरा मगफिरत (क्षमा) का और तीसरा जहन्नुम से आजादी का होता है। उन्होंने मोमिनों से अपील की कि तीसरे अशरे में रोजा पूरी शिद्दत और अनुशासन के साथ रखें, पांचों वक्त की नमाज अदा करें और अधिक से अधिक इबादत करें। मौलाना ने कहा कि इस दौरान सच्चे दिल से तौबा करना और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगना अत्यंत आवश्यक है। जो मोमिन इस अशरे में दिल से तौबा करता है, अल्लाह उसे माफ कर देता है। उन्होंने सभी से रमजान के दिनों में रोजा रखने, कुरआन की तिलावत करने व नमाज पढ़ने की खास अपील की।

### लोहा चुरा रहे दो लोगों को रंगे हाथ दबोचा

**सितारगंज** : टीचर्स कॉलोनी के खाली आवास में पानी की टंकियों और खिड़कियों के ग्रिल काटकर लोहा चुरा रहे दो लोगों को शिक्षकों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। जीआईसी सितारगंज के प्रभारी प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शिक्षक कॉलोनी के खाली आवासों से काटने की आवाज़ें सुनाई दीं। शक होने पर उन्होंने अपने साथी शिक्षक डॉ. धर्मेंद्र नाथ चौबे, चंदन सिंह डसीला, हरिशंकर याज्ञिक, संजय कुमार शुक्ला, नेहा ओझा और उमेश पांडे के साथ मौके पर जाकर देखा। वहां दो लोग पानी की टंकी और खिड़की का ग्रिल काटकर लोहा इकट्ठा कर रहे थे। शिक्षकों ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम शाहवेज निवासी अमरिया (पीलीभीत) और गुरदीप सिंह निवासी गांव मुंडलिया, अमरिया (पीलीभीत) बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**बाजपुर** : विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध शराब बनाने के अड्डों पर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान करीब आठ हजार लीटर लाहन नष्ट कर 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट, दिवाकर चौधरी, प्रवर्तन दल के साथ प्रधान आबकारी सिपाही पवन कुमार कम्बोज, कैलाश भट्ट, आबकारी सिपाही कृष्णा आर्य, बलजीत सिंह, वंदना घिल्डियाल, अर्चना यादव और रेनुका बोरा रहे।

# 25 दिन बाद बुकिंग, सात दिन बाद मिल रहा सिलेंडर

## सरकारी इंडेन गैस सर्विस में 1600 के करीब पहुंचा बैकलॉग

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में गैस सर्विस के बाहर सिलेंडर के लिए जानकारी जुटाते लोग।

**अमृत विचार:** युद्ध का असर अब एलपीजी गैस में भी देखने को मिल रहा है। क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काशीपुर गैस सर्विस में पहले जहां उपभोक्ता को बुकिंग की दूसरे दिन गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जा रहा था। वहीं अब सिलेंडर डिलीवरी के 25 दिन बाद गैस बुकिंग हो रही है और इसके एक सप्ताह बाद सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। इससे उपभोक्ता को करीब एक महीने सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है।

मंगलवार को अमृत विचार की टीम सुबह करीब साढ़े 11 बजे काशीपुर गैस सर्विस पहुंची। इस दौरान वहां पर सिलेंडर का छोटा ट्रक जिसमें 342 सिलेंडर थे उतर रहा था। वहीं बुकिंग के बाद पर्ची लेने वालों की भी भीड़ देखी गई। गैस सर्विस के स्टोर इंचार्ज देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि मंगलवार को तीसरे दिन सिलेंडर का छोटा ट्रक आया है। काशीपुर गैस सर्विस में करीब 22 हजार उपभोक्ता है। रोजाना तीन बड़ी गाड़ी सिलेंडर की डिमांड भेजी जा रही है। लेकिन पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। तीसरे दिन एक गाड़ी भेजी जा रही है। बैकलॉग 1600 पहुंच चुका है। जबकि रोजाना 400 से 500 उपभोक्ता गैस बुकिंग करा रहे हैं। स्टोर में एक भी घरेलू सिलेंडर नहीं है। वहीं कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति भी बंद है। इस दौरान गैस सिलेंडर लेने आए चंदन सिंह ने बताया कि उन्होंने 4 मार्च को गैस बुक कराई थी, होम डिलीवरी न होने के कारण वह एजेंसी में आए हैं और काफी देर से खड़े हैं। बीएलओ लक्ष्मी रानी ने बताया कि वह 3 दिन से लगातार एजेंसी में आ रही है लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। जबकि सिलेंडर लेने आए सौरभ ने बताया कि कई दिन पुरानी बुकिंग के बाद भी सिलेंडर के लिए धक्के खाने पड़ रहे है। इधर प्राइवेट एजेंसियों में घरेलू सिलेंडर वितरण में दिक्कत तो नहीं आ रही है। लेकिन वाणिज्यिक सिलेंडर का वितरण एजेंसियों से नहीं हो पा रहा है। करीब 20 प्रतिशत की सिलेंडर वितरण में कमी आई है।

### ठगी और मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**बाजपुर:** स्क्रैप दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और मारपीट के मामले में पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मुड़िया कलां निवासी वाहिद अली पुत्र बब्बन अली ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह पुराने स्क्रैप व रद्दी गत्ता खरीदने-बेचने का कार्य करता है। आरोप है कि काशीपुर के खड़गपुर देवीपुरा निवासी सुभाष कुमार तथा मुरादाबाद जनपद के बिलारी क्षेत्र से जुड़े कपिल कुमार सारस्वत ने उसे सस्ते दाम पर स्क्रैप दिलाने का झांसा दिया। दोनों ने बताया कि कपिल कुमार एक पेपर कंपनी में जीएम के पद पर कार्यरत है और वहां से सस्ता स्क्रैप दिलवा सकते हैं। आरोप है कि उनके झांसे में आकर उसने दो लाख दस हजार रुपये नकद दे दिए।

इसके अलावा समय-समय पर ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से भी कई किस्तों में करीब चार लाख 49 हजार रुपये भी आरोपियों को दे दिए। पीड़ित के अनुसार 24 जनवरी 2025 की शाम करीब पांच बजे आरोपियों ने उसे फोन कर दोराहा, बाजपुर पर बुलाया। वहां रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। मारपीट में वह गिर पड़ा और उसके कंधे की हंसली की हड्डी टूट गई।

# आकांक्षा ऑटोमोबाइल शोरूम में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली आईटीआई पुलिस ने बाजपुर रोड स्थित आकांक्षा ऑटोमोबाइल शोरूम में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी एक शातिर चोर को भारी मात्रा में चोरी किए गए स्पेयर पार्ट्स और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

बीती 10 फरवरी 2026 को वार्ड नंबर 11, बाजपुर निवासी तेजिंदर सिंह ने कोतवाली आईटीआई में तहरीर देकर बताया था कि 8 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने उनके आकांक्षा ऑटोमोबाइल शोरूम में घुसकर कीमती स्पेयर पार्ट्स चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। बीती सोमवार की रात जब पुलिस टीम शांति व्यवस्था और चेकिंग के लिए गश्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध सामान के साथ एक व्यक्ति परमानंदपुर हाईवे के नीचे मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी इकराम उर्फ गुड्डू निवासी बिधोलिया, थाना सीबीगंज, बरेली को दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी किए गए मारुति सुजुकी के कीमती पार्ट्स जैसे ऑयल फिल्टर (10 नग), फ्यूल फिल्टर (06 नग), एयर क्लीनर (05 नग), महंगे स्पेयर पार्ट्स इसीएम और थ्रोटल बॉडी व और अन्य सामान बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि मामले में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। चोरी का खुलासा करने वाली टीम में उप निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल सिराज हुसैन, दीपक, कांस्टेबल बलवंत सिंह और धर्मेंद्र भारती शामिल रहे।

### पुलिस ने पांच लोगों पर की गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

**काशीपुर** : संगठित गिरोह बनाकर लोगों को भयभीत कर धन उपार्जित करने पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। साथ ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, वैशाली कॉलोनी निवासी आशीष चौहान उर्फ पटवारी, अमरजीत सिंह वैशाली कॉलोनी खड़कपुर देवीपुरा, विमल कुमार, पटेल नगर निवासी गुरु प्रेम सिंह व मो. कानूनगोयान निवासी कुलविन्दर सिंह उर्फ जस्सी अपने एवं अपने गैंग के लिए अनुचित एवं दुनियावी लाभ के लिए संगठित होकर थाना क्षेत्र एवं काशीपुर शहर व आसपास के इलाके में सीधे-सादे लोगों से मारपीट व जान से मारने की धमकी देते है। साथ ही धोखाधड़ी कर अनुचित तरीके से आर्थिक लाभ प्राप्त करते हैं। समाज विरोधी क्रियाकलापों में भी लिप्त रहते हैं। इनके इस अपराधिक कृत्य से लोक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शिकायत करने पर इनके द्वारा लोगों को धमकी दी जाती है। आईटीआई कोतवाली द्वारा मजिस्ट्रेट ऊधमसिंह नगर द्वारा एवं उच्च अधिकारी गणों से अनुमोदन प्राप्त कर पांचों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई है।


ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष का स्वागत करते प्रधान। ● अमृत विचार

### दिलशाद शाह ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बने

**जसपुर** : ब्लॉक के ग्राम प्रधानों की बैठक में ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पर्ची डालकर अध्यक्ष पद पर ग्राम रायपुर के प्रधान दिलशाद शाह को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही पतरामपुर गांव के प्रधान हरिओम सिंह राठौर को महामंत्री नियुक्त किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में प्रधानों ने सर्वसम्मति से प्रधान संघ का गठन करने का निर्णय लिया। अध्यक्ष पद के लिए रायपुर के प्रधान दिलशाद शाह और प्रधान बढ़ियोवाला रंजीत सिंह ने दावेदारी पेश की। पर्ची मतदान में दिलशाद शाह के नाम पर फैसला हुआ। इसके अलावा रंजीत सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं प्रधान मुरलीवाला अनुज कुमार, प्रधान भरतपुर अंकुर, प्रधान रामनगर वन जितेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, हरिओम कोषाध्यक्ष, शबाना परवीन सचिव, सुमन को मीडिया प्रभारी बनाया गया। महेश सिंह, वीर प्रीत कौर, सीमा देवी, पूजा नारंग, रेशमा परवीन संघ के विशेष आमंत्रित सदस्य बने। बलवीर सहोता, सांसद प्रतिनिधि तीरथ सिंह एवं करतार सिंह को संरक्षक बनाये गए।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत

**काशीपुर:** पति के साथ हुए विवाद के बाद जहरीले पदार्थ का सेवन करने से विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

यूपी स्वार जिला रामपुर के ग्राम खरदिया निवासी 24 वर्षीय कंचन का बीते 4 मार्च को अपने पति विनोद के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद महिला को पहले पास के एक क्लीनिक ले गए। जहां कुछ समय तक उसका उपचार किया गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे काशीपुर लेकर आए जहां इलाज के दौरान सोमवार की रात कंचन ने दम तोड़ दिया। मृतका की डेढ़ साल की एक छोटी बच्ची भी है।

# तेंदुए से बचाने के लिए बेटे की ढाल बनी मां

- **बच्चे को जबड़े में दबाकर भाग रहे तेंदुए का किया पीछा, शोर मचाकर भगाया, बच्चे का चल रहा उपचार**

संवाददाता, काशीपुर


अस्पताल में भर्ती मोक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एक मां अपने मासूम बच्चे को बचाने के लिए मौत के सामने ढाल बन गई, जब एक तेंदुआ उसके पांच वर्षीय बेटे को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर ले जा रहा था। मां के शोर-शराबे और चीख-पुकार से तेंदुए ने बच्चा छोड़ जंगल की ओर भाग गया। घायल बच्चे को गंभीर हालत में मुरादाबाद रोड स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

जसपुर-ठाकुरद्वारा मार्ग पर स्थित तरफदलपतपुर गांव में मुख्य सड़क से करीब 100 मीटर जंगल की ओर रवि का घर है। रवि मेहनत मजदूरी करते हैं। बीती शाम रवि मजदूरी के लिए घर से बाहर गया था। करीब शाम 7:30 बजे वह किसी काम से घर आया, तभी उसका पुत्र मोक्ष मोबाइल की जिद पर रोने लगा। रवि के वापस जाने के बाद घर के पास खड़ंजे पर रो रहे मोक्ष पर एक तेंदुए ने हमला कर दिया और उसे अपने जबड़े में दबाकर जंगल की ओर भागा। तेंदुए की दहाड़ सुनकर मोक्ष की मां पिंकी शोर मचाती हुई बच्चे के पीछे दौड़ पड़ी। उसकी चीख-पुकार और शोरगुल सुनकर घबराया तेंदुआ बच्चे को छोड़कर भाग गया। पिंकी भी तेंदुए का पीछा करती हुई जंगल में काफी दूर तक चली गई। इस दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्चे को जंगल से उठाकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर शिफा तनवीर अंसारी ने बताया कि बच्चे को गंभीर चोटें आई हैं, विशेषकर कान और गले में, लेकिन अब वह खतरे से बाहर है और 24 घंटे चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी अस्पताल पहुंची और बच्चे का हालचाल जाना। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

### शिक्षक संघ के नगर अध्यक्ष को पितृ शोक

**जसपुर :** सड़क हादसे में घायल राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नगर अध्यक्ष अमित त्यागी के पिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को उनका दाह संस्कार किया गया। उनकी मौत पर शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया।

बीते रविवार को ग्राम नादेही निवासी शिक्षक संघ अध्यक्ष अमित त्यागी के पिता रामराज त्यागी (80) अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे। तभी चीनी मिल गेट के सामने एक कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रामराज त्यागी गंभीर घायल हो गए थे। उनके निधन पर प्रभारी बीईओ हरिबाबू निरंजन, पंकज चौहान, महबूब अली, उवेश, आंचल, रतन सिंह, मो. अजीम, राशिद सिद्दीकी, विमल चौहान, नीरज चौहान, अमित चौहान व अरविंद ने शोक जताया।

# अतिरिक्त पार्किंग शुल्क लेने से नाराज परिचालकों ने रोका बसों का संचालन

- **अधिकारियों के समझाने पर एक घंटे बाद शुरू हुआ संचालन**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** अतिरिक्त पार्किंग शुल्क परिचालकों से वसूलने के विरोध में रोडवेज परिचालकों ने मंगलवार तड़के बसों का संचालन ठप कर दिया। सूचना पर काशीपुर और रामनगर के एआरएम रोडवेज डिपो पहुंचे और बामुश्किल कर्मचारियों को समझाया। जिसके बाद एक घंटे की देरी से बसों का संचालन शुरू हो सका।

काशीपुर डिपो में मंगलवार सुबह पांच बजे रोडवेज कर्मियों ने प्रदर्शन कर संचालन बंद कर दिया। रोडवेज कर्मियों का आरोप था कि दिल्ली के आनंद विहार बस अड्डे पर जाम लगने की वजह से अतिरिक्त पार्किंग शुल्क देना पड़ता है। अतिरिक्त पार्किंग शुल्क डिपो प्रशासन परिचालकों से वसूल कर रहा है, जो गलत है। दिल्ली के आनंद विहार बस अड्डे के काउंटर पर बस लगाने के लिए डिपो को 590 रुपये पार्किंग शुल्क देना होता है। यह 590 रुपये मात्र 25 मिनट के लिए होते हैं। 25 मिनट से ज्यादा समय लगने पर बस पर अतिरिक्त पार्किंग शुल्क वसूला जाता है, जिसकी भरपाई डिपो रोडवेज कर्मियों से करती है। संचालन बंद होने की सूचना मिलते काशीपुर डिपो के सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार आर्य, रामनगर डिपो के सहायक महाप्रबंधक नवीन आर्य, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अनवर कमाल और सीनियर फोरमैन मोहम्मद यामीन मौके पर पहुंचे। सभी ने रोडवेज कर्मचारियों को समझाया और समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया। इसके बाद संचालन शुरू हुआ। दूसरी ओर, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, मंत्री उमेश कुमार, मुकेश कुमार की उच्चाधिकारियों से वार्ता कराई गई, वार्ता के बाद कर्मचारी संतुष्ट हुए। जिसके बाद बसों का संचालन शुरू हो सका।

### किसानों को दी गन्ना उत्पादन की जानकारी

**जसपुर:** गन्ना किसान संस्थान काशीपुर ने किसानों को गन्ना उत्पादन की नवीनतम जानकारी एवं तकनीकी सुझाव दिए। ग्राम राजपुर में आयोजित किसान गोष्ठी में पहुंचे वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार ने गन्ने की विभिन्न प्रजातियों और उनके लिए उपयुक्त परिस्थितियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शीघ्र प्रजाति एवं सामान्य प्रजाति के उन्नत बीजों के बारे में किसानों को अवगत कराया। वैज्ञानिक डॉ. सिद्धार्थ कश्यप ने गन्ने में लगने वाले रोगों और कीटों के नियंत्रण के उपाय सुझाए। बैठक में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उदल सिंह, चीनी मिल के सीसीओ पंकज कुमार प्रियंका आर्या, विनेश कुमार, विनोद कुमार, अशोक कुमार, गोपाल दत्त तिवारी, अरुण कुमार रहे।

# सप्ताह में तीन दिन लगेगा एचपीवी टीका

संवाददाता सितारगंज


एचपीवी टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करते सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव।

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए बृहद स्तर पर एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। पहले दिन करीब पांच बालिकाओं का टीकाकरण किया गया।

सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि विभाग की ओर से उप जिला अस्पताल, सितारगंज को पहली खेप में करीब 500 वैक्सीन मिली हैं। मंगलवार से वैक्सीनेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को एचपीवी टीकाकरण किया जाएगा। डॉ. यादव ने अभिभावकों से अपील की है कि अपनी 14 साल की बेटियों का अस्पताल में निशुल्क एचपीवी टीकाकरण कराएं।

### एचपीवी टीकाकरण क्यों जरूरी

सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि एचपीवी एक प्रकार का वायरस है जो मुख्य रूप से संक्रमण के माध्यम से फैलता है। यह महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) का प्रमुख कारण है। विश्वभर में करीब 95 फीसदी सर्वाइकल कैंसर के मामलों में एचपीवी संक्रमण जिम्मेदार पाया गया है। एचपीवी संक्रमण लंबे समय तक शरीर में रहने पर गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में परिवर्तन करता है, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। कम उम्र में टीका लगाने से संक्रमण से बचाव होता है और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर का खतरा कम हो जाता है।

**स्क्रीनिंग** | मुख्य विकास अधिकारी दिनेश शाशनी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के भी रहे मौजूद

# केंद्रीय सचिवों ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

संवाददाता, दिनेशपुर


दिनेशपुर में विकास कार्यों का निरीक्षण व ग्रामीणों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

**अमृत विचार:** भारत सरकार के दो विभागीय सचिव और मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत खटोला के ग्राम राधाकान्तपुर में लोक प्रशासन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2025 के अंतर्गत स्क्रीनिंग कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी।

मंगलवार को गदरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत खटोला में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री पुरस्कार स्क्रीनिंग समिति के दो विभागीय सचिव भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के निदेशक दीपक कुमार और रक्षा मंत्रालय के उप सचिव संजय सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी दिनेश शाशनी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ आकांक्षी योजनाओं के तहत विकास कार्यों का उच्च स्तरीय निरीक्षण किया। पूर्व ग्राम प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा ने वर्ष 2019 से 2025 तक ग्राम पंचायत खटोला में हुए विकास कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और ग्रामीणों से बातचीत कर योजनाओं के लाभ और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक सुनिश्चित रूप से पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पूजा रानी ने की और संचालन सहायक खंड विकास अधिकारी हेम कांडपाल ने संभाला। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी आतिया परवेज, पूर्व ग्राम प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता ढाली, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, कुंदन सिंह बिष्ट, सर्वजीत कौर, शिवानी, गीता पानू, तापस वैद्य, डॉ. सिमरन पांडे, रजत बैद्य, सागर सिंह रहे।

### शांतिभंग की आशंका में दो लोग गिरफ्तार

**बाजपुर:** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पहले मामले में ग्राम उझानी जंगल निवासी राजन कुमार की शिकायत पर भोना कॉलोनी बिराहा रोड निवासी वीरेंद्र सिंह को पूछताछ के लिए चौकी बन्नाखेड़ा बुलाया गया था। पुलिस के अनुसार समझाने के बावजूद वह उत्तेजित हो गया। पुलिस ने उसे बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। दूसरे मामले में ग्राम टांडा अमीचंद निवासी बलविंदर सिंह की शिकायत पर बब्लू सिंह को चौकी बुलाया गया। समझौते के प्रयास के दौरान बब्लू सिंह भी उत्तेजित हो गया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में उसी धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर चालानी रिपोर्ट न्यायालय भेज दी।

# बाइक चोरी में एक साल बाद कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सालभर पहले अनाज मंडी में लगे मेले के दौरान चोरी हुई बाइक के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित को आखिरकार न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी कश्मीर सिंह पुत्र संता सिंह ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल (यूके 18 ए 2406) उनके नाम से पंजीकृत है। आरोप है कि 26 फरवरी 2025 की रात करीब आठ बजे उनका भतीजा कुलविंदर सिंह बाइक से अनाज मंडी बाजपुर में लगे मेले को देखने गया था। यहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। इसके बाद 27 फरवरी को मामले की सूचना कोतवाली बाजपुर में दी गई, जिसकी रिसीविंग पुलिस ने दे दी, परंतु आरोप है कि लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। 20 दिसंबर 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पंजीकृत डाक से शिकायत भेजी गई, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने न्यायिक मजिस्ट्रेट बाजपुर के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज का आदेश देने की मांग की। न्यायालय के आदेश पर अब पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## ब्रीफ न्यूज

### आठ पेटी अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बागेश्वर:** कपकोट पुलिस ने एक व्यक्ति को आठ पेटी अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर तनुज गढ़िया उर्फ तारा के लीली गांव के कमरे में पुलिस ने निरीक्षण किया तो वहां आठ पेटी शराब बरामद की गई। टीम में थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी, उपनिरीक्षक संजय धौनी आदि रहे।

### डीडीए समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**अल्मोड़ा:** डीडीए को समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में साप्ताहिक प्रदर्शन किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि पहाड़ की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखे बिना डीडीए लागू कर दिया गया, जिससे आम लोगों को मकान निर्माण और अन्य कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां ललित मोहन पंत, रोबिन मनोज भंडारी, गोविंद, राजेश कुमार, हेम चंद्र तिवारी, प्रताप सिंह सत्याल, हेम चंद्र जोशी, चंद्रमणी भट्ट, भगीरथ पांडे आदि रहे।

### मां पूर्णागिरि धाम में उमड़ रहे श्रद्धालु

**टनकपुर:** मां पूर्णागिरि धाम में इस समय भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को हजारों श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए पहुंचे। इधर पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। टनकपुर के शारदा घाट में भी भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान को पहुंच रहे हैं। नगर पालिका द्वारा शारदा घाट में भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम बंदोबस्त किए गए हैं।

### कार्य बहिष्कार का निर्णय वापस लिया

**टनकपुर:** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को कार्य बहिष्कार शुरू किया और कुछ घंटे बाद ही एआरएम से वार्ता के बाद काम पर लौटने का निर्णय ले लिया। कर्मचारी पिथौरागढ और लोहाघाट डिपो से आने वाली बसों की तकनीकी जांच के लिए टनकपुर में मैकेनिकों की व्यवस्था करने, ढुलीगाड़ में बुकिंग काउंटर खोलने आदि मांग रखी। डिपो मंत्री प्रवीण कुमार ने बताया कि एआरएम केएस राणा से सकारात्मक वार्ता के बाद कार्य बहिष्कार स्थगित कर दिया गया है। इस दौरान प्रवीण जोशी, नीरज सिंह, हरीश जोशी, रवि शर्मा, शेर सिंह बिष्ट, नीरज बिष्ट, जमुना, रविंद्र बोरा रहे।

### सीमांत क्षेत्रों में व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद, सामाजिक कार्यों में मजबूती संभव

# नेपाल में नई सरकार, रोटी-बेटी के रिश्ते होंगे प्रगाढ़

- नेपाल में आम चुनाव के चलते भारतीय बाजारों पर भी असर

विपिन गुप्ता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** नेपाल में हो रहे राजनीतिक बदलाव की आहट से सीमांत पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) जिले में भी सरगर्मी है। जिले की लगभग 275 किलोमीटर लंबी सीमा नेपाल से लगी हुई है। यहां काली नदी पर बने झूलाघाट और धारचूला के झूला पुलों से दोनों देशों के बीच सबसे अधिक आवागमन होता है।

बीते दिनों नेपाल में आम चुनाव के चलते अंतरराष्ट्रीय सीमा सील होने का असर भारतीय बाजारों पर भी दिखा। स्थिति यह रही कि झूलाघाट, धारचूला, टनकपुर, बनबसा सहित सीमा क्षेत्र के बाजारों में होली पर्व पर भी दुकानें बंद नजर आयीं। हालांकि चुनाव संपन्न होते ही रौनक लौट आयी है।

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सरकार बनना लगभग तय है। इस बीच वहां के ताजा घटनाक्रम पर नेपाल सीमा से सटे गांवों में निवासरत भारतीय, नेपाली नागरिकों की भी नजर है। उन्हें नेपाल की भावी सरकार से काफी उम्मीदें हैं।

माना जा रहा है कि निकट भविष्य में पिथौरागढ़ और चंपावत क्षेत्र में नेपाल के लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र की व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, सदियों से दोनों देशों के चले आ रहे रोटी-बेटी के रिश्ते में व्यापार समेत अन्य सामाजिक कार्यों के साथ प्रगाढ़ता भी संभव है।

सीमा क्षेत्र में बसे दोनों देशों के नागरिकों ने कहा कि नेपाल में नई सरकार दोनों देशों के हितों को लेकर काम करेगी। इससे दोनों के बीच आपसी रिश्ते और भी मजबूत होंगे। प्रस्तुत है यहां के स्थानीय निवासियों की प्रतिक्रियाएं।

#### बोले भारतीय नागरिक



नेपाल में बनने वाली नई सरकार से देश की सीमा से लगे भारतीय क्षेत्र के लोगों में उम्मीदें बढ़ी हैं। नई सरकार के साथ भारत के संबंध बेहतर होंगे। सीमा पर आपसी रिश्ते मजबूत होंगे। -**शंकर खड़ायत**, झूलाघाट



नेपाल में बालेश शाह के नेतृत्व में बनने वाली सरकार में दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के रिश्ते और मजबूत होंगे। व्यापारिक संबंध भी बढ़ेंगे, इससे दोनों देशों के व्यापारियों को लाभ पहुंचेगा। -**दौलत पाल**, जौलजीबी

#### बोले नेपाल के नागरिक



नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के विजयी होने के बाद हमें नई सरकार से काफी उम्मीद है। नेपाल में फल-फूल रहे भष्ट्राचार का खात्मा होगा। इससे नेपाली राष्ट्र का विकास संभव है। -**प्रेम सिंह मार्कंड**, बैतड़ी



नेपाल में प्रतिनिधि सभा के चुनाव में युवा वर्ग को प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। पूर्व की पार्टियों ने अपना विकास किया। अब नई सरकार में नेपाल राष्ट्र का विकास होगा ऐसी उम्मीद है। -**खेम सिंह ठगुन्ना**, बैतड़ी

# कोसी नदी में नहाते समय डूब जाने से युवक की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** कोसी नदी में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बीएसएनएल की फाइबर लाइन में काम करने वाले तीन युवक मंगलवार को रनमन क्षेत्र के पास कोसी नदी में नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान धौलछीना क्षेत्र के ऊटिया गांव निवासी 20 वर्षीय गोकुल नेगी अचानक गहरे पानी की तरफ चला गया और डूबने लगा। साथ में मौजूद उसके साथी नीरज बिष्ट और जितेंद्र सिंह भोज ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में डूब गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद युवक को नदी से बाहर निकाला। जिसके बाद उसे उपचार के लिए राजकीय उप जिला चिकित्सालय सोमेश्वर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की असमय मौत से परिवार में शोक की लहर है। सोमेश्वर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन जोशी ने बताया कि मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पानी के संकट से निपटने को प्रशासन ने कसी कमर, टैंकरों से होगी आपूर्ति

### ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने को लेकर डीएम ने अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** पिथौरागढ़ प्रशासन ने ग्रीष्मकाल को देखते हुए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। जल संस्थान नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए संभावित प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा। जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में ग्रीष्मकाल के दौरान जिले में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को आयोजित की गई।

बैठक में ईई जल संस्थान सुरेश जोशी ने बताया कि उत्तराखण्ड जल संस्थान, पिथौरागढ़ में जल संस्थान द्वारा लगभग 83 हजार की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में कुल 12.89 एमएलडी पेयजल की मांग के सापेक्ष लगभग 10.75 एमएलडी जल उत्पादन किया जा रहा है, जिसके कारण कुछ क्षेत्रों में आंशिक कमी की स्थिति बनी हुई है। विभाग द्वारा इस कमी को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। चिन्हित पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों में टैंकर एवं पिकअप वाहनों के माध्यम से जल वितरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। विभाग द्वारा पिथौरागढ़ नगर के 40 वार्डों में से 39 वार्डों के कुछ मोहल्लों को पेयजल समस्या वाले क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।



डीएम ने ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने को बैठक में समझी व्यवस्था। ● अमृत विचार

#### बस्तियों में आवश्यकता अनुसार पेयजल

इसके अतिरिक्त गंगोलीहाट नगर के 7 वार्डों के 15 प्रभावित क्षेत्रों में भी टैंकरों द्वारा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। इसी प्रकार डीडीहाट, बेरीनाग तथा मुनस्यारी नगर क्षेत्रों के कुछ वार्डों में भी ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की समस्या उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए विभाग द्वारा टैंकरों से जल वितरण की व्यवस्था की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चिन्हित प्रभावित बस्तियों में आवश्यकता अनुसार पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

#### अधिकारियों ने की अपील

जल संस्थान के अधिकारियों ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे पेयजल का उपयोग संतुलित एवं जिम्मेदारीपूर्वक करें, ताकि सभी क्षेत्रों में समान रूप से जल उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या होने पर तत्काल विभाग को सूचित करें, जिससे शीघ्र समाधान किया जा सके।

# बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद में बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, पुलिस विभाग और एआरटीओ को संयुक्त रूप से नियमित निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य पूरा करने के निर्देश देते हुए बिना फिटनेस के वाहन संचालन, बिना हेलमेट वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा स्कूली बसों की नियमित चेकिंग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सड़क निर्माण से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं को रोड सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए सड़कों पर स्पीड लिमिट बोर्ड और आवश्यक साइनेज लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने जिला पंचायत को राजस्व लक्ष्य जल्द पूरा करने की अंतिम चेतावनी दी, जबकि नगर निकायों को राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सस्ता गल्ला गोदामों तथा सरकारी योजनाओं के तहत वितरित खाद्यान्न की नियमित जांच और सैंपलिंग के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल समेत सभी एसडीएम और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




बागेश्वर में अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

### 6 स्कूलों को भूमि का मालिकाना हक मिला

**टनकपुरः** मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूर्णागिरि के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 6 राजकीय विद्यालयों के परिसरों के लिए राज्य सरकार की भूमि को 'विद्यालयी शिक्षा विभाग' के नाम हस्तांतरित करने की महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह निर्णय उन विद्यालयों के लिए संजीवनी साबित होगा जो लंबे समय से भूमि अभिलेखों में नाम दर्ज न होने के कारण प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना कर रहे थे।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार टनकपुर क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नायकखेड़ा को 0.0632 हेक्टेयर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय टनकपुर (वार्ड नं. 3) को 0.018 हेक्टेयर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पचपकरिया को 0.0408 हेक्टेयर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरमदेव को 0.252 हेक्टेयर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय छीनीगोठ को 0.0948 हेक्टेयर और राजकीय प्राथमिक विद्यालय टनकपुर (वार्ड नं. 10) को 0.0613 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। यह समस्त भूमि विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन को हस्तांतरित की गई है।

डीएम मनीष कुमार ने कहा कि शासन के इस प्रयास से क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार आएगा।



चिता को मुखाग्नि देतीं डेविड हापकिंस की पुत्री दीपिका। ● अमृत विचार

### डेविड का हिंदू रीति रिवाज से हुआ अंतिम संस्कार

**बागेश्वर, अमृत विचार:** प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक व लक्ष्मी आश्रम कौसानी के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवा में आगे रहने वाले इंग्लैंड निवासी डेविड हापकिंस का मंगलवार को बागेश्वर स्थित सरयू गोमती संगम में अंतिम संस्कार किया। इस दौरान कई स्थानीय लोग व आश्रम की छात्राएं व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मी आश्रम के प्रमुख कार्यकर्ता डेविड हापकिंस मूल रूप से इंग्लैंड के निवासी थे तथा वर्ष 1973 में भारत आए तथा पर्यटन के रूप में कौसानी पहुंचे तो उन्होंने कौसानी के लक्ष्मी आश्रम को ही अपनी कर्मस्थली बना लिया था। साथ ही लक्ष्मी आश्रम की एक सदस्य हंसी साह के साथ परिणय सूत्र में बंध गए थे। उनकी पुत्री दीपिका हापकिंस प्रमुख रॉक क्लाइंबर अनुदेशक हैं। डेविड का सोमवार सुबह लक्ष्मी आश्रम कौसानी में निधन हो गया था। उनके शव को लेकर आज लक्ष्मी आश्रम की बहनें बागेश्वर स्थित सरयू गोमती के संगम पर पहुंची तथा उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी चिता को अग्नि उनकी पुत्री दीपिका हापकिंस ने दी।

# जिला न्यायालय को फिर बम की धमकी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिला न्यायालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से मंगलवार को न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धमकी भरा ई-मेल मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और सुरक्षा एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को जिला न्यायाधीश के आधिकारिक ई-मेल पर न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस सूचना के बाद मंगलवार सुबह पुलिस, खुफिया विभाग, एसडीआरएफ और बम निरोधक दस्ते की संयुक्त टीम न्यायालय परिसर पहुंची और सुरक्षा जांच शुरू की। टीम ने न्यायालय भवन के सभी कोर्ट कक्षों, रिकॉर्ड कक्ष, पार्किंग स्थल और आसपास के सार्वजनिक स्थानों की बारीकी से जांच की। न्यायालय में आने-जाने वाले लोगों व परिसर में खड़े वाहनों की भी जांच की गई। इसके साथ ही परिसर में अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने देने की अपील की गई तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई। सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद यह धमकी भी निराधार पाई गई, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी वाले मेल के बाद संयुक्त टीम ने न्यायालय परिसर की गहन छानबीन की है। सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। साथ ही अनावश्यक भीड़ नहीं लगाने और सीसीटीवी की मॉनिटरिंग रखने के निर्देश दिए हैं।



बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

### राज्य सरकार का बजट विकासोन्मुखीः अग्रवाल

**रानीखेतः** भाजपा के पूर्व दर्जा मंत्री रवि मोहन अग्रवाल ने गैरसैंण सत्र में पेश किए गए वर्ष 2026-27 के राज्य बजट को विकासोन्मुखी बताते हुए कहा कि यह बजट ग्रामीण क्षेत्रों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, रोजगार और आधारभूत संरचना के समग्र विकास को समर्पित है।

पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,11,703.21 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट पेश किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.41 प्रतिशत अधिक है। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रस्तुत बजट में पर्यटन, आधारभूत ढांचे, नारी सशक्तिकरण और युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में पर्यटन के लिए 100 करोड़ रुपये तथा कुंभ मेले के आयोजन के लिए 1027 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

# बेरोजगारी व बिगड़ती कानून व्यवस्था पर रोष

- अल्मोड़ा में कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की हुई सभा
- केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** देशव्यापी अभियान के तहत मंगलवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का दल अल्मोड़ा पहुंचा। चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में सदस्यों ने सभा कर केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश जताया।

मंगलवार को हुई सभा में सदस्यों ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ रही है, योजनाओं में भ्रष्टाचार व्याप्त है। बेरोजगारी के कारण पलायन बढ़ रहा है। शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति बदहाल बनी हुई है। इसके अलावा चार श्रम संहिताओं को तुरंत वापस लेने, मुक्त व्यापार समझौतों को रद्द करने, मनरेगा को बहाल करने, रोजगार के अवसर सृजित करने, आशा, भोजन माता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्थाई करने, ग्राम प्रहरी व वॉल्व फिल्टरों को न्यूनतम वेतन देने, राज्य में वन भूमि में रह रहे परिवारों को मालिकाना हक देने, देहरादून में कृषि भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने आदि की मांग की। यहां राजेंद्र सिंह नेगी, पुष्पेंद्र त्यागी, राजेंद्र पुरोहित, सुरेंद्र सिंह साजवान, नितिन मलेरा, पुरुषोत्तम बडोनी, सतीश धौलाखंडी, शैलेन्द्र परमार, अयाज खान, मनमोहन रौतेला, धीरज नेगी, यूसुफ तिवारी, सुनीता पांडे, राधा नेगी, विजय लक्ष्मी, प्रकाश जोशी रहे।

#### कार्यक्रम

### अल्मोड़ा प्रेस क्लब का हुआ शपथ ग्रहण समारोह, डीएम अंशुल सिंह ने दिलाई नव कार्यकारिणी को शपथ

# समाज व प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु है प्रेस : डीएम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में मंगलवार का उत्तराखंड प्रेस क्लब अल्मोड़ा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान डीएम अंशुल सिंह ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

प्रेस क्लब कार्यालय में आयोजित समारोह में डीएम ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि प्रेस समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है तथा जनहित के मुद्दों को सकारात्मक ढंग से सामने लाकर व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम योगदान देता है। कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज को सही, निष्पक्ष और तथ्यपरक जानकारी उपलब्ध कराना है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रेस क्लब अल्मोड़ा की नई कार्यकारिणी पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखते हुए समाजहित में कार्य करेगी और जनपद के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाएगी। वहीं, नव निर्वाचित अध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी ने कहा कि प्रेस क्लब अपने दायित्व में खरा उतरने की पूरी कोशिश करेगा। उन्होंने मुख्य अतिथि डीएम अंशुल सिंह का आभार जताते हुए कहा कि युवा एवं ऊर्जावान डीएम के सहयोग से प्रेस क्लब की प्रगति में अपेक्षित गति आएगी। संचालन कार्यालय उपसचिव कपिल मल्होत्रा एवं सचिव अशोक पांडे ने किया।



अल्मोड़ा में मंगलवार को नव गठित प्रेस क्लब कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण हुआ। ● अमृत विचार

#### इन पदाधिकारियों ने ली शपथ

उत्तराखंड प्रेस क्लब अल्मोड़ा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी, उपाध्यक्ष कमलेश कनवाल, सचिव अशोक पांडे, उप सचिव संस्था, मोहित अधिकारी, उप सचिव कार्यालय कपिल मल्होत्रा, संप्रेक्षक हरीश भंडारी, कोषाध्यक्ष संतोष बिष्ट, विधिक सलाहकार रोहित कार्की, संजय अग्रवाल, सदस्य कार्यकारिणी किशन चंद्र जोशी, हिमांशु लटवाल, शिवराज सिंह कपकोटी ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

# शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित और निस्तारित शिकायतों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतें शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं, इसलिए इनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि कई मामलों में समय पर कार्रवाई न होने के कारण शिकायतें अनावश्यक रूप से लंबित रहती हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में संबंधित विभागों को जिम्मेदारी तय करते हुए त्वरित कार्रवाई करनी होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका निस्तारण किया जाए। बैठक में एसडीएम सदर संजय कुमार, एसडीएम सौम्या गर्ब्याल सहित अन्य मौजूद रहे।

### जौलकांडे में एक साथ दिख रहे तीन गुलदार

**बागेश्वरः** जौलकांडे गांव में गुलदार के आतंक से ग्रामीण भयभीत है। सायं होते ही गुलदार गांव में दहाड़ रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक साथ तीन गुलदार देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाए जाने की मांग की है।

ग्रामीण प्रकाश चंद्र पांडे, भुवन पांडे, भुवन शर्मा, बसंत शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में हमेशा गुलदार का आवागमन रहता है परंतु एक सप्ताह से एक साथ तीन गुलदार देखे जा रहे है। कई बार ये गुलदार दिन में भी आबादी के आसपास दिख रहे हैं। बताया कि गांव के बच्चे स्कूल हेतु लगभग पांच किमी जंगल के रास्ते बागेश्वर के स्कूलों में आते हैं गुलदार के आतंक से बच्चों को स्कूल आना जाना मुश्किल किया। रात भर गुलदार के आवागमन व दहाड़ के चलते ग्रामीणों में दहशत है।

**अमृत विचार**

बुधवार, 11 मार्च 2026



मनुष्य को वाणी की जो देन मिली है, वह बड़ी भारी शक्ति है। वह दुनिया को बनाने वाली तीसरी ताकत है।

**–विनोवा भावे, संत**



# तेल संकट की धार

अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल की खरीद के लिए 30 दिन की छूट के पीछे हमारे प्रति सदाशयता का प्रदर्शन अथवा कोई दयानतदारी नहीं है। अमेरिका चाहता है कि तेल लेकर समुद्र में खड़े रूसी टैंकर उसके प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ रुख करें, इससे पहले यह तेल भारत की रिफाइनरियों में पहुंच जाए और फिर शोधित होकर उन देशों के पास जाएं, जो तेल के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। बेशक तेल संकट से परेशान देश कहीं न कहीं इस आफत के लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार मानेंगे और इससे उसकी साख गिरेगी। सो अमेरिका ने अपने हित में यह फैसला लिया है।

यह बात उसकी इस चेतावनी से ही साफ है कि यह अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है, इसे रूसी तेल खरीद के बारे में अमेरिकी नीति के बारे में किसी बदलाव का संकेत न समझा जाए। असल में पश्चिमी एशिया में छिड़े संघर्ष के चलते उन देशों को जो तेल के बड़े उत्पादक है, उन्हें छोड़ कर संसार के तकरीबन सारे ऐसे देशों पर जो ईंधन या ऊर्जा का बेतरह इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए वे आयात पर निर्भर हैं, तेल संकट गहराता जा रहा है। पाकिस्तान में तेल के दाम 55 रुपये फी लीटर बढ़ना, 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम के आदेश और सरकार के मंत्रियों, सलाहकारों को एक महीने बिन वेतन भत्ते के रहने की सलाह तथा बांग्लादेश में कई बड़े संस्थानों में सप्ताह भर की बंदी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, इसके नजदीकी गवाह हैं। सरकार ने कच्चे तेल के दाम 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से पहले पेट्रोल, डीजल का दाम न बढ़ाने का फैसला लिया है, पर दाम अभी 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जल्द ही इसके 130 डॉलर प्रति बैरल भी पहुंचने की पूरी आशंका है, फिर घरेलू गैस और सीनजी के दाम भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आसमान छू ही रहे हैं, तिसपर आपूर्ति भी बाधित है। देश के कई राज्यों में कामर्शियल सिलिंडर दुर्लभ है, तो साथ ही देश भर में घरेलू सिलिंडर की बुकिंग अवधि चार दिन बढ़ा दी गई है। यह सब इस बात का साफ संकेत है कि तेल का विकट संकट हमारे निकट भी आता जा रहा है, वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में 26 प्रतिशत से अधिक का उछाल और भारतीय शेयर बाजार में कोहराम भी यही कह रहा है।

यह जंग लंबी चली तो हमारा रिजर्व आखिर कब तक चलेगा? संकट बढ़ा तो हमें हर महीने सात से आठ अरब डॉलर का घटा झेलना पड़ेगा। फलस्वरूप मुद्रास्फीति, महंगाई बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा का नुकसान होगा, राजस्व घाटा तथा चालू खाते का घाटा भी बढ़ेगा। भारत ने अपने आपूर्ति आधार को 27 से बढ़ाकर 40 देशों तक फैलाना, होर्मुज के अलाव अन्य रास्ते से तेल मंगाने की व्यवस्था किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करता है। पर आसन्न संकट को देखते हुए संकट गहराने से पहले सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गैर जरूरी खपत को नियंत्रित करने एवं खरीद और भंडारण के नए तरीके तलाशे।

## प्रसंगवश

# दुनिया के लिए स्वास्थ्य संकट बनता धूम्रपान

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। नो स्मोकिंग डे 2026 का विषय 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है' है। यह नारा धूम्रपान छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था।

गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं, तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनो-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है।



**अतुल गोयल**
लेखक

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से एक पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं।

गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लंबाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है, जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं, जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत की बढ़ती ताकत और अमेरिका की बयानबाजी





**दिग्विजय सिंह**
कानपुर

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। इसका परिणाम यह है कि आज दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों में सुधार लाने में लगे हुए हैं। यहां तक कि तमाम मंचों पर भारत का विरोध कर चुका चीन भी अपने व्यापारिक व अन्य रिश्तों को सुधारने की जी तोड़ कोशिश कर रहा है, लेकिन अगर कोई सबसे ज्यादा घबराया हुआ है, तो वह है अमेरिका। अमेरिकी उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडौ ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग में अपनी इस घबराहट को जाहिर भी कर दिया। भारत से पहले ही चीन ने लैंडों के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देकर भारत के साथ खड़े होने के अपने इरादे को जाहिर कर दिया।

लैंडों का यह कहना कि अमेरिका, भारत को वैसी 'अनियंत्रित' आर्थिक छूट और बाजार पहुंच नहीं देगा, जैसी दो दशक पहले चीन को दी गई थी, जिसके चलते आज चीन, अमेरिका के एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। अमेरिका को लगता है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर रक्षा उत्पादों के खरीदार के साथ ही अब निर्यातक भी बन चुका है। तमाम क्षेत्रों में काम करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत भारत में अपने प्लांट लगा रही हैं।

भारत दुनिया का न सिर्फ बड़ा बाजार बन गया है, बल्कि बड़ा निर्यातक बनने की ओर भी अग्रसर है। ऐसे में अमेरिका की घबराहट स्वाभाविक है। पूरी दुनिया अब भारत की ओर हर मामले में देखती है, जो पहले कभी अमेरिका का मुंह देखती थी। वर्ष 2000 में तो चीन को परमानेंट नॉर्मल ट्रेड रिलेशंस या मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा तक दे दिया। चीनी उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम किए। वहां उत्पाद सस्ते होने की वजह से मांग बढ़ी और चीन ने अपने निर्यात को खूब बढ़ाया। अमेरिका ने 2001 में चीन को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य भी बनवा दिया। इससे तो पूरी दुनिया में चीनी उत्पादों के लिए बाजार खुल गए और फिर उसके सस्ते उत्पाद पूरी दुनिया के बाजारों में भर गए। 2001 में चीन का निर्यात 24.4 लाख करोड़ रुपये था, जो 2010 तक 145 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अमेरिकी कंपनियों ने सस्ते श्रम की वजह से चीन में अपने प्लांट लगाए।

> तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ने आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों को सुधारने में लगे हैं।

अब अमेरिका के साथ ही दुनिया के तमाम देशों की बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। अमेरिका को लगता है कि कहीं ऐसा न हो कि उनके यहां से भी कंपनियां अपने कारोबार को समेट कर भारत न चली जाएं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल कारोबार बंद करने की मांग पूरी न होने पर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाकर झटका दिया, हालांकि व्यापार समझौते पर सहमति के बाद टैरिफ को घटा तो दिया, लेकिन कड़ी शर्तें थोप दीं।

अमेरिका को डर है कि विभिन्न उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर हो रहा भारत धीरे धीरे व्यावसायिक मोर्चे पर अमेरिका को पछाड़ रहा है। कुछ देश, जो अमेरिका से हथियार खरीदते थे, अब वे भारत से भी रक्षा सौदे कर रहे हैं। यही वजह है कि लैंडौ ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका काम तो करना चाहता है, लेकिन भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका अपनी पुरानी गलतियों से सीख ले चुका है और चीन के साथ 20 साल पहले जो गलती की थी, अब वह उसे नहीं दोहराएगा।

भारत के साथ व्यापार समझौते में अमेरिका पूरी सावधानी बरत रहा है। अब वह अपने देश में भारत को बिना रोकटोक के पहुंच नहीं बनाने देगा। भारत को डेड इकोनॉमी कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निगाह भारत के हर व्यापारिक कदम पर है। भारत ने यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया और अब कई और देशों से करने की तैयारी है। 30 से अधिक देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुका है। ऐसे में अमेरिका के थिंकटैंक भारत को लेकर चिंतित दिख रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था की रफ्तार यदि ऐसी ही रही तो भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है।

उधर अमेरिका, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित दिख रहा है, तो चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के साथ अच्छे रिश्ते पर जोर दिया है और कहा है कि चीन और भारत के विकास के लिए आपसी भरोसा और सहयोग जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टकराव की स्थिति न सिर्फ भारत-चीन बल्कि पूरे एशिया के विकास में अड़चन का सबब बनेगा। वांग यी का बयान दर्शाता है कि चीन अब भारत के साथ अपने रिश्तों को सुधारने को आतुर है।

इस बार ब्रिक्स की मेजबानी भारत के पास है, जबकि अगली मेजबानी चीन करेगा। ऐसे में चीन की मंशा है कि दोनों देश ब्रिक्स के आयोजन में एक-दूसरे का साथ मजबूती के साथ दें। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का विरोध करने वाला चीन अब समर्थन कर देगा। चीन ने अब भारत का विरोध करना लगभग बंद कर दिया है। जब भी अमेरिका की ओर से भारत विरोधी बयान आते हैं, चीन की सरकार भारत के पक्ष में खड़ी हो जाती है। टैरिफ के मुद्दे पर भी चीन ने अमेरिका की आलोचना की थी।

चीन के बार-बार भारत के पक्ष में खड़े होने के मायने भी निकाले जा रहे हैं। विशेषज्ञों कहना है कि चीन अनायास ही भारत के साथ खड़ा नहीं हो रहा है। चीन चाहता है कि ब्रिक्स में तुर्की और पाकिस्तान की एंट्री हो जाए, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन है ही तुर्की भी भारत के लिए हर मौके पर विरोध करने का बहाना ढूंढता रहता है। ऐसे में भारत कभी नहीं चाहेगा की ब्रिक्स में चीन के दो सहयोगी राष्ट्र शामिल हों। दूसरे चीन भारत के साथ व्यापार में थोड़ी और सुगमता चाहता है।

## आमने सामने



ईरान के खिलाफ युद्ध जल्दी ही खत्म हो सकता है। इस युद्ध में अमेरिका काफी आगे चल रहा है। ईरान की सैन्य ताकत को तकरीबन खत्म कर दिया गया है। मुझे लगता है कि युद्ध लगभग खत्म हो चुका है, क्योंकि अब ईरान के पास कोई सेना नहीं है।

**–डोनॉल्ड ट्रंप**
राष्ट्रपति, अमेरिका

जंग का अंत हम तय करेंगे। इलाके के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सेना के हाथों में है। अमेरिकी सेना जंग खत्म नहीं करेगी। वह अब इस स्थिति में नहीं है। जंग खत्म करने का फैसला अब हमारी ओर से लिया जाएगा। अब चीजें पूरी तरह से हमारे पक्ष में हैं।

**–मोजतबा खामेनेई**
सुप्रीम लीडर, ईरान



# इंसानों को नौकरी पर रखने लगा एआई



**राजेश जैन**
वरिष्ठ पत्रकार

सदियों से इंसान मशीनों का मालिक रहा है। उसने मशीनें बनाईं, उन्हें काम सिखाया और उनसे उत्पादन करवाया, लेकिन अब इतिहास एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। पहली बार मशीनें या कहें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंसानों को काम पर रखने लगा है। यह बदलाव जितना चौंकाने वाला है, उतना ही गहरे अर्थ लिए हुए भी है। वर्षों तक यह आशंका जताई जाती रही थी कि एआई इंसानों की नौकरियां छीन लेगा, लेकिन अब एक नया परिदृश्य उभर रहा है, जहां एआई खुद इंसानों को भुगतान कर रहा है और उनसे अपने लिए काम करवा रहा है।

हाल ही में शुरू हुए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' ने इस नई व्यवस्था को वास्तविक रूप दिया है। इस ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर पांच लाख से अधिक लोग अपनी सेवाएं देने के लिए जुड़ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म की सबसे खास बात यह है कि यहां कोई पारंपरिक नियोक्ता नहीं है। यहां मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते- जैसे बाजार जाकर सामान लाना, किसी जगह की फोटो लेना, किसी कार्यक्रम में शामिल होना या वास्तविक दुनिया में किसी चीज की पुष्टि करना।

> डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' में मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते।

इस प्लेटफॉर्म के पीछे 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एलेक्जेंडर लिटेप्लो का विचार है। उन्होंने महसूस किया कि दुनिया में लाखों एआई एजेंट हैं, जो डिजिटल दुनिया में बेहद सक्षम हैं, लेकिन भौतिक दुनिया में उनकी उपस्थिति नहीं है। वे सोच सकते हैं, विश्लेषण कर सकते हैं, कोड लिख सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं, लेकिन वे चल नहीं सकते, देख नहीं सकते और छू नहीं सकते। इसी कमी को पूरा करने के लिए 'रेंट-ए-ह्यूमन' का जन्म हुआ। इसकी टैगलाइन 'एआई कैंट टच ग्रास, यू कैन' इस नई व्यवस्था की सच्चाई को बेहद सरल तरीके से व्यक्त करती है।

दिलचस्प बात यह है कि लिटेप्लो ने इस प्लेटफॉर्म को खुद नहीं बनाया। उन्होंने एआई एजेंट्स को ही इसका निर्माण करने का काम सौंप दिया और खुद अर्जेंटीना में पोलो खेलने चले गए। जब वे घुड़सवारी कर रहे थे, तब उनके डिजिटल एजेंट इस प्लेटफॉर्म को विकसित कर रहे थे। यह उदाहरण इस बात का प्रतीक है कि एआई अब केवल सहायक नहीं रहा, बल्कि एक सक्रिय कार्यकर्ता बन चुका है।

इस नई व्यवस्था में पूरा सिस्टम एआई द्वारा संचालित होता है। एआई एजेंट खुद नौकरी का विज्ञापन देते हैं, उम्मीदवारों का चयन करते हैं और काम पूरा होने के बाद भुगतान करते हैं। इंसान को अपने काम का प्रमाण फोटो या वीडियो के रूप में देना होता है। एक बार एआई द्वारा सत्यापन हो जाने के बाद भुगतान क्रिप्टोकरेंसी या डिजिटल वॉलेट के माध्यम से कर दिया जाता है। भुगतान की सुरक्षा के लिए एस्क्रो सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि काम पूरा होने पर व्यक्ति को उसका पैसा मिल जाए।

इस प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले काम कई बार बेहद अनोखे और दिलचस्प होते हैं। उदाहरण के लिए, वॉशिंगटन में एक एआई एजेंट ने एक व्यक्ति को प्रति घंटे 2700 रुपये देकर कबूतर गिनने का काम दिया। वहीं एक एआई, जो बैडमिंटन की रणनीति सीख रहा था, उसने प्रति घंटे 9000 रुपये देकर एक इंसान को अपना बैडमिंटन पार्टनर बनाया। टोरंटो के मिंजे कांग दुनिया के पहले व्यक्ति बने, जिन्हें एआई ने नौकरी दी। उनका काम केवल एक बोर्ड पकड़कर खड़ा होना था, जिस पर लिखा था- 'एआई ने मुझे यह बोर्ड पकड़ने के पैसे दिए हैं।' यह दृश्य केवल एक प्रयोग नहीं था, बल्कि भविष्य की एक झलक थी।

एआई द्वारा इंसानों को काम पर रखने की इस व्यवस्था का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि यह रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। खासतौर पर उन लोगों के लिए, जो फ्रीलांस या अंशकालिक काम करना चाहते हैं। अब केवल कंपनियां ही नहीं, बल्कि एआई एजेंट भी लोगों को काम दे सकते हैं। इससे रोजगार के स्रोत बढ़ सकते हैं।

यह मॉडल वैश्विक रोजगार के नए दरवाजे भी खोल सकता है। एक भारतीय युवा अमेरिका, यूरोप या किसी अन्य देश के एआई एजेंट के लिए काम कर सकता है, बिना उस देश में गए। इससे रोजगार का वैश्वीकरण और अधिक व्यापक हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए, जहां बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं, यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है।

एआई और इंसान का यह संयोजन उत्पादकता को कई गुना बढ़ा सकता है। एआई रणनीति और विश्लेषण कर सकता है, जबकि इंसान उसे वास्तविक दुनिया में लागू कर सकता है। इससे काम तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकता है। इस नए मॉडल के साथ कई गंभीर खतरे भी जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। यदि कोई एआई किसी व्यक्ति को खतरनाक काम दे और उसमें कोई दुर्घटना हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा? एआई की कोई कानूनी पहचान नहीं होती, इसलिए जवाबदेही तय करना मुश्किल हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# रहस्यमयी नींद

1871 की एक अजीब और रहस्यमय घटना है, 15 साल की एक लड़की एवेलिना कॉटन रात का खाना खाने के बाद सोने गई, लेकिन वह फिर कभी नहीं जागी।

डॉक्टरों ने उसकी जांच की। उसका दिल धड़क रहा था। उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन वह किसी भी चीज़ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी।

**बीएन थॉट**
ब्लॉगर

न दर्द पर। न आवाज़ पर। न छूने पर। ठंडा पानी डाला गया। तेज़ आवाज़ें की गई। यहां तक कि बिजली के झटके भी दिए गए, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया।

दिन बीत गए। फिर हफ्ते हफ्ते महीनों में बदल गए और महीने सालों में।

एवेलिना सोती ही रही। वह मरी नहीं थी। वह कोमा में भी नहीं थी। बस जैसे किसी गहरी रहस्यमयी नींद में खो गई थी।

उसकी मां ने उम्मीद नहीं छोड़ी। हर दिन वह एवेलिना के बाल संवारतीं। उसके कपड़े बदलतीं। उससे ऐसे बात करतीं, जैसे उसकी बेटी सब सुन रही हो।

फिर 9 साल बाद... एक सुबह अचानक एवेलिना ने अपनी आंखें खोल दीं। उसने चारों तरफ देखा और लगभग एक दशक बाद अपने पहले शब्द कहे, "सब लोग इतने बूढ़े क्यों लग रहे हैं?" वह लड़की अपनी नींद के बारे में किसी को कुछ भी नहीं बता सकी। न उसे यह ही पता था कि वह इतनी लंबी नींद सोई थी।

उसके लिए तो सिर्फ एक रात ही बीती थी लेकिन दुनिया में 9 साल गुजर चुके थे। आसपास काफी कुछ बदल चुका था। लड़की आसपास हुए बदलाव को लेकर काफी दिनों तक असहज और अचंभित रही।

डॉक्टरों ने इस पूरे मामले को समझने की काफी कोशिश की लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद आज तक इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने उस लड़की से भी काफी गहन पूछताछ की। लड़की के दिमाग को न कोई नुकसान हुआ था। न कोई बीमारी। डॉक्टरों ने इसे नाम दिया— 'लंबी कैटाटोनिक नींद'

एक नाम लेकिन कोई असली जवाब नहीं।

आज भी यह घटना मेडिकल इतिहास के सबसे रहस्यमय मामलों में से एक मानी जाती है।

यह घटना हमें बताती है कि कभी-कभी हमारा शरीर यहीं पर रह जाता है और समय हमारे बिना ही आगे बढ़ जाता है।

**–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# प्रशासनिक तंत्र पर जनता के मन में बढ़ता संदेह

हरियाणा के आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। जब जनता के सामने यह तथ्य आते हैं कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है। जमीन, प्लॉट, मकान, फार्महाउस या अन्य निवेश, तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में जिज्ञासा और सवाल दोनों पैदा होते हैं। यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जो जनता प्रशासन और शासन पर करती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कानून लागू करते हैं, अपराध पर नियंत्रण रखते हैं और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा करते हैं। ऐसे में जब उनकी आर्थिक स्थिति चर्चा का विषय बनती है, तो जनता यह समझना चाहती है कि यह संपत्ति किस प्रकार अर्जित हुई, क्या यह पूरी तरह वैधानिक है और क्या इस पर निगरानी की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है?



**डॉ. प्रियंका सौरभ**
लेखिका

संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। इससे शासन की पारदर्शिता बढ़ती है और नागरिकों को यह अधिकार मिलता है कि वे सत्ता से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत भी यही है कि सत्ता जनता से छिपी हुई नहीं होनी चाहिए। भारत में कई वर्षों से यह परंपरा रही है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण सरकार को देते हैं, लेकिन जब यह जानकारी सार्वजनिक होती है, तब उसका महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि तब समाज स्वयं भी उस पर नजर रख सकता है।

केवल आंकड़े सामने आ जाने से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली प्रश्न यह है कि क्या इन विवरणों की गंभीरता से जांच भी होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि घोषित संपत्ति वास्तविकता से मेल खाती है? क्या आय के स्रोत पूरी तरह स्पष्ट हैं? यदि यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाए तो पारदर्शिता का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। पारदर्शिता तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो।

सरकारी सेवाओं में काम करने वाले सभी अधिकारियों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। देश में अनेक ऐसे अधिकारी हैं, जिन्होंने ईमानदारी, सादगी और सेवा भावना की मिसाल कायम की है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। कई अधिकारी ऐसे भी हैं, जो वर्षों तक दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं, इसलिए किसी भी चर्चा को संतुलित दृष्टि से देखना आवश्यक है। कुछ मामलों के आधार पर पूरे तंत्र को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा।

दूसरी ओर यह भी सच है कि पिछले कुछ दशकों में प्रशासनिक तंत्र को लेकर जनता के मन में संदेह बढ़ा है। भ्रष्टाचार के कई मामलों ने लोगों का भरोसा कमजोर किया है। जब आम नागरिक रोजमर्रा के कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता है, रिश्वत की शिकायतें सुनता है या व्यवस्था की जटिलताओं से जूझता है, तो उसके मन में यह भावना पैदा होती है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। ऐसे माहौल में जब बड़े पैमाने पर संपत्तियों की खबर सामने आती है, तो संदेह और गहरा हो जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



पिछले दिनों लखनऊ स्थित 'लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल' द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से 'नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं' शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों को मिट्टी जैसे सहज और अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श-आधारित सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना था। कला शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी पहल केवल एक गतिविधि भर नहीं होती, बल्कि वे बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संवेदनात्मक जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

# कला शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना
# नई पीढ़ी के निर्माण की दिशा

## बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा



वास्तव में हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज कला प्रदर्शनी, कला कार्यशालाएं, लोककला शिविर, संगीत एवं नाट्य आयोजन जैसे कार्यक्रम अब केवल बड़े सांस्कृतिक केंद्रों अथवा केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि छोटे शहरों और जिलों में भी सक्रिय रूप से आयोजित हो रहे हैं। एक ओर शिक्षा संस्थान अब यह समझने लगे हैं कि कला शिक्षा बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर राज्य और केंद्र सरकार की सांस्कृतिक नीतियों ने भी इस दिशा में वातावरण तैयार किया है। उदाहरण के लिए बिहार में सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक पदाधिकारी की नियुक्ति की पहल ने स्थानीय स्तर पर कला-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति दी है। इन पदाधिकारियों की भूमिका केवल औपचारिक कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे स्थानीय कलाकारों, लोककलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों में लोक नृत्य, लोक संगीत, चित्रकला, शिल्प और नाट्यकला से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं। इससे जहां एक ओर स्थानीय कलाकारों व प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज के विभिन्न वर्गों में कला के प्रति रुचि और संवेदनशीलता का विकास भी हो रहा है।

## महापुरुषों का दृष्टिकोण

भारतीय संदर्भ में कला और संस्कृति को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इस संदर्भ में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का दृष्टिकोण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में निहित होती है। अपने लेखों और भाषणों में उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं- चाहे वे लोक कलाओं में हों या शास्त्रीय कलाओं में हमारी राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला हैं। उनका मानना था कि जब कोई समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाता है, तो उसकी राष्ट्रीय चेतना भी कमजोर पड़ जाती है।

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी कला और संस्कृति को राष्ट्र के बौद्धिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना। उन्होंने कहा था कि किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी कला, साहित्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। नेहरू के समय में ही अनेक राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना हुई, जिनका उद्देश्य भारतीय कला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार को सुनिश्चित करना था। इसी प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि भारतीय ग्राम्य जीवन में विकसित कला और शिल्प परंपराएं केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे समाज की आत्मनिर्भरता, श्रम-सम्मान और सांस्कृतिक स्वाभिमान की भी परिचायक हैं। इन विचारों के आलोक में देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कला शिक्षा केवल सौंदर्यबोध विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में संवेदनशीलता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का भी महत्वपूर्ण साधन है। यदि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही कला और संस्कृति से जोड़ा जाए, तो उनमें न केवल रचनात्मक सोच का विकास होता है, बल्कि वे अपने समाज और परंपराओं के प्रति भी अधिक जागरूक बनते हैं। इसी कारण आज यह आवश्यकता और भी अधिक महसूस की जा रही है कि प्राथमिक कक्षाओं से ही छात्रों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित की जाए। चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य और लोकशिल्प जैसी गतिविधियों को विद्यालयी शिक्षा के साथ समन्वित करने से बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति के विविध माध्यम मिलते हैं। इसके साथ-साथ वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि कोई भी राष्ट्र अपनी कला और संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए ही वैश्विक मंच पर सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करा सकता है।



ऐसे में विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों, स्थानीय समाज और सरकारों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वे कला शिक्षा को प्रोत्साहित करें और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करें। क्योंकि इस प्रयास में आयोजित छोटी-छोटी कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियां भविष्य में एक सशक्त सांस्कृतिक समाज की नींव तैयार करती हैं।

## अनोखी परंपरा

# तोप की गूंज से मिलता सहरी का पैगाम



राजस्थान के अजमेर शहर में पवित्र रमजान माह के दौरान एक अनोखी और ऐतिहासिक परंपरा आज भी जीवित है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल अलार्म के इस दौर में भी यहां सदियों पुरानी एक परंपरा लोगों को सहरी के लिए जगाने का काम करती है। जैसे ही रात गहराती है और शहर शांत नींद में डूब जाता है, तभी बड़ी पीर पहाड़ी की ओर से एक तेज और गूंजदार धमाके की आवाज सुनाई देती है। यह कोई सामान्य आवाज नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक तोप का धमाका होता है, जो रोजेदारों को सहरी के समय का संकेत देता है। तोप की यह आवाज सुनते ही शहर के कई इलाकों में लोग जाग जाते हैं और सहरी की तैयारी में लग जाते हैं।

यह परंपरा अजमेर की विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह से जुड़ी हुई है। दरगाह परिसर के समीप स्थित बड़ी पीर पहाड़ी से रमजान के पूरे महीने हर रोज तोप दागी जाती है। इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है और यह आवाज रोजेदारों के लिए अलार्म का काम करती है। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को निभाने वाली शख्सियत हैं फौजिया खान, जिन्हें अजमेर में लोग स्नेहपूर्वक 'तोपची' के नाम से जानते हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि इसे निभाने का जिम्मा एक महिला के हाथों में है, जो इसे और भी विशिष्ट बना देता है। फौजिया खान बताती हैं कि रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और उसके बाद दिनभर रोजा रखते हैं, जो सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ खोला जाता है। सहरी का समय सीमित होता है, इसलिए लोगों को समय पर जगाने के लिए यह परंपरा शुरू की गई थी।

इतिहासकारों के अनुसार, तोप चलाने की यह परंपरा मुगल काल से चली आ रही है। उस समय घड़ियों और आधुनिक साधनों का अभाव था, इसलिए लोगों को समय का संकेत देने के लिए इस तरह के तरीके अपनाए जाते थे। अजमेर में यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जा रही है। दिलचस्प बात यह भी है कि अजमेर शरीफ दरगाह में होने वाली कई महत्वपूर्ण रस्मों की शुरुआत भी इसी तोप के धमाके से होती है। गरीब नवाज के उर्स के आगाज का संकेत भी इसी तोप की आवाज से दिया जाता है। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में यह परंपरा हर वर्ष सुरक्षित रूप से निभाई जाती है। रमजान के दौरान अजमेर की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती है।

## आर्ट गैलरी

# हजारों साल पुरानी रॉक पेंटिंग



'उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मार्ग पर नगर से 14 किलोमीटर आगे पेटशाल गांव में नदी के किनारे स्थित है - लखुडियार। लखुडियार का शाब्दिक अर्थ है 'एक लाख (लख) गुफाएं (उडियार)। यह एक प्रागैतिहासिक शैलाश्रय (रॉक शेल्टर) है, जो शैल चित्रण के लिए प्रसिद्ध है। माना जाता है कि यह शैल चित्र लगभग 6000 वर्ष पुराने हैं और उस समय के आदिमानव द्वारा इन विशाल शिलाओं में बनाए गए थे। लखुडियार की खोज 1968 में डॉ .एमपी जोशी ने की थी। इस खोज के बाद अल्मोड़ा जिले के फड़कनौली, कलामाटी, मल्ला पनेली आदि स्थानों पर भी रॉक आश्रयों की खोज की गई। ये शैलाश्रय भौगोलिक दृष्टि से कालामाटी- दीनापानी पर्वत श्रृंखला की पूर्वी दिशा में लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में केंद्रित है। ये शैल चित्र उस समय के दैनिक जीवन, शिकार और सभ्यता को दर्शाते हैं। मुख्य सड़क से लगभग 25 मीटर अंदर सर्प के फन के समान आकृति की विशाल शिला में प्रागैतिहासिक मानव चित्रण कला का उत्कृष्ट अंकन मिलता है। चित्रों में अधिकांश मानव चित्रण के साथ साथ कहीं-कहीं पर पेड़ों तथा पशुओं की आकृति का चित्रण भी है। अलंकरण के लिए लहरदार रेखाओं और बिंदुओं का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। लहरदार रेखाओं को इतिहासकार नदी की लहरों के रूप में पहचानते हैं, तो कुछ इसे सर्प की आकृति बताते हैं।



दीपक नौगांई
लेखक

यहां पर छतनुमा चट्टान फर्श से बहुत आगे निकली हुई है। स्थल को देखकर लगता है कि अग्रभाग लगभग चार-पांच मीटर टूट चुका है। इस शिला में अधिकतर चित्र गहरे गेरुए रंग में बने हैं। कहीं-कहीं पर हल्के काले और सफेद रंग से बने चित्र भी दिखाई देते हैं। चित्रों की विषय वस्तु में मुख्यतः पंक्तिबद्ध मानव, पशु, वृक्ष, ज्यामितीय नमूने और आखेटीय चित्र हैं। मानव आकृतियां पंक्तिबद्ध में एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए चित्रित किए गए हैं। कहीं एक पंक्ति में दस तथा कहीं इससे कम मानव आकृतियां अंकित हैं। इसकी विशेषता यह है कि प्रथम मानव से अंतिम मानव एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए छोटे होते जा रहे हैं। शिला में ऐसे चित्रण भी हैं, जहां पंक्तिबद्ध मानव एक दूसरे का हाथ नहीं पकड़े हुए हैं। प्रथम दृश्य में ये मानव अपने हाथ में कोई वस्तु धारण किए हुए हैं। संभवत यह आखेट का चित्रण है। लखुडियार के चित्रों में मानव तथा वृक्षों के चित्र समान आकृति के प्रतीत होते हैं। किंतु मानव आकृतियों में स्पष्ट रूप से गर्दन सहित शीर्ष बनाया गया है। कहीं-कहीं मानव आकृतियों में सिर पर पीछे की ओर लंबे बालों के जुड़े अथवा चोटी बनाई गई है। संभवतः यह नारी की आकृति है। इन शैल चित्रों को देखकर लगता है कि तत्कालीन मानव ने अभिव्यक्ति के लिए भाषा से पहले कला का प्रयोग किया होगा। लखुडियार में प्राप्त शैल चित्रण से स्पष्ट है कि कुमाऊं क्षेत्र प्रागैतिहासिक काल से ही मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। पुरातत्व विभाग ने 1992 में लखुडियार को अपने सरंक्षण में तो ले लिया, पर इसे सुरक्षित और सहेजकर रखने के कोई इंतजाम नहीं किए है। मानवीय हस्तक्षेप तथा प्राकृतिक कारणों से अधिकांश चित्रण धूमिल हो गए हैं। यह स्थान इतिहासविद और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र है, जो हमें पाषाण युग की कलात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ता है। आज इस अद्भुत शैल चित्रण को संरक्षित और बचाने की जरूरत है।

## लोकायन

# कलाबाजी, संगीत और आस्था का संगम

उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति में अनेक पारंपरिक नृत्य रूप शामिल हैं, जो यहां की आस्था, जीवनशैली और सामुदायिक उत्सवों को जीवंत बनाते हैं। इन्हीं में से एक है लांगवीर नृत्य, जो राज्य के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। अपनी अनोखी शैली और रोमांचक प्रस्तुति के कारण यह नृत्य दर्शकों के लिए बेहद आकर्षक और यादगार अनुभव बन जाता है।

लांगवीर नृत्य की सबसे खास बात यह है कि यह सामान्य लोक नृत्यों से अलग एक प्रकार का कलाबाजी प्रधान नृत्य है। इसे परंपरागत रूप से केवल पुरुष कलाकार ही प्रस्तुत करते हैं। इस नृत्य की शुरुआत एक लंबे और मजबूत बांस के खंभे को जमीन में गाड़कर की जाती है। इसके बाद नर्तक बड़ी फुर्ती और कौशल के साथ उस खंभे पर चढ़ता है और ऊपर पहुंचकर अपनी नाभि के सहारे संतुलन बनाते हुए खड़ा हो जाता है। नर्तक का यह संतुलन ही इस नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक विशेषता है। खंभे के ऊपर पहुंचने के बाद कलाकार धीरे-धीरे अपने शरीर को संतुलित करते हुए गोल-गोल घूमता है और हाथ-पैरों की सहायता से विभिन्न कलाबाजी के करतब दिखाता है। यह दृश्य दर्शकों को रोमांच से भर देता है और नर्तक की शारीरिक क्षमता तथा अभ्यास का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। नृत्य के दौरान नीचे खड़े संगीतकार ढोल और दमाना जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हैं। इन वाद्यों की ताल और लय के साथ नर्तक अपने करतबों को और भी प्रभावशाली बना देता है।

लांगवीर नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। लोकमान्यता के अनुसार इस नृत्य का उद्देश्य नाटक, संगीत और कलाबाजी के माध्यम से देवताओं का मनोरंजन करना और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। इसलिए इसे अक्सर मेलों, पर्व-त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। खंभे के ऊपर पेट के बल संतुलन बनाते हुए घूमते कलाकार को देखना दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव होता है। यही कारण है कि लांगवीर नृत्य उत्तराखंड सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।





# प्रकृति का सूक्ष्म संगीत और चैत्र

चैत्र और वसंत के संधिकाल में जब प्रकृति अपने नवजीवन की आभा से भर उठती है, तब आम के वृक्षों पर आने वाले बौर एक अद्भुत सौंदर्य और सुगंध का संसार रच देते हैं। यह दृश्य केवल एक वृक्ष के फूलने का नहीं, बल्कि पूरे परिवेश के जाग्रत होने का संकेत है। आम के बौर, जो सूक्ष्म और कोमल पुष्पों के गुच्छों के रूप में शाखाओं पर झूलते दिखाई देते हैं, प्रकृति के उस सूक्ष्म सौंदर्य का प्रतीक हैं, जिसे देखने के लिए संवेदनशील दृष्टि और अनुभवशील मन की आवश्यकता होती है। डालियों पर फैले छोटे-छोटे पुष्पों का यह गुच्छा किसी कलाकार की सूक्ष्म रचना जैसा प्रतीत होता है। प्रत्येक कली और फूल जीवन की उस संभावना का प्रतीक है, जो आगे चलकर मीठे और रसपूर्ण फलों का रूप लेती है। यही कारण है कि भारतीय ग्रामीण जीवन में आम के बौर को केवल एक वनस्पतिक घटना नहीं माना जाता, बल्कि इसे समृद्धि और आशा के आगमन का संकेत भी समझा जाता है। आम के वृक्षों पर जब बौर आते हैं, तब वातावरण में एक विशिष्ट प्रकार की मादक सुगंध फैल जाती है। यह सुगंध इतनी सूक्ष्म होती है कि वह हवा के साथ बहते हुए धीरे-धीरे मन के भीतर तक उतर जाती है। ग्रामीण अंचलों में यह समय विशेष उल्लास का होता है, क्योंकि आम के बौर आने का अर्थ है कि प्रकृति अपने अगले मधुर फल की तैयारी कर रही है। किसान और ग्रामीण जन इसे आने वाले फलों की पहली आहट के रूप में अनुभव करते हैं। छोटे-छोटे फूलों से भरी यह शाखाएं यह भी बताती है कि प्रकृति की महानता उसकी विराटता में ही नहीं, बल्कि उसकी सूक्ष्मता में भी छिपी हुई है। भारतीय काव्य और लोकपरंपरा में आम के बौर का विशेष महत्व रहा है। कवियों ने इसे प्रेम, सौंदर्य और नवजीवन के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है। लोकगीतों में भी बौराए आम का उल्लेख अक्सर मिलता है, जहां यह ऋतु के परिवर्तन और मन के उल्लास का संकेत बन जाता है। जब वसंत की बयार इन बौरों को हल्के से स्पर्श करती है, तब वे झूमते हुए मानो प्रकृति के संगीत पर थिरकने लगते हैं। इस प्रकार यह छोटा-सा बौर केवल एक फूलों का गुच्छा नहीं, बल्कि प्रकृति की उस चिरंतन प्रक्रिया का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष जीवन नए रूप में जन्म लेता है। यह हमें यह भी स्मरण कराता है कि हर नई शुरुआत पहले एक सूक्ष्म कली के रूप में ही जन्म लेती है और समय के साथ वह फलित होकर जीवन को मधुरता से भर देती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,205.98 | 24,261.60 |
| बढ़त | 639.82 | 233.55 |
| प्रतिशत में | 0.82 | 0.97 |

सोना 1,64,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,79,275 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, बुधवार, 11 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** – तुलसी 2475, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2550, रविन्द्रा 2440, फॉर्चुन 13kg 2260, जय जवान 2095, सचिन 2200, सूरज 2095, अवसर 2040, उजाला 2090, गृहणी 13 kg 2025, क्लासिक (kg) 2350, मोर 2300, चक्र टिन 2445, ब्लू 2275, आशीर्वाद मस्टर्ड 2430, स्वास्तिक 2430

**किराना** – निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल** – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन** – मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** – पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम :** सोना–पक्के आभूषण 162500, सोना गिन्नी 158500, चांदी (पक्की) 2750 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल** : शरबती– 3600 मसूरी– 1200 बासमती– 7400–8000 परमल– 1200–3000

**दाल दलहन** – काला चना– 2400–2800 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 8000–12000 दाल उड़द– 6200

**साबुत मसूर दाल** – 3200 मसूर दाल– 1500 उड़द साबुत– 10200 काबुली चना– 6000–10200 अरहर दाल– 10400 –12200 लोबिया/करमानी– 1600–3200

## बिजनेस ब्रीफ

### पांच साल में 36 नये मॉडल उतारेगा रेनो ग्रुप

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता रेनो ग्रुप ने अगले पांच साल में 36 नये मॉडल उतारने की घोषणा की है। कंपनी ने मंगलवार को एक नयी रणनीतिक योजना 'फ्यूचरेडी' की घोषणा की जिसके तहत साल 2030 तक 36 नये मॉडल बाजार में पेश करने की योजाना है। इनमें 16 इलेक्ट्रिक वाहन और 14 अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए बनाये गये वाहन होंगे। रेनो ग्रुप की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फ्यूचरेडी के साथ कंपनी मानक यूरोपीय कार निर्माता बनना चाहती है। यह चार स्तंभों, विकास, प्रौद्योगिकी, उत्कृष्टता और विश्वास पर आधारित होगा। यूरोप के अलावा कंपनी भारत, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर भी फोकस कर रही है जो उसके प्रमुख बाजार हैं।

# दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किये आसान

## केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले-मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को फोर लेन बनाने का प्रस्ताव भी मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एफडीआई, दिवाला-कंपनी कानून संशोधन और दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे के बदनावर–टिमरवानी खंड को चार लेन का करने के प्रस्ताव को मंजूरी समेत कई बड़े फैसले किये। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवाला कानून और कंपनी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी के संबंध में अभी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और कंपनी अधिनियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों को मंजूरी दे दी गयी है। इन दोनों कानूनों को कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय लागू करता है। पिछले साल अगस्त में मंत्रालय ने लोकसभा में आईबीसी में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था। इस विधेयक में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनका उद्देश्य दिवाला मामलों की प्रक्रिया को तेज करना और आवेदन स्वीकार करने में लगने वाले समय को कम करना है। इस विधेयक को लोकसभा की एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने दिसंबर, 2025 में अपनी रिपोर्ट भी दे दी है। पिछले महीने वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार बजट सत्र के दूसरे भाग में आईबीसी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने चाहती है।

इसके अलावा एक अन्य फैसले में सरकार ने सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया गया है। हालांकि, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा की मंत्रिमंडल द्वारा आज ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इकाई है जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से संबंधित मामलों को देखता है।




इस प्रेस नोट के तहत जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेने की जरूरत है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं।

भारत में अप्रैल, 2000 से दिसंबर, 2025 तक आये कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.32 प्रतिशत (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) है और वह 23वें स्थान पर है। जून, 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी थी। इसके बाद भारत ने टिक टॉक, वीचैट और अलीबाबा के यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, फिर भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को चार लेन का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस परियोजना की कुल लागत 3,839.42 करोड़ रुपये होगी और इसे सरकार और निजी कंपनियों की साझेदारी में पूरा किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने एनएच-752डी के बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी खंड के 80.45 किलोमीटर लंबे चार-लेन गलियारे के विकास को मंजूरी दी है। परियोजना का निर्माण कार्य 24 महीने में पूरा होगा।

# अखबारी कागज की गुणवत्ता, मानकों पर आईएनएस चिंतित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को घरेलू अखबारी कागज की गुणवत्ता और मानकों को लेकर चिंता व्यक्त की है। सोसाइटी ने कहा कि जब तक देश में अखबारी कागज के उत्पादन की क्षमता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक भारत में अख़बारों के समय पर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए कागज के आयात की जरूरत बनी रहेगी। आईएनएस के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 123 अखबारी कागज मिलें हैं, जिनकी स्थापित क्षमता लगभग 22 लाख टन प्रति वर्ष है। लेकिन वास्तविक उत्पादन आंकड़े इस दावे से काफी कम हैं, जिससे घरेलू उपलब्धता पर्याप्त नहीं दिखाई देती।

# सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला

## निफ्टी भी 233.55 चढ़ा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध जल्दी खत्म होने संबंधी बयान का असर

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौट आयी। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.82 अंक (0.82 फीसदी) चढ़कर 78,205.98 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत ऊपर 24,261.60 अंक पर बंद हुआ। बीती 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में दोनों प्रमुख सूचकांक 5.7 प्रतिशत टूट गये थे। इस दौरान सिर्फ एक दिन बाजार में तेजी रही थी।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने संबंधी बयान के बाद वैश्विक स्तर पर सभी शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी। घरेलू शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी और तेल एवं गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, रियलिटी, फार्मा, धातु, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली ज्यादा रही। एनएसई में कुल 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,544 के शेयर हरे और 673 के लाल निशान में रहे। अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर 3.46 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.30 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 2.73, मारुति सुजुकी में 2.71, एशियन पेंट्स में 2.70, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.42, टाटा स्टील में 2.09 और एक्सिस बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.48 प्रतिशत, टाइटन का 1.47, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.41, बीईएल का 1.29, भारतीय स्टेट बैंक का 1.24, एचडीएफसी बैंक का 1.18 और पावरग्रिड का 1.08 प्रतिशत चढ़ गया।

आईटीसी, एलएंडटी, ट्रेंट और सनफार्मा के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 1.50 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.43 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.08 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.88 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 2.17 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 फीसदी की मजबूती में बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स फिलहाल 2.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.56 प्रतिशत ऊपर है।

### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4 .1 प्रतिशत टूटकर 94 .20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड 4 .89 प्रतिशत उतरकर 90 .3 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। इससे पहले सोमवार को कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी देखी गयी थी और एक समय यह 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। अमेरिका और इजरायल द्वारा 28 फरवरी को एक संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान पर किये गये हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। ईरान पर हमले और उसकी जवाबी प्रतिक्रिया के कारण पश्चिमी एशिया में इन दोनों गंभीर भू राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं।

# अवसरवादी एवं अनुचित मूल्य निर्धारण से बचें जहाजरानी कंपनियां

**मुंबई, एजेंसी**

पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि जहाजरानी कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा।

यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की शिकायतें मिली थीं।

डीजीएस के अनुसार, जहाजरानी कंपनियों, मालवाहकों

- नौवहन महानिदेशालय ने कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को दी सलाह

और उनके एजेंटों द्वारा लगाए जा रहे कई सहायक शुल्क अपारदर्शी और अवसरवादी प्रकृति के माने जा रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक श्रृंखला में लेनदेन की लागत बढ़ जा रही है। नियामक ने कहा कि ये शुल्क मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने के तरीके लग रहे हैं।

डीजीएस ने परामर्श में कहा कि कंपनियों को निष्पक्ष व्यापार व्यवहार का पालन करना चाहिए और ऐसे शुल्क लगाने से बचना चाहिए जिससे आयात-निर्यात व्यापार में विवाद की स्थिति पैदा हो सकती हो।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हो गया है। इस वजह से जहाजों के लिए माल लेकर आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है।

# बंदरगाह में फंसे एशिया जाने वाले कंटेनर को मिलेगी शुल्क में छूट

**मुंबई, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीए) के कंटेनर टर्मिनल संचालक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न बाधाओं के मद्देनजर बंदरगाह पर फंसे पश्चिम एशिया जाने वाले कंटेनर पर 15 दिन तक के लिए 'ग्राउंड रेंट' और 'ड्वेल टाइम' शुल्क में शत-प्रतिशत छूट देंगे। जेएनपीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह की सीमा के भीतर कंटेनर रखने के लिए वसूला जाने वाला किराया ग्राउंड रेंट कहलाता है, जबकि कंटेनर के बंदरगाह पर पहुंचने से लेकर वहां से रवाना होने तक के कुल समय को ड्वेल टाइम कहा जाता है। यह बंदरगाह पर माल के ठहराव और भंडारण पर लगने वाला शुल्क है।

इसके अतिरिक्त, जेएनपीए ने हितधारकों को सूचित किया कि जल्दी खराब होने वाले सामान के लिए इस्तेमाल होने वाले रीफर (प्रशीतित/ठंडे) कंटेनर को बिजली आपूर्ति के लिए लगने वाले 'रीफर प्लग-इन' शुल्क में भी 15 दिन तक 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

यह राहत उन कंटेनर पर लागू होगी जो 28 फरवरी से बंदरगाह के भीतर थे या आठ मार्च को सुबह सात बजे तक वहां पहुंच चुके थे।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निपटाये धोखाधड़ी के 645 करोड़ के दावे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि चंडीगढ़ की एक शाखा में सामने आए धोखाधड़ी मामले से जुड़े दावों का निपटान 645 करोड़ रुपये में कर दिया गया है। बैंक ने पिछले महीने बताया था कि चंडीगढ़ स्थित उसकी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ खातों से जुड़े मामलों में कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। बैंक ने शेयर बाजार को दी नवीनतम सूचना में कहा कि पहले इस राशि का आकार 590 करोड़ रुपये रहने का अनुमान था लेकिन बाद में मिले दावों के आधार पर 645 करोड़ रुपये की मूल राशि का भुगतान किया गया है।

# काम बंद करने को मजबूर हो सकते हैं होटल-रेस्तरां

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी समस्याएं सामने आ रही हैं।



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची में संशोधन किया है और एलपीजी उत्पादन को सीएनजी और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के साथ शीर्ष पर रखा है। इससे बाजार मूल्य पर वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल और रेस्तरां के लिए आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) के प्रवक्ता शेट्टी ने कहा कि बीते एक सप्ताह में वाणिज्यिक एलपीजी की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है और सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। कहा कि हमें मुंबई, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर जैसे शहरों से भी गंभीर किल्लत की खबरें मिल रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह की समस्याएं हैं।

अगर अगले दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरती है तो मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत होटल एवं रेस्तरां को अपने पास उपलब्ध गैस सिलेंडरों के मौजूदा भंडार के आधार पर अस्थायी रूप से संचालन बंद करने को मजबूर होना पड़ सकता है।

### पेट्रोलियम मंत्री से वाणिज्यिक सिलेंडर पर हस्तक्षेप की मांग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में कमी को लेकर ओडिशा होटल एवं रेस्तरां संघ (एचआरएओ) ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से हस्तक्षेप कर एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। एचआरएओ ने पुरी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में व्यवधान से आतिथ्य उद्योग के संचालन में गंभीर कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि होटल और रेस्तरां अपने रोजमर्रा के रसोई संचालन के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की निरंतर आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भर हैं।

**अच्छी खबर** — रोजगार परिदृश्य रिकॉर्ड स्तर पर

# अप्रैल–जून तिमाही में नियुक्तियां बढ़ने की उम्मीद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर भारतीय नियोक्ताओं ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों के इरादे में मजबूती दर्ज की है। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, साल 2026 की दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। यह पिछली तिमाही से 17 अंक और पिछले साल की समान तिमाही से 24 अंक अधिक है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि ये आंकड़ा दोहरी



वास्तविकता पेश करता है। एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है। लगभग 82 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जरूरत के अनुसार कौशल वाले लोग ढूंढने में कठिनाई की बात कही है।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में भारत में 'वित्त और बीमा' क्षेत्र 71 प्रतिशत गके रोजगार परिदृश्य के साथ सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। इसके बाद संख्या के आधार पर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होने का अनुमान है।

देश के चारों क्षेत्रों के संगठनों ने आगामी तिमाही में कर्मचारियों की

- मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

संख्या में वृद्धि का अनुमान जताया है। उत्तर भारत 70 के एनईओ के साथ सबसे आगे है, जबकि आतिथ्य क्षेत्र (31 प्रतिशत) ने इस तिमाही में नियुक्तियों के प्रति सबसे सतर्क रुख (यानी सबसे कम भर्तियां करने) के संकेत दिए हैं।

सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि लगभग 87 प्रतिशत संगठन नियुक्तियों और प्रशिक्षण के लिए पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, 40 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि एआई का सबसे अधिक लाभ प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में मिल रहा है।

# 25,978 करोड़ हुआ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में फरवरी के दौरान शुद्ध निवेश आठ प्रतिशत बढ़कर 25,978 करोड़ रुपये हो गया। उद्योग संगठन एम्फी ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

इस निवेश के साथ ही म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) फरवरी महीने में बढ़कर 82 लाख करोड़ रुपये हो गईं। जनवरी में इसका एयूएम 81 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेंकट एन चलसानी ने कहा कि इक्विटी योजनाओं में सकारात्मक प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनने के कारण बढ़े निवेशक भरोसे का नतीजा हो सकता है।

# सरकार ने उर्वरक संयंत्रों को कम से कम 70% प्राकृतिक गैस आपूर्ति की गारंटी दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए 'प्राथमिकता क्षेत्र-2' में रखा गया है। इस कदम से उन्हें उनकी औसत प्राकृतिक गैस खपत का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा मिलने की गारंटी मिलती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मिट्टी के लिए ज़रूरी पोषक तत्वों का घरेलू उत्पादन, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति में आने वाली रुकावटों से प्रभावित न हो।

उर्वरक मंत्रालय ने नौ मार्च को प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश-2026 में इस फैसले को अधिसूचित करते हुए बताया कि यह



औसत, पिछले छह महीनों की खपत के आधार पर निकाला जाएगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस उपाय का मकसद उर्वरक उत्पादन को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली रुकावटों, खासकर पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों से बचाना है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यह चिंता जताई जा रही है कि पश्चिम एशिया में राजनीतिक अस्थिरता के कारण एलएनजी की खेप की आवाजाही बाधित हो सकती है और खरीफ की बुवाई के अहम मौसम से ठीक पहले उर्वरक उत्पादन पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।

मंगलवार को उर्वरक विभाग में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में सभी उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में उन्होंने अपनी तैयारियों की स्थिति से अवगत कराया और सामने आ रही चुनौतियों को भी रेखांकित किया। बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### केन्या : दो बाइक की टक्कर के बाद भीड़ पर चढ़ा ट्रक, 14 की मौत

**वेबुये।** केन्या के वेबुये-किटाले राजमार्ग पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस हादसे में दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जब आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए जमा हुए, तभी एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया। ट्रक की चपेट में आने से 10 लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में चार घायलों की मृत्यु हो गई। 16 घायलों का उपचार चल रहा है, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### हिंसा के बाद मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स में सेना तैनात की गई

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में सेना तैनात कर दी गई है, जहां दो गुटों के बीच झड़प होने के बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में दो लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के दौरान तनाव के बीच हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, 'नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर पश्चिम गारो हिल्स में सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं और वे फ्लैग मार्च कर रही हैं।' हालांकि, उन्होंने इस बारे में नहीं बताया कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए कितने सैन्यकर्मी तैनात किए गए हैं।

### राजौरी में पाकिस्तानी आतंकी ढेर, घुसपैठ की कोशिश विफल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि खुफिया एजेंसियों से मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे लाइन ऑफ कंट्रोल पर नौशेरा सेक्टर में झंगर क्षेत्र में दो आतंकवादियों की गतिविधि देखी गई। इसके बाद सतर्क सैनिकों ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया। मुठभेड़ के दौरान पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी को मार गिराया गया और नियंत्रण रेखा की सुरक्षा में किसी भी तरह की सेंध नहीं लगने दी गई।

## कनाडा के स्कूल में गोलीबारी मामले में ओपनएआई पर केस

● **घायल छात्रा के परिवार ने चैटबॉट पर लगाया साजिश के बारे में पहले से पता होने का आरोप**

**वैंकूवर।** कनाडा में स्कूल में हुई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल एक छात्रा के माता-पिता ने सोमवार को दायर दीवानी मुकदमे में आरोप लगाया कि चैटबॉट बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को पहले से पता था कि हमलावर सामूहिक हमले की योजना बना रहा था।

मुकदमे के अनुसार, कंपनी के एआई आधारित संवाद प्रोग्राम चैटजीपीटी का उपयोग हमलावर ने हमले की योजना बनाने के लिए किया था। ओपनएआई ने कहा है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। बाद में 10 फरवरी को ब्रिटिश कोलंबिया के टम्ब्लर रिज में हुई गोलीबारी के बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

इस हमले में हमलावर जेस वान रूस्टसेलार ने आठ लोगों की हत्या करने के बाद स्वयं भी जान दे दी थी। कंपनी के अनुसार हमलावर का चैटजीपीटी खाता बंद कर दिया गया था, लेकिन उसने दूसरा खाता बनाकर प्रतिबंध से बचने की कोशिश की।

ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंपनी को इस बात की विशिष्ट जानकारी थी कि हमलावर टम्बलर रिज जैसी बड़ी जनहानि वाली घटना की योजना बनाने के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा था।

## ऊर्जा खपत कम करने में जुटे देश

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में भारी उथल-पुथल है। कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, हालांकि ताजा घटनाक्रम और अमेरिकी बयानों के बाद बाजार में कुछ स्थिरता के संकेत मिले हैं। 9 मार्च को ब्रेंट क्रूड की कीमतें 119 .50 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर तक पहुंच गई थीं जो 10 मार्च को 90 डॉलर के आसपास आ गईं। इसके बाद भी ईरान द्वारा महत्वपूर्ण जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनियों के कारण अनिश्चितता छायी हुई है और दुनिया की 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति और एलएनजी पर खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट बढ़ने की आशंकाओं से घिरे दुनिया भर के देशों ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू अपनी ऊर्जा खपत को कम करना है।

## तेल संकट की आहट



### उत्पादन-आपूर्ति पर असर

- युद्ध के बीच हॉर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी से कई खाड़ी देशों की तेल आपूर्ति और उत्पादन पर गंभीर असर पड़ा है।
- अपने तेल ढांचों पर हमलों की संभावना को देखते हुए प्रमुख तेल उत्पादक देश ईरान का निर्यात काफी हद तक बाधित है।
- कुवैत और इराक ने अपने उत्पादन में कटौती की है, क्योंकि उनके पास तेल को स्टोर करने की जगह भी खत्म हो रही है।
- दुनिया में एलएनजी के प्रमुख निर्यातक कतर की आपूर्ति पर हॉर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से लगभग रोक लग गई है।
- सऊदी अरब ने लाल सागर के रास्ते पाइपलाइनों से तेल आपूर्ति शुरू की है, मगर निर्यात क्षमता में बड़ी गिरावट आई है।

### ओपेक का रुख

- ओपेक देशों ने अनिश्चितता देखते हुए उत्पादन में वृद्धि नहीं की है, जिसके कारण आपूर्ति की कमी बनी हुई है।

### पूरी दुनिया में चिंता

- अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों के साथ दुनिया के प्रमुख देश ऊर्जा संरक्षण के लिए सख्त और रणनीतिक उपाय लागू कर रहे हैं।
- अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों ने अपने आपातकालीन तेल भंडार से लाखों बैरल तेल बाजार में जारी किया है।
- संकट ने सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए मजबूर किया है ताकि तेल निर्भरता को कम किया जा सके।

### इन देशों में कड़े कदम

- पाकिस्तान में चारदिवसीय कार्य सप्ताह, स्कूल दो सप्ताह के लिए बंद, सरकारी कर्मचारियों के ईंधन भत्ते में 50% कटौती।
- थाईलैंड में सिविल सेवकों को वर्क फ्रॉम होम, लिफ्ट बंद, कार्यालयों में एसी का तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस निर्धारित।
- वियतनाम में निजी कंपनियों को कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम कराने का निर्देश, ईंधन पर आयात शुल्क हटाने की योजना।
- बांग्लादेश सरकार की ओर से बिजली की खपत कम करने के लिए विश्वविद्यालयों में समय से पहले घोषित की गईं छुट्टियां।

### ये भी उपाय

- कई देशों ने निजी वाहनों का उपयोग कम कर सार्वजनिक परिवहन मुफ्त कर दिया है। संडे को कार फ्री घोषित कर रात में लाइटिंग को जल्दी बंद किया जा रहा है।

### भारत की पहल

- भारत सरकार ने सरकार ने नेचुरल गैस (सप्लाई रेगुलेशन) ऑर्डर, 2026 लागू किया है।
- इसके तहत सबसे पहले घरेलू पीएनजी, सीएनजी, उर्वरक उत्पादन को गैस दी जा रही है।
- बड़े रेस्टोरेंट जैसे गैरजरूरी उद्योगों और व्यवसायों के लिए आपूर्ति में कटौती की गई है।
- एलपीजी की जमाखोरी रोकने को रिफिल बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन।

# नाम हटाने के खिलाफ अपील की सुनवाई के लिए न्यायाधिकरण बनाने का आदेश

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, निर्वाचन आयोग को अधिसूचना जारी करने का निर्देश

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपीलों पर सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पीठ गठित कर सकते हैं। शीर्ष कोर्ट ने इसके साथ निर्वाचन आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों के फैसलों के खिलाफ अपीलों पर सुनवाई के लिए एक अपीलीय निकाय गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का भी निर्देश दिया।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जैसे ही मुख्य न्यायाधीश पूरक सूचियों के प्रकाशन के संबंध में उचित सिफारिश करेंगे, चुनाव आयोग को उस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पीठ ने कहा



कि आयोग के पोर्टल में तकनीकी व्यवधानों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी कोई बाधा न उत्पन्न हो। पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए नई लॉगिन आईडी शीघ्र बनाई जाएं, ताकि मतदाता सूचियों में संशोधन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके। पीठ ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा निर्वाचन आयोग के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती।

### चीफ जस्टिस की मंजूरी बिना कोई कदम न उठाए आयोग

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उसकी ओर से कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के बिना ऐसा कोई अनिवार्य कदम न उठाया जाए, जिससे पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया बाधित हो। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग के साथ राज्य सरकार को भी निर्देश दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में न्यायिक अधिकारियों को हर तरह की सहायता प्रदान की जाए।

### आईटी नियमों को रद्द करने संबंधी बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र की याचिका पर विचार करने पर सहमति

**फैसले पर रोक लगाने से इन्कार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री को विनियमित करने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में सरकार द्वारा 2023 में किए गए संशोधनों को रद्द करने संबंधी मुंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर विचार करेगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि 2024 के मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें न केवल संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को रद्द कर दिया गया था बल्कि उन्हें 'असंवैधानिक' भी करार दिया गया था। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स सहित मूल याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए सीजेआई ने कहा कि बेहतर होगा कि इस पूरे मामले का अंतिम निर्णय आ जाए।

### सोशल मीडिया पोस्ट विवाद: नेहा सिंह को अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के कारण दर्ज मामले में मंगलवार को लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि राठौर संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश हो चुकी हैं और अपने बयान दर्ज करा चुकी हैं। इसके बाद पीठ ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत ने उन्हें जांच में सहयोग जारी रखने का निर्देश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले साल पांच दिसंबर को राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## अफगानिस्तान पर हवाई हमले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन

नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



● **भारत ने संयुक्त राष्ट्र में की पाकिस्तान के हमलों की निंदा**

भारत ने अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए हवाई हमलों की संयुक्त राष्ट्र में कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार संघर्षों के बीच भारत ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का घोर उल्लंघन करार दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने महासचिव की रिपोर्ट में उजागर की गई उन चिंताओं का उल्लेख किया, जो सीमा पार हिंसा के कारण हताहत होने वाले नागरिकों से जुड़ी हैं। हरीश ने कहा, महासचिव की रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा के कारण नागरिकों के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। हम महासचिव के उस आह्वान का समर्थन करते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के क्षेत्र पर हुए हवाई हमलों की भारत कड़ी निंदा करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई। हरीश ने गंभीर चिंता जताते हुए व्यापार के लिए रास्ता रोकने और चारों तरफ जमीन से घिरे देश की पहुंच को जानबूझकर बंद कर व्यापार और पारगमन आतंकवाद के अभ्यास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयों के सामने भू-आबद्ध विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणाएं खोखली लगती हैं। इन देशों की व्यापारिक और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## ममता बनर्जी ने खत्म किया धरना

● **सुप्रीम कोर्ट के मतदाता सूची पर अपीलीय अधिकरण बनाने के आदेश का स्वागत**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दोषपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ अपना धरना पांचवें दिन समाप्त कर दिया। कहा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा मतदाता सूची में संशोधन के संबंध में अपीलीय अधिकरण गठित करने के आदेश के बाद विरोध को अस्थाई रूप से स्थगित किया जा रहा है।

धरना ऐसे दिन खत्म हुआ, जब निर्वाचन आयोग की टीम ने राज्य में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए अपना दो दिवसीय दौरा समाप्त किया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपीलीय अधिकरण के गठन के कदम का स्वागत करते हुए ममता ने कहा कि वह दरवाजा अब खुल गया है जिसे निर्वाचन आयोग ने बंद किया था। उन लोगों के लिए आशा की एक नई किरण जगी है, जिनके नाम एसआईआर के तहत 'तार्किक विसंगति' के कारण हटा दिए गए थे या विचाराधीन थे।

## कोविड टीकाकरण दुष्प्रभाव के लिए मुआवजा नीति बनाए केंद्र

● **सुप्रीम कोर्ट ने कहा- साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। कहा, इसी तरह दोष निर्धारण के बैगर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

### पासपोर्ट कार्यालयों, डाकघरों को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल के बाद राजस्थान के कई शहरों में पासपोर्ट कार्यालयों, पासपोर्ट सेवा केंद्रों और डाकघरों की मंगलवार को गहन जांच की गई। पासपोर्ट कार्यालय के अधिकारियों की ओर से पुलिस को सूचना के बाद प्रोटोकॉल के अनुसार जांच की गई। जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और पासपोर्ट सेवा केंद्र, डाकघर परिसर में संचालित पासपोर्ट कार्यालयों व सेवा केंद्रों को खाली कराया गया और जांच की गई। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## चीन ने विकसित किया मॉलिक्यूलर ब्रिज ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता

● **शरीर में कैंसर की छिपी हुई कोशिकाओं को भी नष्ट करने में होगा सक्षम**

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा 'मॉलिक्यूलर ब्रिज' (आणविक सेतु) बनाया है, जो कैंसर कोशिकाओं के छिपने की स्थिति में भी उन्हें नष्ट करने में सक्षम है।

प्रतिष्ठित जर्नल 'सेल' के नवीनतम अंक में प्रकाशित यह शोध भविष्य में कैंसर उपचार की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। चीनी विज्ञान अकादमी के इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोसेस इंजीनियरिंग की शोध टीम ने पारंपरिक 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में सुधार करते हुए नया 'हेल्पर मॉलिक्यूल' विकसित किया है, जिसे 'फेस' नाम दिया गया है। सामान्यतः 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में मरीज की टी-कोशिकाओं (इम्यून सेल्स) को लैब में संशोधित कर कैंसर से लड़ने के लिए तैयार किया जाता है। हालांकि, कई मामलों में कैंसर कोशिकाएं अपनी सतह से उन निशानों (मार्करों) को हटा देती हैं जिन्हें टी-कोशिकाएं पहचानती हैं। इससे कैंसर कोशिकाएं अदृश्य हो जाती हैं।

## ऑस्ट्रेलिया : बिजली की खपत कम करने के लिए प्रकाश की गति वाला एआई चिप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने एक अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट एआई चिप तैयार की है, जो प्रकाश की शक्ति का उपयोग कर प्रकाश की गति से गणना करने में सक्षम है। यह तकनीक एआई कंप्यूटिंग में होने वाली भारी बिजली की खपत को काफी हद तक कम कर सकती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के सिडनी नैनो हब में विकसित यह प्रोटोटाइप पारंपरिक कंप्यूटर चिप्स में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनों के बजाय फोटोन का उपयोग करता है। विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पारंपरिक चिप्स बिजली पर निर्भर होते हैं, जबकि यह नई तकनीक प्रकाश पर आधारित है।

## मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमोल पालेकर को



**नई दिल्ली।** जाने-माने वरिष्ठ अभिनेता अमोल पालेकर को यहां 'महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स' के 21वें संस्करण में 'मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार भारतीय रंगमंच और सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाएगा।

पुरस्कार के आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। मेटा (महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स) द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा गया है, कई दशकों के करियर में, पालेकर को उनकी खास कलात्मक आवाज, रंगमंच और स्क्रीन पर कहानी को अलग अंदाज में कहने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। एक अभिनेता, निदेशक और रचनात्मक दूरदृष्टा के तौर पर उनके काम ने आज के भारतीय मनोरंजन परिवेश पर गहरी छाप छोड़ी है। अपने 'साधारण युवक' वाले किरदार के लिए जाने जाने वाले पालेकर 1970 के दशक में 'छोटी सी बात', 'चितचोर', 'बातों बातों में' और 'गोलमाल' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला** – आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृष** – आज नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में सीनियर आपको प्रोत्साहित करते रहेंगे। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास न करें। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**धनु** – आज सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। पुराना कर्ज उतार सकते हैं। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से सलाह लेंगे।

**मकर** – आज घरेलू खर्च बढ़ने के योग बन रहे हैं। अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**सिंह** – आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए बहुत अच्छा है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।


**कुंभ** – आज नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कन्या** – आज आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं।

**मीन** – आज का दिन नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। छात्रों को नया सीखने को मिलेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 12 मार्च 04 .19 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- ज्येष्ठा 22.00 तक तत्पश्चात मूल।

### सुडोकू - 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

### सुडोकू -85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

**नई सरकार की तैयारी** — आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना जारी, देर रात तक पूरी होने की उम्मीद

# आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा किया पार

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं। इसके अलावा सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना अभी जारी है और इसके मंगलवार देर रात तक समाप्त होने की उम्मीद है। पीआर प्रणाली के तहत अब तक आरएसपी को 49,74,957 वोट मिले हैं। नेपाली कांग्रेस को 16,85,722, सीपीएन-यूएमएल को 14,02,157, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 7,63,633, श्रम संस्कृति पार्टी को 3,50,809 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,23,744 वोट मिले हैं।

रुझानों के आधार पर आरएसपी को आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत 50 और सीट मिलने की संभावना है। ऐसे में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी सीटें 175 तक पहुंच सकती है और पार्टी संविधान के तहत बहुमत की सरकार बनाने के योग्य होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत अंतिम परिणाम घोषित करने और उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से सीट आवंटित करने में अभी कुछ और दिन लगेंगे।

### विकास केंद्रित कूटनीति से भारत से संबंधों की उम्मीद: लामिछाने

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें विकास केंद्रित कूटनीति के माध्यम से भारत-नेपाल संबंधों के मजबूत होने की आशा है। लामिछाने ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आरएसपी और हमारी सरकार आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी, जिसमें आरएसपी 'विकास केंद्रित कूटनीति' को प्राथमिकता देगी। कहा, हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी की आशा करते हैं जो संपर्क, सांस्कृतिक पर्यटन, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग के जरिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचे और दोनों देशों के लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करे।

## एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'समाज की खोजः भारत और उससे आगे' के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है।



मुझे अच्छा लग रहा है। टीम इंडिया जीत गई है। मंगलवार को पटना लौटने पर इशान ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी बेहतर खेलते रहेंगे और जीतेंगे भी। मेरा मानना है कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। मैं हमेशा युवाओं को बढ़ावा देने की कोशिश करता हूं। –इशान किशन


# स्टेडियम

हल्द्वानी, बुधवार, 11 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


हाईलाइट

### गुजरात टाइटन्स ने मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**अहमदाबाद, एजेंसी :** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है।



फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतर्राष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं।

### अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, एजेंसी :** भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर आक्रामक और अनुचित तरीके से ' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के



अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने मंगलवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

### मैनचेस्टर सिटी-लिवरपूल आमने-सामने होंगे

**लंदन, एजेंसी :** मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा।

## विश्व कप फुटबॉल स्थगित करना आसान नहीं: शिर्गी

**डलास, एजेंसी**

फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रसारण केंद्र में कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा कि अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है। उन्होंने कहा कि हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही। विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।

## सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया। सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय) क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। उन्हें बीच में अभिषेक शर्मा के अस्वस्थ होने के कारण एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। सुपर आठ



● टूर्नामेंट में संजू ने भारत के नौ में से पांच मैच ही खेले

में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार के बाद भारत ने अपने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज सैमसन को मौका दिया और केरल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ मैच खेले जिनमें से सैमसन पांच मैच ही खेल पाए थे। जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार हासिल किया था उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई

## पुरस्कार की राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ व सहयोगी स्टाफ को मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की।यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विशेष बोनस के रूप में 131 करोड़ रुपये की भारी-भरकम पुरस्कार राशि घोषित की है। यह राशि आईसीसी की ओर से प्रदत्त लगभग 27.48 करोड़ रुपये (30 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि के अतिरिक्त है।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपये से छह करोड़ रुपये अधिक है।

सूत्रों के अनुसार15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपये मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपये सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा कि बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है । भारत ने रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की थी। वह टी20 विश्व कप में खिताब का सफल बचाव करने वाली पहली टीम है। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता। यह कारनामा करने वाली वह पहली टीम बन गई जिससे खेल के इस छोटे प्रारूप में उसके दबदबे का भी पता चलता है। भारत ने खिताब तो अपने नाम किया ही, साथ ही रिकॉर्ड बुक में दर्ज कई रिकॉर्ड तोड़कर उन्हें अपने नाम किये। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, भारत और श्रीलंका में आयोजित एक महीने लंबे इस टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन देखने को मिले। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में 106 छक्के लगाकर किसी एक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 100 से अधिक छक्के लगाने वाली पहली टीम बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।



टी-20 विजेता भारतीय टीम की बल्ले-बल्ले। जीत के साथ साथ खिलाड़ियों के चेहरे पर झलक रही ईनाम पाने की खुशी। ● एजेंसी

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी

**वेलिंगटन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी है, जो ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए देश का दौरा कर रही थीं। ऑस्ट्रेलिया में ईरानी समूहों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑस्ट्रेलिया की सरकार से उन महिलाओं की मदद करने का आग्रह किया था, जो सार्वजनिक रूप से शरण नहीं मांग पा रही हैं।

टीम की खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती मैच से पहले ईरान का राष्ट्रगान नहीं गाया था जिसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थी और इसे मीडिया में भी काफी कवरेज मिली थी। स्थानीय समयानुसार मंगलवार तड़के ऑस्ट्रेलिया के संघीय पुलिस ने शरण के लिए आवेदन करने वाली पांच महिलाओं को उनके होटल से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बर्क ने कहा कि मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि प्रत्येक महिला के लिए यह फैसला करना कितना मुश्किल रहा होगा लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था। बर्क ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय महिलाओं के मुस्कुराते और ताली बजाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। उन्होंने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में एक नया जीवन शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। ईरान युद्ध शुरू होने से ठीक पहले पिछले महीने एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए ईरानी टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी। उसकी टीम टूर्नामेंट से जल्द बाहर हो गई थी।



ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वालीं ईरान की पांच फुटबॉलर। एजेंसी

## एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा : सूर्यकुमार

**मुंबई, एजेंसी**

**भारत** को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के दो दिन बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह देश को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता। यह रिकॉर्ड तीसरा अवसर है जबकि भारत ने यह खिताब अपने नाम किया। वह अपने खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम भी बन गई है।

अहमदाबाद से लौटने के तुरंत बाद सूर्यकुमार ने अपने आवास पर पीटीआई वीडियो से कहा कि 2024 और अब 2026 में ट्रॉफी जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत ही खास अहसास है। जब हमने 2024 में जीत हासिल की थी, तब हमने सोचा था कि 2026 में अपने घरेलू मैदान पर इसे दोहराना कितना खास होगा। उन्होंने कहा कि हमारा अगला लक्ष्य 2028 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। टीम अच्छी लय में है। अगर भारत उसी साल (2028 में) टी20 विश्व कप जीत जाता है, तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

रोहित और धोनी जैसे दिग्गजों से अपनी तुलना किए जाने पर सूर्यकुमार ने कहा कि उस एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा है। मैं धीरे-धीरे इसे महसूस कर रहा हूं। इतने महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम आना बहुत ही खास अहसास है। मैं भविष्य में भी ऐसा करने की कोशिश करूंगा और भारत को और अधिक ट्रॉफियां दिलाने में मदद करना चाहूंगा। रोहित



उस समय कप्तान थे जब भारत ने जून 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में वनडे विश्व कप जीता था।

कपिल देव की कप्तानी में भारतीय टीम ने 1983 में वनडे विश्व कप जीता था, जो देश के लिए पहला बड़ा खिताब था। सूर्यकुमार ने खुलासा किया कि उन्होंने टी20 विश्व कप से पहले धोनी से बात की थी। भारतीय कप्तान ने कहा, ''मैंने टूर्नामेंट से पहले उनसे (धोनी) मुलाकात की थी और उन्होंने मुझे आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने का तरीका बताया था। उन्होंने कहा था कि हमारी टीम अच्छी है, हमें बस हिम्मत रखनी होगी और हम निश्चित रूप से जीतेंगे। जीत के बाद उनकी प्रतिक्रिया शानदार थी। पूरा भारत इस उपलब्धि का जश्न मना रहा है। भारतीय टीम ने भी रविवार की पूरी रात को जश्न मनाया।

सूर्यकुमार ने कहा कि विश्व चैंपियन बनने के बाद उस रात हमने जो जश्न मनाया काश उसे मैं सबके साथ साझा कर पाता। हमने बहुत अच्छा समय बिताया और हम सुबह आठ बजे तक जागते रहे। सूर्यकुमार को अब 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का इंतजार है।

### आईसीसी की बैठक रद्द हुई

**दुबई, एजेंसी :** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण इस महीने के अंत में दोहा में होने वाली आईसीसी बोर्ड और कमेटी की बैठकों को रद्द कर दिया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार फ़ाइनेंस कमेटी से जुड़ी कुछ विशेष बैठकें अगले कुछ सप्ताह में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। अप्रैल में आमने-सामने बैठकों की संभावना अभी भी खुली है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या हवाई क्षेत्र इतना खुल गया है कि बोर्ड और कमेटी सदस्य सुरक्षित रूप से उड़ान भर सकें। ये बैठकें मूल रूप से 25 से 27 मार्च के बीच तय थीं और इनमें आईसीसी बोर्ड डायरेक्टर्स, चीफ एग्जीक्यूटिव्स, कमेटी सदस्य और आईसीसी के सीनियर लीडरशिप के शामिल होने की योजना थी। चर्चा के लिए तीन मुख्य मुद्दे थे- ग्लोबल ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, क्योंकि आईसीसी और जियोस्टार के बीच मौजूदा समझौता 2027 में खत्म होने वाला है, अगला एफटीपी और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफ़िकेशन। इनमें से दूसरे मुद्दे पर अनौपचारिक बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है, जहां कई सदस्य क्रिकेट के अगले चार साल के कैलेंडर की योजना बनाने के लिए आपस में पहले से चर्चा कर रहे हैं।

### वेस्टइंडीज दौरे के लिए सोफी मोलिनेक्स की टीम में वापसी

**मेलबर्न, एजेंसी:** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए अपनी महिला टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें ऑलराउंडर सोफी मोलिनेक्स की चोट के बाद वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19 मार्च से शुरू होने वाले इस दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। यह सीरीज आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की तैयारी का हिस्सा है। अनकैप्ड बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को भी पहली बार टीम में जगह मिली है, जबकि लूसी हैमिल्टन और निकोल कैरी ने भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी जगह बरकरार रखी है।

टीम : सोफी मोलिनेक्स (कप्तान), एश्ले गार्डनर (उपकप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल कैरी, किम गर्थ, लूसी हैमिल्टन, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम, ताहलिया विल्सन।

## रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा भावुक पोस्ट, पिता को किया याद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद अपने दिवंगत पिता खानचंद सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से भावुक श्रद्धांजलि दी है।

रिंकू के पिताजी का शुक्रवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चौथे चरण के कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था। बाद में उनका अंतिम संस्कार अलीगढ़ में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम विदाई दी। रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह अपने पिता से बात किए बिना कभी इतने दिन नहीं रहे और उनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पिता ने उन्हें सिखाया था कि कर्तव्य सबसे पहले होता है, इसलिए मैदान पर वह हमेशा उनके सपने को पूरा करने की कोशिश करते रहे। रिंकू ने लिखा कि आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले। मुझे नहीं पता आगे कि ज़िंदगी आपके बिना कैसे चलेगी, पर मुझे हर कदम पर आपकी ज़रूरत पड़ेगी। आपने सिखाया था कि फ़र्ज़ सबसे आगे है, तो मैदान पर बस आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था। अब आपका सपना पूरा हो गया है तो बस यही लगता है कि काश आप मेरे पास होते। हर छोटी बड़ी ख़ुशी में आपकी कमी खलेगी। बहुत याद करूंगा आपको पापा, बहुत ज़्यादा। टी20 विश्व कप 2026 के दौरान पिता जी की तबीयत बिगड़ने पर रिंकू टीम से अलग होकर कुछ समय के लिए घर लौटे थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़ गए। टूर्नामेंट में उन्हें सीमित मौके मिले और उन्होंने पांच पारियों में 24 रन बनाए। इस साल अब तक खेले गए 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में रिंकू ने आठ पारियों में 115 रन बनाए हैं।



पिता के साथ रिंकू सिंह। (फाइल फोटो)

तैयारी

चोट और थकान से उबरने के बाद रणनीति पर फिर से कर रहे विचार

## लक्ष्य सेन का ध्यान अब बड़े टूर्नामेंटों पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में मिली शिकस्त से थोड़े निराश भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने स्वीकार किया है कि आधुनिक पुरुष एकल मुकाबलों की बढ़ती शारीरिक मांगों के कारण उन्हें अपनी रिकवरी (चोट और थकान से उबरने की प्रक्रिया) और तैयारी की रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। लक्ष्य दूसरी बार ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे।

उन्होंने बर्मिंघम में शारीरिक तौर पर थका देने वाले सप्ताह के दौरान कई कड़े और अधिक समय वाले मुकाबले खेले। उन्हें फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से हार का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के इस 24 साल के खिलाड़ी ने कहा कि कुल मिलाकर यह सप्ताह अच्छा लेकिन भावनात्मक रहा। दूसरी बार फाइनल में पहुंचकर भी खिताब नहीं जीत पाना मैच के बाद थोड़ा निराशाजनक लगता है। पूरे टूर्नामेंट को देखें तो कुछ अच्छी जीत मिलीं, अच्छा अभियान रहा और जिस तरह मैंने मैच खेले, उससे आने वाले टूर्नामेंटों के लिए उम्मीदें बनी हैं।

लक्ष्य ने इस सप्ताह कोर्ट पर पांच घंटे से अधिक समय बिताया। इसमें एक बेहद कठिन सेमीफाइनल भी शामिल था। इस मुकाबले में उन्हें गंभीर ऐंठन से जूझना पड़ा। इसके बाद फाइनल में उन्हें करीबी हार का सामना करना पड़ा। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि मैच और टूर्नामेंट अब बहुत ज्यादा शारीरिक हो गए हैं और उम्र के साथ भी फर्क पड़ता है। मेरा मतलब है कि अब मैं 20 साल का नहीं रहा कि उतनी तेजी से रिकवर कर सकूं। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि मेरी उम्र काफी बढ़ गयी है, लेकिन तैयारी, अगले मैचों के लिए रिकवरी और खासकर डाइट (आहार) को लेकर बदलाव करने पड़ते हैं। जब मैं 21-22 साल का था तो जो भी खाता था, उससे वजन नहीं बढ़ता था। इस सत्र में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप को प्रमुख आयोजन बताते हुए लक्ष्य ने कहा कि अब वह अपनी टीम के साथ मिलकर ऑल इंग्लैंड अभियान का विश्लेषण करेंगे। उन्होंने कहा कि ये दोनों इस साल के बड़े टूर्नामेंट हैं जिनमें मैं खेलूंगा। मैं अपनी टीम के साथ बैठकर विस्तार से विश्लेषण करूंगा कि ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट कैसा रहा और पिछले कुछ महीनों में अभ्यास कार्यक्रम कैसा रहा। लक्ष्य ने कहा कि इसके बाद कोर्ट पर खास तौर पर अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा और पूरे सत्र में फिट रहने पर ध्यान दूंगा क्योंकि आगे कई बड़े टूर्नामेंट हैं।



एक मैच में शटल को रिटर्न करते लक्ष्य सेन। ● एजेंसी

### वनडे सीरीज में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे लिटन दास

**ढाका, एजेंसी :** बंगलादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला में लिटन दास पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लिटन ने 2019 क्रिकेट विश्व कप के बाद से वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है। सिमंस को उम्मीद है कि मध्यक्रम में उतरने से वह 50 ओवर के प्रारूप में अपनी खोई हुई लय वापस पा सकेंगे।



लिटन पिछली आठ वनडे पारियों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके हैं। सिमंस का मानना है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव से टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी, जो लंबे समय से कमजोर कड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपिंग करने के बाद सीधे पारी की शुरुआत करना मुश्किल होता है।